जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



Mughal Art We Can't See

Babur's languages were Turki, in which he wrote his memoirs. His reign lasted four years, during that time, he constructed buildings and laid out gardens in the Iranian style. None have survived

Saluting the Hands That Build the Nation

# मंगलवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत प्र.मंत्री मोदी से मिले थे

## इस मीटिंग का ही नतीजा माना जा रहा है, ''जातिगत जनगणना'' (कास्ट सैंसस) पर सरकार का निर्णय

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। एलओसी के उस पार बम गिराने के बजाय, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जातिगत जनगणना की घोषणा करके एक दूसरा विस्फोट कर दिया है। राहुल गांधी बार-बार इसकी माँग कर रहे थे तता अपने इस एजेंडा पर बड़े परिश्रम, निष्ठा एवं नियमितता के साथ जोर देते आ रहे थे।

संसद में बोलते हुये, राहुल गांधी ने कहा था कि जातिगत जनगणना की घोषणा करने के लिये नरेन्द्र मोदी की सरकार को बाध्य करेंगे।

यह स्पष्ट नहीं है कि मोदी एंड कम्पनी का यह हृदय -परिवर्तन क्यों और कैसे हुआ, क्योंकि भाजपा और सरकार जातिगत जनगणना का निरंतर विरोध करती आ रही थी, क्योंकि इससे हिन्दू -मुस्लिमों को बाँटने वाला उनका एजेंडा कमजोर होता है।

कल आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की थी, तथा जातिगत जनगणना के इस निर्णय को इन दोनों की कल की मीटिंग के नतीजे के रुप में देखा जा रहा है।

पिछले वर्ष केरल में हुई कार्यकारिणी की तीन दिन की मीटिंग के

- जैसा कि विदित ही है, गत वर्ष, केरल में हुई आरएसएस कार्यकारिणी की बैठक में, अधिकृत रूप से निर्णय लिया गया था कि संघ, ''जातिगत जनगणना'' के पक्ष में रहेगा।
- राहुल गांधी ने जाति ''जनगणना'' के पक्ष में सरकार का मन बदलवाने का श्रेय न लेकर कहा कि ''जातिगत जनगणना'' की प्रक्रिया का मॉडल तेलंगाना का मॉडल हो, न कि ''जातिगत जनगणना'' का बिहार मॉडल, जिससे सही सवाल, सही तरीके से पूछे जायेंगे तथा जातिगत गणना का पूरा लाभ मिलेगा जनता को।
- राहुल गांधी ने यह भी कहा कि आरक्षण की पचास प्रतिशत की सीमा भी हटायी जाए ताकि ओबीसी, दलित, आदिवासी आदि की प्रगति बाधित न हो।
- राहुल गांधी ने कहा, प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं में भी 15 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान अनिवार्य रूप से लागू हो। हालांकि, इसे संवैधानिक अधिकार माना गया है, पर, उसका क्रियान्वयन नहीं हुआ है।
- राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उन्हें इस बारे में कोई रुचि नहीं है कि जातिगत जनगणना का निर्णय अचानक क्यों लिया गया है, पर, केवल यह खुशी है कि यह निर्णय लिया गया है।

बाद, आरएसएस ने यह 'ऑन रिकॉर्ड' कहा था कि वह जातिगत जनगणना के पक्ष में है।

जो भी हो, इस निर्णय का समय अपने आप में बड़ा रुचिकर है। यह एक ऐसा समय है, जब पूरा देश सरकार से यह अपेक्षा कर रहा है कि सरकार पहलगाम में हुई निर्दोष नागरिकों की हत्या की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान के खिलाफ कोई कड़ी कार्यवाही करेगी।

राहुल गांधी ने बिल्कुल साफ शब्दों में प्रधानमंत्री से कहा है कि वे पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें, बिल्कुल भी हिचकिचायें नहीं। राहुल ने कहा कि जिन लोगों ने यह जघन्य अपराध किया है, उन्हें इसका भरपूर जवाब देना ही होगा, क्योंकि भारतवासी इसे बर्दाश्त नही करेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है तथा नरेन्द्र मोदी को अपना पूरा समर्थन दे रहा है, इसलिये मोदी और उनकी सरकार को निर्णायक कार्यवाही करनी ही चाहिये।

पहलगाम हमले के एक सप्ताह बाद, राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी को बड़े प्रभावी तरीके से घेरते हुये, उनसे कार्यवाही, बल्कि ऐसी कार्यवाही करने के लिये कहा है जिससे अपराधियों और इस अपराध के षयंत्रकर्ताओं को ऐसा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात कराने की मंजूरी

जयपुर, 30 अप्रैल। राजस्थान ने अविवाहित दुष्कर्म पीड़िता के 20 सप्ताह के भ्रूण का गर्भपात करवाने की मंजूरी दी है। अदालत ने एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक को निर्देश दिया है कि वे तीन दिन में महिला चिकित्सालय या जनाना अस्पताल में पीड़िता का गर्भपात जरूरी मापदंडों की पालना करवाते हुए सुरक्षित तौर पर कराएं। वहीं, भ्रूण को भविष्य में डीएनए जांच के लिए सुरक्षित रखा जाए। जस्टिस शुभा मेहता ने यह आदेश पीड़िता की मां की याचिका को मंजूर करते हुए दिए।

- अदालत ने एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक को तीन दिन में महिला चिकित्सालय या जनाना अस्पताल में सुरक्षित तौर पर गर्भपात करवाने के निर्देश दिये।

याचिका में अधिवक्ता नगमा बानो ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे पीड़िता गर्भवती हो गई। आरोपी ने पीड़िता से शादी करने से मना कर दिया। इस पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया। याचिका में कहा गया कि उसकी बेटी वयस्क है और वह दुष्कर्म के कारण गर्भवती हुई है, जिससे उसे मानसिक व शारीरिक आघात लगा है। वह गर्भ को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका की जीडीपी 0.3 प्रतिशत घटी, जबकि, 1 प्रतिशत बढ़ने की आशा थी

## ट्रम्प ने इकोनॉमिक गतिविधि में इस कमी को पुराने राष्ट्रपति बाइडन की गलत नीतियों का परिणाम बता कर पीछा छुड़ाया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। ट्रंप का टैरिफ वॉर उब उलटा पड़ रहा है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 2020 के बाद पहली बार गतिविधि घटी है। जानकार पर्यवेक्षकों और अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह वर्तमान प्रशासन द्वारा लगाए गए व्यापक टैरिफ और उससे पैदा हुई अनिश्चितता का असर है।

तथापि, राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में आई गिरावट का उनके टैरिफ कार्यक्रमों से कोई लेना -देना नहीं है। यह केवल ''बाइडन प्रभाव'' से मुक्त होने की प्रक्रिया है।

नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी अर्थव्यवस्था में (-) 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि अधिकांश अर्थशास्त्रियों ने लगभग 1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। यद्यपि यह गिरावट बहुत बड़ी नहीं है, फिर भी यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है और मंदी के संकेत दे रही है।

अर्थव्यवस्था में यह गिरावट बहुत

- पर, सच यह है कि जीडीपी की गिरावट से ट्रम्प प्रशासन स्तब्ध है तथा राष्ट्रपति ट्रम्प ने कैबिनेट मीटिंग बुलाई है। अमेरिका की जीडीपी घटने के इस घटनाक्रम पर मंथन करने के लिए।
- डॉओ जोन्स इन्डैक्स, जो अमेरिका की आर्थिक स्थिति को परिलक्षित करता है, में 1 % की गिरावट आई है।
- एसएण्डपी इन्डैक्स के अनुसार, भी गिरावट 1.5% है।
- नैसडैक, जो अधिकतर टैक्नोलॉजीकल कम्पनियों की स्थिति दर्शाता है, में 2.2 की गिरावट आई है।
- इसलिए, अब राष्ट्रपति ट्रम्प को समझाना पड़ रहा है कि यह गिरावट टैरिफ में छेड़छाड़ से नहीं, बल्कि पूर्व राष्ट्रपति बाइडन की गलत नीतियों के कारण हुई है।

छोटी है, लेकिन इसकी प्रारंभिक रिपोर्टों से प्रशासन में घबराहट फैल गई है। डॉनल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पर इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी है और इसके लिए पिछले प्रशासन की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है।

ट्रंप ने कहा है कि जी.डी.पी. में आई गिरावट बाइडन प्रशासन की नीतिगत खामियों का परिणाम है और जी.डी.पी. फिर से बढ़ना शुरु होगी। उन्होने अमेरिकियों से धैर्य रखने और अच्छे दिनों की प्रतीक्षा करने की अपील की है।

ट्रंप ने विश्वास व्यक्त किया है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था में ''बूम''

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस ''डैमेज कंट्रोल'' की मुद्रा में आई ट्वीट्स के मसले पर

## महासचिव वेणुगोपाल ने चेतावनी दी, पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को, पार्टी के अधिकृत वक्तव्य तक ही सीमित रखें, अपनी प्रतिक्रिया को

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। कांग्रेस के अधिकृत हैंडल से 'एक्स' पर डाली गईं कुछ पार्टी नेताओं की टिप्पणियों तथा सोशल मीडिया पोस्टों की जब भाजपा तथा कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा कड़ी आलोचना की गई तो कांग्रेस बुधवार को डैमेज कन्ट्रोल में जुट गई।

पार्टी ने अपने नेताओं तथा सोशल मीडिया विभागों से कह दिया है कि वे सार्वजनिक बयानों और पोस्टों में अनुशासनपूर्ण रहें'' तथा स्वयं को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पारित

- वेणुगोपाल ने यह चेतावनी दी है कि अगर पार्टी के नेताओं ने इस नीति निर्देश का उल्लंघन किया तो अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।
- कांग्रेस के प्रवक्ता व नेताओं के पहलगाम की घटना के बाद कई विषैले कमैन्ट्स आ रहे थे, जिसके कारण पार्टी को सोशल मीडिया आदि पर काफी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

प्रस्ताव में ''सी डब्ल्यू सी द्वारा घोषित अधिकृत रुख तक ही सीमित रखें।''

कुछ कांग्रेस नेताओं ने पार्टी द्वारा जारी मुँह बंद रखने के आदेश, जिसमें मीडिया में बयान जारी करने से बचने को कहा गया है, पर ध्यान देने से इनकार कर दिया है।

कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा मंगलवार रात को जारी किये गये सर्कुलर में कहा गया है, ''पार्टी की ओर से बोलने के लिये अधिकृत किये गये लोग सी डब्ल्यू सी द्वारा घोषित स्थिति तक सीमित रहें। इस निर्देश का किसी प्रकार का उल्लंघन निरपवाद रुप से कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही आमंत्रित करेगा।'' वेणुगोपाल ने पार्टी नेताओं से कहा कि वे सी डब्ल्यू सी के निर्णय का पूरी तरह पालन करें, अन्यथा इसे पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन माना जायेगा।

## अल्ट्रा साउण्ड ट्रेनिंग कोर्स में बाहर के एमबीबीएस से भेदभाव नहीं करें

जयपुर, 30 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने पीसीपीएनडीटी के तहत छह महीने के अल्ट्रासाउंड ट्रेनिंग कोर्स में प्रवेश के लिए प्रदेश के बाहर से एमबीबीएस करने वाले चिकित्सकों के साथ भेदभाव करने से जुड़े मामले में याचिकाकर्ता को पहले राउंड की

- हाई कोर्ट ने डॉ. सुप्रिया गुप्ता की याचिका पर काउंसलिंग में उन्हें अंतरिम तौर पर शामिल करने के निर्देश दिये।

काउंसलिंग में अंतरिम तौर पर शामिल करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश डॉ. सुप्रिया गुप्ता की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि पीसीपीएनडीटी के तहत छह महीने के अल्ट्रासाउंड ट्रेनिंग कोर्स के लिए 22 अप्रैल को नीट पीजी काउंसलिंग बोर्ड ने विज्ञापन जारी कर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पहलगाम की घटना ने पर्यटकों का बहाव उत्तराखंड व हिमाचल की ओर किया

## दोनों राज्य अब ''शांतिपूर्ण गर्मी की छुट्टियाँ'' (पीसफुल समर गैटवे'' तथा ''सेफ फैमिली हिल हॉलिडे' के मंत्र के साथ विज्ञापित कर रहे हैं

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। पहलगाम में 24 अप्रेल को हुए आतंकी हमले के बाद पर्यटन पर निर्भर पर्वतीय राज्यों, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में टूरिस्ट इन्क्वायरी और बुकिंग्स में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। घाटी में बढ़ते काउंटर-टैरर ऑपरेशंस और सरकारी एडवाइज़री के बीच, कश्मीर का ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीज़न, विशेष रूप से पहलगाम और गुलमर्ग क्षेत्र में, प्रारंभिक स्तर पर ही प्रभावित होता दिख रहा है।

इसके विपरीत, मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश, मनाली और धर्मशाला के होटल मालिकों और टूर ऑपरेटरों का कहना है कि लास्ट मिनट बुकिंग्स में 15 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। विशेषकर घरेलू पर्यटकों की तरफ से, जिन्होंने पहले कश्मीर यात्रा की योजना बनाई थी।

भीमताल के पास होमस्टे चलाने

- अप्रेल 2024 में कश्मीर के टूरिस्ट डैस्टिनेशन, जैसे, गुलमर्ग, पहलगाम व श्रीनगर 85 प्रतिशत ऑक्युपैंसी बता रहे थे, पर, 24 अप्रेल की घटना के बाद ऑक्युपैंसी में बीस प्रतिशत की कमी आ गई है।
- दूसरी ओर उत्तराखंड के लोकप्रिय हिल स्टेशन, जैसे, मसूरी, नैनिताल, ऋषिकेश की बुकिंग में अच्छा उछाल आया है तथा 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। गत वर्ष की तुलना में, विशेषकर पारिवारिक व सीनियर सिटीज़न्स की बुकिंग्स में।

वाले अरविंद नेगी ने कहा, ''पिछले दो दिनों में हमें दिल्ली और गुजरात से दर्जनों परिवारों के फोन आए हैं जो अपनी कश्मीर यात्रा की जगह अब उत्तराखंड में हॉलिडे बुक करना चाहते हैं। लोग घाटी की स्थिति को लेकर चिंतित हैं और उत्तराखंड उन्हें ज्यादा सुरक्षित लग रहा है।''

हिमाचल के टूर ऑपरेटर भी इसी प्रवृत्ति की पुष्टि कर रहे हैं। मनाली में ट्रैवल एजेंसी चलाने वाले अशोक ठाकुर ने कहा, ''हाल के वर्षों में कश्मीर को अधिक आक्रामक रूप से प्रचारित किया गया है, लेकिन ऐसे घटनाक्रम पर्यटकों का आत्मविश्वास हिला देते हैं। हर बार जब अशांति होती है, हिमाचल और उत्तराखंड को फायदा होता है।''

उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर इस पैटर्न की पुष्टि की और कहा, हम बुजुर्गों और परिवारों के वर्ग में थोड़ी बढ़ोतरी देख रहे हैं। हमारी एडवाइज़री में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लेकिन हमारी टीमें मई जून में बढ़ने वाली भीड़ की देखरेख करने के लिए तैयार हैं।

पर्यटक अपनी योजनाएँ बदल रहे हैं। गुरुग्राम के एक आर्किटैक्ट नीरज सक्सेना ने बताया, हम परिवार के साथ मई-जून में कश्मीर जाने वाले थे, पर पहलगाम हमले के बाद हमने अपनी योजना बदल दी। अब हम रानीखेत और कौसानी जाएंगे। बच्चे खुश हैं पहाड़ और नदियां मिलेंगी और हमें भी राहत हैं।

अप्रैल 2024 में कश्मीर के गुलमर्ग, पहलगाम व श्रीनगर में 85 प्रतिशत ऑक्यूपैंसी रेट थी पर इस साल पहलगाम में हमले के बाद बुकिंग्स रद्द हो गई है और ऑक्यूपैंसी रेट 20 प्रतिशत घट कर 65 प्रतिशत रह गई है। असंतोष बढ़ने और ट्रैवल एडवायज़री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सरकार ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन कर रिसर्च एंड एनालाइसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सात सदस्यों में कई शीर्ष स्तर के सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों के अलावा भारतीय पुलिस सेवा के शीर्ष अधिकारियों को शामिल किया गया है।

- रॉ के पूर्व चीफ आलोक जोशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त।

बोर्ड के नए सदस्यों में एयर मार्शल पीएम सिन्हा, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, रियर एडमिरल मोंटी खन्ना और भारतीय पुलिस सेवा दो पूर्व अधिकारी - राजीव रंजन वर्मा तथा मनमोहन सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बी वेंकटेश वर्मा को भी सात सदस्यीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है।

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ ते तनाव और देश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अगली जनगणना ''जातिगत जनगणना'' होगी, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया'

## यह सूचना देते हुए, संसदीय मामलों के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कुछ राज्यों ने ''गैर पारदर्शिता पूर्ण'' तरीके से सर्वे करा कर, समाज में भ्रांतियाँ फैलाने का काम किया है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। आगामी बिहार चुनावों के मद्देनज़र विपक्ष को मात देने की कोशिश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आगामी राष्ट्रीय जनगणना जातिगत आधार पर करवाने का फैसला किया गया है।

सरकार ने बुधवार को यह बड़ी घोषणा की कि आगामी जनगणना में जाति को भी शामिल किया जाएगा और बिल्कुल पारदर्शी तरीके से यह कवायद पूरी की जाएगी। उन्होंने विपक्ष की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल कास्ट सर्वे को राजनैतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे है।

कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल राष्ट्र स्तरीय

- वैष्णव के अनुसार, ''जातिगत गणना'' केन्द्रीय सरकार के कार्य क्षेत्र का मामला है, संविधान के अनुसार, अतः केन्द्र सरकार ने विधिवत् ''कास्ट सैंसस'' करने का निर्णय लिया है, जबकि विपक्ष इसे एक राजनीतिक हथियार के रूप में ही काम लेना चाहती थी।
- विधिवत् पारदर्शी तरीके से कराई गई ''जातिगत जनगणना'' से देश का सामाजिक व आर्थिक ढांचा मजबूत होगा। जैसे, आर्थिक आधार पर दिया जा रहा आरक्षण बिना तनाव के देवी लाल के समय में स्वीकार हो गया था।
- कांग्रेस ने अपने शासनकाल में सदा ''कास्ट सैंसस'' का विरोध किया था, कई सारे मौके आए, पर, जैसे ही प्र.मंत्री मनमोहन सिंह के शासन के समय 2010 में जनगणना का समय आया, मनमोहन सिंह की सरकार ''कास्ट सैंसस'' के मसले को टाल गई।

जातिगत जगनणना की माँग करते रहे है और इसे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाते रहे है। बिहार, तेलंगाना व कर्नाटक जैसे कुछ राज्यों ने तो जातिगत सर्वे करवाए हैं।

सन् 1931 के बाद, यह पहला जातिगत सर्वे होगा, यद्यपि कुछ राज्यों ने हाल ही में ऐसे सर्वे करवाए है। कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिक्स अफेयर्स के निर्णय की घोषणा करते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जनगणना केन्द्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती है, पर कुछ राज्य सरकारों के सर्वे के नाम पर और पारदर्शी तरीके से जनगणना कर समाज में संदेह पैदा किया है।

वैष्णव ने कहा कि आज़ादी के बाद हुई सभी जनगणनाओं में जाति शामिल नहीं थी, कांग्रेस सरकारों ने हमेशा जातिगत जनगणना का विरोध किया और पार्टी ने इस मसले का इस्तेमाल राजनैतिक हथियार के रूप में किया।

वैष्णव ने कहा कि इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि सामाजिक ढांचे में राजनीति की वजह से कोई मतभेद पैदा ना हो, केन्द्र सरकार ने जनगणना में जाति को शामिल करने का निर्णय किया है। इससे हमारे समाज का सामाजिक व आर्थिक ढांचा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हाई कोर्ट ने तलाकशुदा पुत्री को फैमिली पेंशन के आदेश दिये

जयपुर, 30 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह स्कूल व्याख्याता और उसकी पत्नी की मौत के बाद, उनकी तलाकशुदा पुत्री को इस वर्ग में तत्काल फैमिली पेंशन जारी करे। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब पेश करने करने के लिए समय दिया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश सुमन की ओर से दायर

- पुत्री तलाक के बाद 1979 से माता-पिता के साथ रह रही थी।

याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

याचिका में अधिवक्ता शिवा नागर ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के पिता स्कूल व्याख्याता के तौर पर अजमेर में कार्यरत थे। इस पद पर रहने के दौरान उनका अक्टूबर,1987 में निधन हो गया। इस पर राज्य सरकार ने याचिकाकर्ता की मां को फैमिली पेंशन जारी कर दी। वहीं, जनवरी, 2017 में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

हम यहाँ किसी विशेष कारण से हैं। इसीलिए अपने भूत का कैदी बनना छोड़िये। अपने भविष्य के निर्माता बनिए। –रोबिन शर्मा

# विश्व बैंक ने लगाई मुहर : मोदी ने भेदा गरीबी के चक्रव्यूह का मायाजाल

सीमावर्ती क्षेत्रों में भारी तनाव और युद्ध की आशंकाओं के बादल मंडराने के मध्य भारत में गरीबी के मोर्चे पर वर्ल्ड बैंक से एक अच्छी खबर आई है। देश में गरीबी तेजी से घट रही है और इससे आंकड़ों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। वर्ल्ड बैंक की इस ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने पिछले दस साल में गरीबी को कम करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह भी कहा जा सकता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दस सालाना मेहनत आखिर रंग लाई, जब विश्व बैंक ने भारत में गरीबी के मायाजाल के चक्रव्यूह को तोड़ने में सफलता हासिल करने पर अपनी मुहर लगा दी। वर्ल्ड बैंक की यह रिपोर्ट मोदी के गरीबी कम करने के दावों की पुष्टि करता है। अस्सी करोड़ गरीबों को खाद्य सहायता प्रदान करने वाले भारत की गरीबी पर लगातार हो रहे सर्वे और अध्ययन रिपोर्टों का गहनता से अवलोकन और विश्लेषण करें तो पायेंगे, अब तक देश गरीबी से मुक्त हो गया होगा। जब भी गरीबी से मुक्ति की कोई रिपोर्ट आती है तो हमारी ख़ुशी का ठिकाना नहीं रहता की हम गरीबी के अभिशाप से मुक्त हो रहे है। लगता है हमारे देश की गरीबी किसी मायाजाल से कम नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार 2011-12 में देश में अत्यधिक गरीबी 16.2 प्रतिशत थी जो 2022-23 में घटकर 2.3 प्रतिशत पर आ गई है। अत्यधिक गरीब का मतलब ऐसे लोगों से है जिनका रोजाना खर्च 2.15 डॉलर (करीब 180 रुपये) से भी कम है। यह खबर हमारे लिए सुकूनदायी कही जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान 17.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। गांवों में अत्यधिक गरीबी 18.4 प्रतिशत से घटकर 2.8 प्रतिशत रह गई है। इसी तरह शहरों में यह आंकड़ा 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत रह गया है। पाँच सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों--उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश--में 2011-12 में देश के 65 प्रतिशत अति गरीब रहते थे और 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में कुल गिरावट में दो-तिहाई का योगदान दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अब निम्न-मध्यम आय वाले देशों की श्रेणी में आ गया है। इसका मतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था पहले से बेहतर हुई है। स्वतंत्र विश्लेषक इसे किसी चमत्कार से कम नहीं आंकते है। यह पिछले दशक की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है।

**दुनिया भर में गरीबी की स्थिति आज भी बेहद चिंताजनक है। हमारे देश की बात करें तो आजादी के 78 सालों के बाद भारत में गरीब और गरीबी पर लगातार अध्ययन और खुलासा हो रहा है। पिछले एक दशक में गरीबी उन्मूलन के प्रयास जरूर सिरे चढ़े है। भारत सरकार ने हर प्रकार की गरीबी को कम करने के लक्ष्य के साथ लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है।**

गौरतलब है वर्ष 2024 में सरकारी रिपोर्ट में पिछले नौ वर्षों में भारत में करीब 25 करोड़ लोगों के गरीबी के अभिशाप से मुक्त होने का दावा किया गया था वहीं भारतीय स्टेट बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में पहली बार ऐतिहासिक रूप से गांवों में गरीबी में तेजी से कमी आई है और एक साल के भीतर यह 5 फीसदी से नीचे आ गई है। यह मुख्य रूप से सरकारी सहायता कार्यक्रमों के प्रभावों के कारण संभव हुआ है। यह भी कहा गया कि मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास पर खास ध्यान दिया है। इसका असर जमीन पर दिख रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 की बात करे तो भारत का स्थान 127 देशों में 105वां है। हालांकि पिछले सालों की तुलना में वर्ष 2024 में भारत की रैंक में सुधार हुआ है। वर्ष 2023 में भारत कुल 125 देशों में से 111वें स्थान पर था। हालांकि, सरकार ने त्रुटिपूर्ण कार्यप्रणाली का हवाला देते हुए इस सूचकांक में भारत के प्रदर्शन का विरोध किया था।

एसबीआई रिसर्च के पेपर में कहा गया है कि ग्रामीण गरीबी 2023-24 में घटकर 4.86 फीसदी हो जाएगी, जो पिछले साल 7.2 फीसदी थी। 2011-12 में यह 25.7 फीसदी थी। इस बीच शहरी क्षेत्रों में 2024 में साल-दर-साल गिरावट धीमी रही। एसबीआई रिसर्च ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में यह 4.09 फीसदी थी, जबकि पिछले साल यह 4.60 फीसदी थी। रिपोर्ट में ग्रामीण गरीबी में तेज कमी का श्रेय निम्न आय वर्ग के बीच खपत वृद्धि को दिया गया है, जिसे मजबूत सरकारी समर्थन से बल मिला है। शहरी गरीबी में भी तेजी से कमी आई है, जो अब 4.09 फीसदी होने का अनुमान है, जो 2011-12 में 13.7 फीसदी थी। रिपोर्ट में कहा कि ग्रामीण गरीबी अनुपात में तेज गिरावट महत्वपूर्ण सरकारी सहायता के साथ कंजम्पशन ठोथ का नतीजा है।

दुनिया भर में गरीबी की स्थिति आज भी बेहद चिंताजनक है। हमारे देश की बात करें तो आजादी के 78 सालों के बाद भारत में गरीब और गरीबी पर लगातार अध्ययन और खुलासा हो रहा है। पिछले एक दशक में गरीबी उन्मूलन के प्रयास जरूर सिरे चढ़े है। भारत सरकार ने हर प्रकार की गरीबी को कम करने के लक्ष्य के साथ लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाना, सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। मातृ स्वास्थ्य का समाधान करने वाले विभिन्न कार्यक्रम, उज्ज्वला योजना के माध्यम से स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन वितरण, सौभाग्य के माध्यम से बिजली कवरेज में सुधार, और स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसे परिवर्तनकारी अभियानों ने सामूहिक रूप से लोगों की रहने की स्थिति और समग्र कल्याण की स्थिति में सुधार किया है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री जन धन योजना और पीएम आवास योजना जैसे प्रमुख कार्यक्रमों ने वित्तीय समावेशन और वंचितों के लिए सुरक्षित आवास प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे बुनियादी सेवाओं तक पहुंच में आने वाली मूलभूत समस्याओं का तेजी से समाधान हो रहा है ताकि देश एक विकसित राष्ट्र यानी विकसित भारत 2047 बनने की ओर अग्रसर हो सके। सरकारी स्तर पर यदि ईमानदारी से प्रयास किये जाये और जनधन का दुरूपयोग नहीं हो तो भारत शीघ्र गरीबी के अभिशाप से मुक्त हो सकता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# क्या 'ई-लाइब्रेरी' रीडर्स को राहत प्रदान कर पाएगी...



अविनाश जोशी

किताबों के शौकीन लोगों के लिए ऑनलाइन यानी ई-लाइब्रेरी किसी तोहफे से कम नहीं है। आज के युग में डिजिटल मोड से जुड़े लर्निंग के सभी साधनों का उपयोग हमें स्पर्धा में आगे रखेगा। मोबाइल क्रांति के इस युग में ई-लाइब्रेरी के फैलाव से हम सबके लिए ई-लर्निंग में एक नई क्रांति की शुरुआत होगी...

आज के डिजिटल युग में सूचना और ज्ञान की पहुँच को आसान और सुलभ बनाना समय की आवश्यकता बन गई है। इसी दिशा में भारत सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में ई-लाइब्रेरी (ई-पुस्तकालय) की शुरुआत की गई जो रीडर्स यानी पाठकों को कहीं से भी, कभी भी किताबें पढ़ने की सुविधा प्रदान कर सकती है।

ई-लाइब्रेरी का अर्थ एक ऐसी लाइब्रेरी से है जहां पर डिजिटल रूप से सूचना और अध्ययन सामठाी एक्सेस की जाती है। इस लाइब्रेरी में इंटरनेट कनेक्शन के द्वारा कंप्यूटर या फिर एंड्राइड मोबाइल के द्वारा हम कहीं पर भी देश के किसी भी कोने में बैठकर किसी भी समय अपने अनुसार सूचना तथा अध्ययन सामठाी प्राप्त कर सकते हैं। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों या स्त्रोतों जैसे कम्प्यूटर, मोबाइल, टीवी, रेडियो आदि के माध्यम से कई प्रकार कि सूचनाएं तथा विभिन्न क्षेत्रों का ज्ञान प्राप्त करना ई-लाइब्रेरी का भाग है। ई-लाइब्रेरी में सभी स्तर के अनुसार अधिगम सामठाी उपलब्ध कराई जाती है। इसमें आप प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक तथा अनुसंधानकर्ताओं के लिए भी हर प्रकार की सामग्री उपलब्ध रहती है। ई-लाइब्रेरी अनुसंधान कार्य को अत्यंत सरल बना देती है क्योंकि इसके द्वारा समस्त प्रकार की अधिगम और अनुसंधान संबंधित सूचनाएं तथा लिखा हुआ लेख अधिगमकर्ताओं तक बहुत ही आसानी से पहुंच जाता है। ई-लाइब्रेरी द्वारा अधिगम या ज्ञान प्राप्त करने के लिए कुछ माध्यमों की आवश्यकता होती है, जैसे कंप्यूटर, मोबाइल फोन, बहु माध्यम नेटवर्किंग आदि। इन सभी की सहायता से ई-लाइब्रेरी बहुत ही सरल और आसान बन गई है। ई-लाइब्रेरी ऑनलाइन लाइब्रेरी का ही एक प्रारूप है। यह उन लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी है जिनके पास समय की कमी है। इन लोगों के पास यह सुविधा होती है कि वे ऑनलाइन किताबें पढ़ सकें। इसमें उन्हें पन्ने पलटने की भी जरूरत नहीं होती। सरकारों को ई-लाइब्रेरी की सुविधा विकसित करने के लिए काम करना चाहिए और फंडिंग के लिए आगे आना चाहिए। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों में छात्रों के लिए यह वरदान है। ई-लाइब्रेरी से आपको बाजार में आई नई किताबों के बारे में जानकारी मिल जाती है। आपके मनपसंद लेखक की कौन सी नई किताब आई, इसके बारे में आपको पता लग जाता है।

ई-लाइब्रेरी निःसंदेह एक क्रांतिकारी पहल है जो आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए समाज को ज्ञान से जोड़ने का कार्य करेगी। इससे न केवल पुस्तकों तक पहुँच आसान होगी, बल्कि ज्ञान की दुनिया में एक नया द्वार भी खुलेगा। भारत में हिंदी भाषी पाठकों की संख्या करोड़ों में है, लेकिन अब तक डिजिटल संसाधनों में हिंदी में सामठाी की उपलब्धता सीमित रही है। ई-लाइब्रेरी इस अंतर को पाटने का कार्य करेगी। अब पाठकों को प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, हरिवंश राय बच्चन, धर्मवीर भारती जैसे हिंदी साहित्यकारों की कृतियाँ डिजिटल रूप में पढ़ने को मिलेंगी। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को हिंदी माध्यम में अध्ययन सामग्री, गाइड, प्रश्न बैंक आदि भी इस लाइब्रेरी के माध्यम से उपलब्ध होंगे। भारत सरकार की नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया (NDLI) और डिजिटल भारत जैसे अभियानों के अंतर्गत भी हिंदी कंटेंट पर जोर दिया जा रहा है।

हिंदी ई-पुस्तकों की यह पहल भाषाई समानता और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे हिंदी भाषी समुदाय के पाठकों को डिजिटल युग में सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। भारत में डिजिटल इंडिया, नई शिक्षा नीति (NEP 2020), और ग्रामीण डिजिटलीकरण जैसे अभियानों के साथ ई-लाइब्रेरी का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल प्रतीत होता है। जैसे-जैसे इंटरनेट की पहुँच गाँवों तक विस्तारित हो रही है और स्मार्टफोन उपयोगकर्ता बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे डिजिटल पुस्तकालयों की उपयोगिता और माँग भी तेज़ी से बढ़ेगी। इस मुहिम को मजबूती देने हेतु सरकार और निजी संस्थाएँ मिलकर ई-लाइब्रेरी को और समृद्ध बना रही हैं- जैसे नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया (NDLI), eGranthalaya, Bharatavani जैसी पहलें यू ही लाखों डिजिटल संसाधन मुफ्त में उपलब्ध करा रही हैं। भविष्य में इन ई-लाइब्रेरी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और मशीन लर्निंग (ML) जैसी तकनीकों का प्रयोग कर पाठकों को उनके रुचि और ज़रूरत के अनुसार पुस्तकें सुझाई जा सकेंगी। इसके अलावा, स्थानीय भाषाओं में सामग्री को बढ़ावा देकर यह पहल देश की भाषाई विविधता को भी सम्मान देगी।

भारत में ई-लाइब्रेरी सिर्फ एक तकनीकी सुविधा नहीं, बल्कि यह ज्ञान के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक सशक्त पहल है, जो आने वाले समय में शिक्षा, शोध और सांस्कृतिक जागरूकता के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है।

मोबाइल ऐप की मदद से भी ई-लाइब्रेरी को और अधिक सुलभ और प्रभावशाली बनाया जा सकता है। आज के समय में स्मार्टफोन हर हाथ में है, और इसी तकनीक का लाभ उठाते हुए ई-लाइब्रेरी सेवाएँ अब मोबाइल ऐप्स के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे पाठक कहीं भी और कभी भी किताबें पढ़ सकते हैं-चाहे वे घर पर हों, यात्रा में या किसी ग्रामीण क्षेत्र में। इन मोबाइल ऐप्स में सरल यूज़र इंटरफेस, ऑफलाइन पढ़ने की सुविधा, बुकमार्किंग, नोट्स जोड़ने और भाषा चयन जैसी सुविधाएँ दी जाती हैं, जो पाठकों के अनुभव को बेहतर बनाती हैं। हिंदी भाषी उपयोगकर्ताओं के लिए भी अब कई ऐप्स में समर्पित हिंदी सेक्शन मौजूद हैं, जिससे वे अपनी पसंद की किताबें आसानी से खोज और पढ़ सकते हैं। मोबाइल ऐप्स के माध्यम से पुस्तकें न केवल अधिक लोगों तक पहुँचती हैं, बल्कि युवाओं को पढ़ने की आदत से भी जोड़ती हैं, जो आजकल मोबाइल पर अधिक समय बिताते हैं।

किसी भी समाज के बौद्धिक विकास में शैक्षिक संस्थानों और पुस्तकालयों के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लेकिन अफसोसनाक बात यही है कि समाज के विकास में पुस्तकालयों को आज समुचित स्थान नहीं मिल पा रहा है। आजादी के सत्तर साल बाद भी देश में आम जनता तक पुस्तकालयों की पहुंच नहीं बन पाई। उल्टे, हो यह रहा है कि जहां कहीं पुस्तकालय हैं, वे भी वे जर्जर हैं और बदइंतजामी के शिकार हैं। यों तो विभिन्न शैक्षिक समितियों में पुस्तकालयों की महत्ता के गुणगान किए गए हैं, लेकिन हकीकत यही है कि वह एक कोने और कमरों में सिमटा दिखाई देता है। जब भी किसी नगर का निर्माण किया जाता है तो स्कूल, अस्पताल, सामुदायिक भवन, बाजार आदि की योजना बनाई जाती है। लेकिन पुस्तकालय के लिए कोई जगह नहीं बनाई जाती। आधुनिक शहरों के वास्तुकार मॉल, फास्ट रेल, यातायात के साधन, वातानुकूलित शॉपिंग सेंटर के बारे में तो सोचते हैं, लेकिन ज्ञान-पुस्तकादि के चाहने वालों को दरकिनार कर दिया जाता है। महानगरों में तो पुस्तकालयों की स्थिति ठीक नहीं है।

**–अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक**

## सरसों खरीद का सरकारी भुगतान नहीं होने से किसान परेशान

**श्रीगंगानगर**। यहां सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के बावजूद किसानों को भुगतान में देरी का सामना करना पड़ रहा है। जिलेभर में बड़ी संख्या में किसानों ने सरकार को सरसों बेची है, लेकिन भुगतान प्रक्रिया भंडारण रसीदों की अनुपलब्धता के कारण अटकी हुई है। इससे किसान परेशान हैं और समितियों तथा खरीद केंद्रों के लगातार चक्कर काटने को मजबूर हैं। खरीद के बाद उपज वेयरहाउस में जमा करवाई जाती है, जहां से भंडारण रसीदें जारी की जाती हैं। यह रसीदें भुगतान प्रक्रिया की पहली आवश्यकता होती हैं, लेकिन श्रीगंगानगर जिले में वेयरहाउस प्रबंधन द्वारा अभी तक रसीदें संबंधित संस्थाओं को जारी नहीं की गई हैं। नतीजतन, भुगतान की प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो पा रही है। किसानों ने बताया कि उन्होंने सरसों सरकार को बेची, लेकिन भुगतान के लिए अभी तक कोई स्पष्ट समय-सीमा नहीं बताई गई है।

# एनटीए ने नीट-यूजी 2025 के प्रवेश पत्र जारी किए

**कोटा**, (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बुधवार शाम को नीट यूजी-2025 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए। नीट यूजी 2025 की ऑफिसियल वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक पर कैंडिडेट्स अपने नीट यूजी रजिस्ट्रेशन नंबर तथा पासवर्ड डालकर अपने एडमिट कार्ड को निकाल सकते है। परीक्षा 4 मई को होगी। परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश 11.00 बजे से शुरू हो जाएगा और 1.30 बजे तक चलेगा।

एलन करियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलर पारिजात मिश्रा ने बताया कि एनटीए द्वारा जारी की गई एडमिट कार्ड गाईडलाईन के अनुसार पहले परीक्षा के एडमिट कार्ड कम सेल्फ डिक्लेरेशन अंडरटेकिंग को अच्छे से कंप्लीट करें। इसमें परीक्षार्थी को फोटो (जैसा आवेदन पत्र में अपलोड किया गया) चिपकाना है। परीक्षार्थी अपना एक पोस्टकार्ड साइज फोटो एडमिट कार्ड के साथ संलग्न निर्धारित परफोर्मा में चिपका कर परीक्षा केन्द्र पर साथ लेकर आएं। इसके अतिरिक्त एक समानांतर पासपोर्ट साईज फोटो भी लेकर आएं जोकि अटेंडेंस शीट पर चिपकाने के काम आएगा। परीक्षार्थी को स्वयं के साइन परीक्षक के सामने ही करने होंगे। बाएं हाथ के अंगूठे का इम्प्रेशन घर से लगाकर लाना होगा। आधार कार्ड की ओरिजिनल अपडेटेड कॉपी लाने के बारे में पेज नंबर 3 पर उल्लेखित किया गया है।

**ओरिजनल आईडी साथ जरूर लाएं :** मिश्रा ने बताया कि परीक्षार्थी ओरिजिनल आईडी जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, वोटर कार्ड अथवा 12वीं क्लास का प्रवेश पत्र जिसमें कैंडिडेट की फोटो आ रही हो, इनमें से कोई सी भी एक आईडी साथ लानी है। फोटो कॉपी किसी भी सूरत में मान्य नहीं होगी। विद्यार्थियों को पेन भी सेंटर पर ही दिया जाएगा। पर्सनल पारदर्शी वॉटर बोतल, और यदि कोई दिव्यांग है तो उससे संबंधित प्रमाण पत्र ले जाने होंगे।

**ड्रेस कोड :** मिश्रा ने बताया कि परीक्षार्थी कोई भी लाईट कलर ड्रेस पहन सकता है। छात्र ट्राउजर्स या पेंट जिसमें कि कोई मेटल बटन नहीं हो तथा हाफ शर्ट या टी-शर्ट पहन सकते हैं। छात्राएं सलवार कुर्ता, लेगिंग, पेंट या ट्राउजर्स, टी-शर्ट व कुर्ती पहन सकती हैं।

किसी में भी मेटल के बटन नहीं होने चाहिए। पैरों में हाई हील की सैंडल जूते वर्जित हैं, नॉर्मल स्लीपर्स या सामान्य जूते पहन सकते हैं। आभूषण या मेटल की चीजें जैसे ताबिज, कड़ा पहनकर नहीं जाना है।

**इन पर रहेगा प्रतिबंध :** परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज जैसे केलकुलेटर, मोबाईल फोन, घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस ले जाना वर्जित है। एडमिट कार्ड, पोस्टकार्ड साईज फोटो हेतु निर्धारित परफोर्मा तथा ओरिजनल आईडी कार्ड के अलावा कोई कागज नहीं ले जाया जा सकता।

**परीक्षा कक्ष की स्थिति :** ओएमआर शीट पर मुख्यतयाः अपना रोल नंबर, पेपर कोड, क्वेश्चन पेपर बुकलेट नंबर तथा व्यक्तिगत विवरण को सबसे ज्यादा ध्यानपूर्वक भरें। ओवल भरते समय पेन की इंक दूसरे ओवल को ओवरलेप नहीं करे और न ही फैल करके ओएमआर को गंदा करे। कटिंग व ओवरराइटिंग, इरेजिंग भी नहीं करें। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी की गाई ।

# आखातीज पर बाल विवाह न हो, बूंदी जिला प्रशासन ने रखी पैनी नजर

**बूंदी**। जिला प्रशासन बूंदी द्वारा आखातीज (अक्षय तृतीया) के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई। ''बाल विवाह मुक्त बूंदी'' अभियान अंतर्गत बाल अधिकारिता, महिला अधिकारिता, शिक्षा विभाग, पुलिस, चाइल्ड लाइन 1098, एवं एक्शन एड-यूनिसेफ़ की संयुक्त टीमें जिले भर में सक्रिय रहीं। टीमों ने सामूहिक विवाह आयोजनों में जाकर व्यक्तिगत रूप से वर-वधुओं की आयु प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षिणक प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों की जांच की। कहीं भी विवाह योग्य आयु से कम आयु का संदेह होने पर मौके पर ही परिजनों से बातचीत कर स्थिति स्पष्ट की गई। टीमों ने आयोजकों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी देते हुए सचेत किया कि किसी भी प्रकार का उल्लंघन करने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी बताया गया कि बाल विवाह केवल एक अपराध ही नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास पर भी विपरीत प्रभाव डालता है। सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता हुकम चंद जाजोरिया ने बताया कि अभियान की तैयारियां पूर्व से ही विभाग द्वारा सुनियोजित रूप से की जा रही हैं। गाँव-गाँव जाकर नुक्कड नाटकों, पोस्टर, ऑडियो संदेशों और संवाद के ज़रिये जन-जागरूकता फैला कर आम नागरिकों से अपील की है कि बाल विवाह की जानकारी मिलने पर तत्कालचाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098पर सूचना दें। यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे निभाकर हम बच्चों को सुरक्षित और समान अवसरों वाला जीवन दे सकते हैं।



**बाल विवाह मुक्त बूंदी अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन के दल ने सामूहिक विवाह स्थलों का निरीक्षण किया।**

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने बताया कि पंचायत समिति स्तर पर जनप्रतिनिधियों, संबंधित विभागों के हितधारकों, व बाल संरक्षण समिति सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन बाल कल्याण समिति, बाल अधिकारिता व एक्शन एड-यूनिसेफ़ द्वारा किया गया था जिससे बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम में सशक्त भूमिका निभा सकें। जिसमें एचसीएम रीपा जयपुर से संदर्भ व्यक्ति आये थे।

इस अवसर पर एक्शन एड ज़िला समन्वयक ज़हीर आलम ने बताया किसाथिनोंद्वारा ठााम स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम हेतु निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि साथिनें पंचायत स्तर पर समुदाय से संवाद कर रही हैं, किशोरियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर रही हैं, और बाल विवाह के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव लाने का प्रयास कर रही हैं। साथ ही, वे ऐसे परिवारों की पहचान कर समय पर सूचना विभाग को उपलब्ध करा रही हैं, जहाँ बाल विवाह की संभावनाएँ पाई जाती हैं। संरक्षण अधिकारी गोविंद कुमार गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह मुक्त बूंदी अभियान जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता, महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस, एक्शन एड-यूनिसेफ आदि का साझा अभियान है जिसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले में किसी भी बालिका या बालक का विवाह 18/21 वर्ष की वैधानिक आयु से पूर्व न हो। इस अभियान के माध्यम से ठाामीण क्षेत्रों, पंचायत स्तर और स्कूलों में भी निरंतर जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर, आउट रीच वर्कर दीपिका वशिष्ठ, चाइल्ड हेल्पलाइन ज़िला समन्वयक राम नारायण गुर्जर, पर्यवेक्षक पिंकी राठौड़, प्रीति बंशीवाल, सुमन बैरवा, जेंडर विशेषज्ञ विनीता अठावाल, सलोनी कुमावत, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र प्रबंधक पूर्णिमा गौतम, काउंसलर सलोनी शर्मा, अक्षिता मिश्रण, प्रिया मिश्रण आदि उपस्थित रहे।

## राशिफल गुरूवार 1 मई, 2025



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, मृगशिरा नक्षत्र दिन 12:21 तक, अतिगंडयोग प्रातः 8:34 तक, विष्टि करण दिन 11:24 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-कर्क, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 2:21 तक है। भद्रा दिन 11:24 तक रहेगी। आज विनायक चतुरथी है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:30 तक, चर 10:46 से 12:24 तक, लाभ अमृत 12:24 से 3:34 तक, शुभ 5:13 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:52, सूर्यास्त 6:55

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां अभी बनी रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**मकर**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

# 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों'

## जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**जयपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली द्वारा आगामी 4 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा -2025 के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी अधिकारियों को समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बुधवार को परीक्षा के आयोजन को लेकर जयपुर के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नंबर-2 के सभागार में जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक ली एवं परीक्षा के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में समस्त केंद्र अधीक्षकों, को सफल बनने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में अधिकारियों को राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को नकल एवं पेपर लीक को रोकने के लिए संभव प्रयास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने जानकारी दी कि 4 मई, 2025 को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक (दिव्यांगजनों के लिए दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक) जयपुर जिले के 90 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन होगा जिसमें 36 हजार 24 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 6 शहर समन्वयक एवं 90 केन्द्र अधीक्षकों की नियुक्ति की गई है।




जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बुधवार को परीक्षा के आयोजन को लेकर जयपुर के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नंबर-2 के सभागार में जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक ली।

- 4 मई को जयपुर के 90 परीक्षा केंद्रों पर 36 हजार से अधिक परीक्षार्थी देंगे परीक्षा
- परीक्षा की सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

पुलिस अधिकारियों को भर्ती परीक्षा में किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनियमितता की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देते हुए परीक्षा का आयोजन पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां इस दौरान सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी एवं परीक्षा का सफल एवं सुचितापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करेंगी।

जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने जानकारी दी कि परीक्षा के आयोजन के दौरान पेपर लीक एवं नकल सहित अन्य प्रकार की विधि विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के यह हैं प्रावधान राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम-2022 (2022 का अधिनियम संख्याक 6) एवं संशोधन अधिनियम 2023 (2023 का अधि. संख्यांक-17) की धारा 10 (1) के अन्तर्गत 3 वर्ष का कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना से दंडित किया जाएगा, जुर्माना नहीं होने पर 9 माह के कारावास से दण्डित किया जाएगा। इसी तरह धारा 10 (2) के अन्तर्गत 10 वर्ष का कारावास जो आजीवन कारावास तक का हो सकेगा और जुर्माना 10 लाख रूपये जो 10 करोड़ तक का हो सकेगा से दण्डित किया जाएगा, जुर्माना नहीं देने पर 5 वर्ष का कारावास और हो सकेगा। इस प्रकार के संगीन अपराध करने पर दोषी व्यक्तियों की सम्पत्ति की कुर्की और अधिहरण भी किया जा सकेगा।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त शाहीन सी. सहित पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ.पूनिया के जयपुर आवास पहुंचे मोहन यादव और शिवराज सिंह चौहान



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के जयपुर आवास पर पहुंचकर उनसे भेंट की।

**जयपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के जयपुर आवास पर पहुंचकर पुत्र महीप और पुत्रवधु सिप्पी को सुखमय, खुशहाल, मंगलमय दांपत्य जीवन के लिये आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर सतीश पूनिया ने शॉल-साफा ओढ़ाकर मोहन यादव व शिवराज चौहान का स्वागत-सत्कार किया, उन्होंने कहा कि जयपुर स्थित निज आवास पर पधारे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मेरे मित्र डॉ. मोहन यादव से आत्मीय भेंट हुई। इस दौरान विद्यार्थी परिषद से लेकर पार्टी से जुड़े अनेक संस्मरण ताजा हो गए, डॉ. मोहन जनता के सच्चे सेवक हैं। आज निज निवास पधारकर नवयुगल महीप और शिप्पी को आशीर्वाद दिया।

डॉ. पूनिया ने शिवराज सिंह चौहान से भेंट को लेकर कहा कि, जयपुर स्थित आवास पर पधारे जनप्रिय केंद्रीय कृषि मंत्री एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भाई शिवराज सिंह चौहान के साथ काम करने का मौका मिला, उनका सानिध्य हमेशा प्रेरणा देने वाला है। आज जयपुर पधारकर शिवराज चौहान ने नवयुगल महीप एवं सिप्पी को आशीष दिया, हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।



गर्मी बढ़ी तो जुगाड़ भी बढ़ने लगे। गांधी नगर मोड़ पर रेड लाइट पर गाड़ी रोकने पर धूप और गर्मी से बचाने के लिए हरा कपड़ा लगाया गया है।

# देने थे 7.35 लाख, मांग लिए 15.57 लाख

**जयपुर।** वाणिज्यिक अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने अदालत में झूठा शपथ पत्र देने और अदालती समय खराब करने के लिए फिजूल का प्रार्थना पत्र पेश करने पर अपीलार्थी डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज पर पांच लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने शपथ पत्र पेश करने वाले एनपी जैन को नोटिस जारी की जवाब तलब किया है। अदालत ने कहा है कि हर्जाना राशि एक माह में हाईकोर्ट के पक्षकार वेलफेयर फंड में जमा कराई जाए। वहीं अदालत ने गंगानगर शुगर मिल लि. को कहा है कि वह अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के लिए स्वतंत्र है।

- कोर्ट ने लगाया 5 लाख रुपए का हर्जाना

पीठासीन अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रार्थी कंपनी ने गंगानगर शुगर मिल को 7.35 लाख रुपए का कम भुगतान दिया था। इसके बावजूद बिना किसी आधार उसने वसूली प्रार्थना पत्र पेश कर ब्याज सहित 15.57 लाख रुपए की मांग कर दी। यह प्रार्थना पत्र बीते 11 साल से लंबित है, जो ना केवल न्यायिक प्रक्रिया के घोर दुरुपयोग कर श्रेणी में आता है, बल्कि इसमें शुगर मिल का भी श्रम और धन व्यय होने के साथ ही अदालत का समय बर्बाद हुआ है।

# घर-घर पढ़ा जाए संविधान : दिया कुमारी

**जयपुर।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान पखवाड़ा के अंतर्गत आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के अंबेडकर सर्किल पर आयोजित विचार संगोष्ठी में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं आमजन को संबोधित कर अम्बेडकर जी के विचारों को आत्मसात करने और समरस, समावेशी, समानता-आधारित समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ पखवाड़ा मना कर इति श्री नहीं करनी चाहिए, बल्कि घर-घर में संविधान पढ़ना चाहिए। हर व्यक्ति को संविधान की जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, पूर्व सांसद रामकुमार वर्मा, सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित भी रहे।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से बुधवार को सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# 'अब बैंकिंग के लिए पतंजलि की भरुवा सॉल्यूशंस का सॉफ्टवेयर निभाएगा अग्रणी भूमिका'

**नई दिल्ली।** पतंजलि समूह की प्रौद्योगिकी शाखा भरुवा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने संचालित, बहुभाषी (द्विभाषी) 360 बैंकिंगसिस्टम के शुभारंभ के साथ भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की। यह अगली पीढ़ी का प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्रीय,सहकारी और छोटे वित्तीय संस्थानों को बुद्धिमान,समावेशी और अनुपालन तकनीक के साथ सशक्त बनाकर डिजिटल बैंकिंग में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। भरुवा का अत्याधुनिकप्लेटफॉर्म (बी-बैंकिंग) चार महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से बनाया गया है,जो लंबे समय से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और समावेशिता में बाधा बन रही हैं।

- भाषा, बुद्धिमत्ता और नवाचार के माध्यम से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाना है

भारत की भाषाई विविधता के साथ,अधिकांश बैंकिंग सेवाएँ अंग्रेजी तक ही सीमित हैं, का द्विभाषी समाधान बैंकों को अंग्रेजी और उनकी स्थानीय भाषा दोनों में ग्राहकों की सेवा करने की सुविधा प्रदान करता है, उदाहरण के लिए, गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी-सभी नागरिकों के लिए पहुँच और उपयोग में आसानी सुनिश्चित करता है। प्लेटफ़ॉर्म में डेटा,लेन-देन और डिजिटल इंटरैक्शन के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अत्याधुनिकऔर साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल हैं।इस बैंकिंग सिस्टम को एंड-टू-एंड बैंकिंग परिवर्तन के लिए डिज़ाइन किया गया है,सिस्टम मेंबैंकिंग, मॉड्यूल, टूल और निर्बाध संचालन और अनुपालन के लिए वर्कफ़्लो ऑटोमेशन सहित मजबूत क्षमताएँ हैं। आधिकारिक भाषा अधिनियम, 1963और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के साथ पूरी तरह से संरेखित,यह समाधान वित्तीय संस्थानों में द्विभाषी सॉफ़्टवेयर के लिए सरकारी आदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करता है। पतंजलि समूह के संस्थापक और प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने तकनीकी समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत कई भाषाओं वाला देश है,फिर भी हमारा बैंकिंग बुनियादी ढांचा मुख्य रूप से अंग्रेजी में संचालित होता है जिससे बहुसंख्यक अलग-थलग पड़ जाते हैं। भरुवा सॉल्यूशंस एक परिवर्तनकारी उत्पाद लॉन्च कर रहा है जो तकनीकी रूप से बेहतर,कार्यात्मक रूप से व्यापक और भाषाई रूप से समावेशी है,जो आधिकारिक भाषा अधिनियम1963के साथ संरेखित है।

# विधानसभा के तृतीय अधिवेशन का सत्रावसान

**जयपुर।** विधानसभा के तृतीय अधिवेशन का सोमवार को सत्रावसान किया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि इससे विधायकों को नये सिरे से प्रश्न पूछने का मौका मिलेगा। अब प्रत्येक विधायक प्रत्येक सप्ताह में एक अंत:सत्र कालीन अतारांकित प्रश्न पूछ सकता है। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर राज्य सरकार को 30 दिवस की अवधि में सीधा सदस्य को अवश्य भेजना होगा और उत्तर की एक प्रति विधानसभा को भी भेजनी होगी। देवनानी ने बताया कि इससे लोक महत्व के विषय पर विधायकगण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लोकतंत्र में आमजन की समस्याओं के निराकरण में इससे बड़ी मदद मिलती है।

# किसानों को हर हाल में दिन में बिजली उपलब्ध कराएंगे : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हर घर-हर खेत बिजली निर्बाध रूप से उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार प्रदेश के किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाने एवं औद्योगिक क्षेत्र के लिए सुचारू बिजली उपलब्ध करवाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विद्युत उत्पादन से लेकर प्रसारण एवं वितरण तंत्र का दूरदर्शिता के साथ सुदृढ़ीकरण किया जाए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पीक डिमांड अवधि में विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखा जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

- 'पीक डिमांड अवधि में निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सुनिश्चित, आमजन को नहीं हो कोई परेशानी'

शर्मा ने कहा कि बिजली उपलब्धता एवं मांग की समीक्षा करते हुए कहा कि रबी सीजन के दौरान किसानों को एवं फरवरी से अब तक की पीक डिमांड पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार ने निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने विद्युत उत्पादन की सभी यूनिट्स के संचालन को सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य की मांग को देखते हुए उत्पादन के वैकल्पिक स्त्रोत तैयार किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर हाल में किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार के अनुरोध पर पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 5 हजार मेगावाट का अतिरिक्त आवंटन किया। उन्होंने इस संबंध में जीएसएस से स्थापित किए जाने वाले विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए।

# 'शोरूम के लिए पूर्व में आवंटित छोटी दुकानों का आवंटन रद्द नहीं किया जा सकता'

**जयपुर।** राजस्थान रेरा अपीलेट अधिकरण ने एक बिल्डर की ओर से दायर की गई अपील को खारिज करते हुए कहा कि इमारत में बड़ा शोरूम खोलने के आशय से बिल्डर की ओर से पूर्व में आवंटित की गई छोटी दुकानों का आवंटन रद्द नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही अधिकरण ने कहा कि व्यवसायिक परिसर में मूल मानचित्र में प्रस्तावित छोटी दुकानों को तोड़कर एक बड़ी दुकान बनाना मूल मानचित्र के परिवर्तन की श्रेणी में आता है, जो कि बिल्डर द्वारा रैरा एक्ट के अनुसार आवंटियों की सहमति के बिना नहीं किया जा सकता है। पीठासीन अधिकारी युधिष्ठिर शर्मा एवं राजेन्द्र कुमार विजयवर्गीय ने यह आदेश विवो सिटी मॉल की ओर से दायर की गई अपील पर दिए। आवंटी मुकेश चन्द्र मित्तल के अधिवक्ता मोहित खण्डेलवाल ने बताया कि आवंटी ने साल 2018 में विवो सिटी मॉल में अपने पुत्र के लिए एक दुकान बुक करवाई थी और 90 प्रतिशत से अधिक राशि का भुगतान उस समय ही बिल्डर को कर दिया गया था। वहीं बिल्डर ने साल 2023 में अपनी मनमर्जी से बिना आवंटी की सहमति के आवंटी की दुकान का आवंटन रद्द कर दिया।

# राज्य सरकार के नदियों के जीर्णोद्धार तथा वेस्ट वाटर मैनेजमेंट के कार्य प्रशंसनीय : रासमस अबिलगार्ड

**जयपुर।** नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि डेनमार्क की अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर राज्य सरकार ब्लू-ग्रीन सोल्यूशन के कार्य कर रही है।

खर्रा बुधवार को आवासन मंडल में डेनमार्क के राजदूत रसमस और उनकी टीम के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2017 में सिटी टू सिटी कोलैबोरेशन के तहत उदयपुर और आरहस,डेनमार्क के बीच एमओयू किया गया था। यह एमओयू वर्ष 2030 तक मान्य है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस एमओयू के तहत वेस्ट वाटर को संसाधन के तौर पर उपयोग करना, एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन, नदियों के जीर्णोद्धार एवं ब्लू ग्रीन सॉल्यूशन तथा जलापूर्ति जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

आवासन मंत्री ने कहा कि प्रदेश के नवलगढ़, उदयपुर व जयपुर में सस्टेनेबल विकास के लिए राजस्थान एवं आरहस, डेनमार्क के अधिकारियों द्वारा आपसी सामंजस्य से कार्य करना इस एमओयू का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने



नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को आवासन मंडल में डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिलगार्ड और उनकी टीम के साथ बैठक की।

कहा कि राज्य सरकार एमओयू के तहत हो रहे कार्यों को प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण तरीक़े से क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने बताया की डेलावास एवं उदयपुर एसटीपी पर वेस्ट वाटर को संसाधन के तौर पर उपयोग करने के कार्य पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किए जा रहे हैं साथ ही गुमानिया नाला उदयपुर में जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन में नवलगढ़ शहर को पायलट सिटी के रूप में लिया गया है।

डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिलगार्ड ने कहा की राजस्थान में चल रहे विकास कार्य अपने आप में एक मिसाल है। उदयपुर में चल रहे नदियों के जीर्णोद्धार के कार्यों तथा डेलावास के एसटीपी में चल रहे वेस्ट वाटर मैनेजमेंट के कार्यों की उन्होंने सराहना की। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने कहा की डेनमार्क के साथ मिलकर हमे अर्बन ट्रांसपोर्ट पर काम करने की आवश्यकता है। एक दशक पहले निजी वाहनो की पंजीकरण संख्या करीब 19 लाख थी जो आज बढ़कर 38 लाख हो गई है यही वजह हैकिट्रैफिक जाम होने लगा है। हमे साथ मिलकर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करने होंगे।

इस बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक इंद्रजीत सिंह, रुडसिको के कार्यकारी निदेशक पीयूष सामरिया, मुख्य अभियंता अरुण व्यास सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रश्न पत्र लीक करने का दावा करने वाले व्यक्ति व वेबसाइट से रहें सावधान

**जयपुर।** नीट-यूजी 2025 परीक्षा के पेपर लीक के नाम पर हो रही साइबर ठगी के संबंध में एक एडवाइजरी जारी की गई है। राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड एवं राजस्थान साइबर क्राइम शाखा ने छात्रों और अभिभावकों को ऐसे धोखेबाजों से सावधान रहने की सलाह दी है जो नीट-यूजी का पेपर लीक होने का दावा करके पैसे ठगने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें स्पष्ट किया है कि इस परीक्षा की प्रक्रिया अत्यंत सुरक्षित और गोपनीय है और पेपर लीक होने की कोई संभावना नहीं है।

पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राज्य में लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में देशभर में आयोजित होने वाली नीट-यूजी, 2025 परीक्षा का पेपर लीक- प्राप्त करने की भ्रामक सूचनाओं से अभिभावकों से लाखों रुपये ठगने के तरीके टेलीग्राम एप्प व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से अपनाये जा रहे हैं।

डीजी प्रियदर्शी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए देशभर में आगामी 4 मई को नीट यूजी 2025 परीक्षा आयोजित होने जा रही है।

# निराश्रितों को आश्रय देने वालों के मनाते हैं जयंती और बलिदान दिवस : रोलसाहबसर

**जयपुर।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के अनुषांगिक संगठन श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन द्वारा 30 अप्रेल को विधानसभा के कांस्टीट्ययूशन क्लब में महाराव शेखाजी का बलिदान दिवस श्री क्षित्रय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सांसद राव राजेन्द्र सिंह, हरियाणा प्रदेश प्रभारी भाजपा सतीश पूनिया, पूर्व न्यायाधिपति आर एस राठौड़ एवं पूर्व सांसद राम कुमार वर्मा के आतिथ्य में सर्व समाज के नागरिकों की उपस्थिति में मनाया गया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि शेखावाटी के संस्थापक महाराव शेखा कुशल प्रशासक रहे हैं। उनके जीवन से स्वाभिमान, स्वतंत्रता, महिला सम्मान की प्रेरणा मिलती है।


श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर ने कहा कि हमारे महापुरुष हमारी वर्तमान समस्याओं के निराकरण के लिए पगडंडी नहीं अपितु महामार्ग बनाकर गये हैं, हमें केवल उनका अनुसरण करना है। उन्होंने कहा कि जयंतियां व बलिदान दिवस उन महापुरूषों की मनाई जाती हैं जो सबको साथ लेकर निराश्रितों को आश्रय देते हैं। शेखा जी ने आज से 600 वर्ष पूर्व जनतंत्र की स्थापना की जो हमारे लिए प्रेरणा दायी है।

- कुशल प्रशासक थे महाराव शेखा : देवनानी

राव राजेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज केवल एक जाति नहीं बल्कि वह उन लोगों का समूह है जो समाज को व्यवस्थित करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम जहां योग्यतम के अस्तित्व की बात करता है वहीं हमारी संस्कृति सर्वाधिक कमजोर के अस्तित्व की बात करती है। उन्होंने कहा कि महाराव शेखा ने 55 वर्ष की उम्र में 55 युद्ध लड़े जिनमें से एक में भी पराजित नहीं हुए। वे बोले कि धर्म चरित्र का निर्माण नहीं करता बल्कि व्यक्ति की वाणी की सत्यता ही चरित्र निर्माण करती है। हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि स्त्री के सम्मान के लिए युद्ध करने का उदाहरण महाराव शेखा जी के जीवन से मिलता है। श्री क्षित्रय युवक संघ ने एक संस्कार वान पीढ़ी को आगे बढ़ाने का काम किया है।

# पुलिस दल की जवाबी फायरिंग के बाद बदमाशों से हथियार बरामद

## बदमाशों के पास से दो पिस्टल और 15 जिंदा कारतूस मिले



पुलिस टीम की नाकाबंदी के बाद बदताशों को धर दबोचा।

■ तीन जनो पर हमले की प्लांनिग के लिए एमपी से हथिया लाये थे बदमाश

**भीलवाड़ा।** जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम पर हुई फायरिंग के बाद जवाबी फायरिंग में घायल आरोपी और उसके साथियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है।

जानकारी के अनुसार राजसमंद की कोबरा गैंग के लीडर सहित तीन लोगों पर हमले की प्लानिंग के साथ एमपी से हथियार लेकर आए बदमाशों के बीच हमीरगढ़ ईको पार्क के निकट मुखबिर की सूचना के बाद नाकाबंदी कर रही पुलिस ने जब इन बदमाशों को रोका तो हिस्ट्रीशीटर सिकंदर उर्फ लॉटरी ने तीन राउंड फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में हमीरगढ़ थाना प्रभारी संजय गुर्जर ने जवाबी फायरिंग करते हुये दो राउंड फायर किये, जिससे एक गोली सिकंदर के पैर में लगी। घायल का पुलिस पहरे में जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। उधर, पुलिस का कहना है कि सिकंदर सहित चार लोग किया कार में सवार थे। इनके पास दो पिस्टल और 15 जिंदा कारतूस मिले हैं। एसपी यादव ने बताया कि कोतवाली व मांडल थाने के दो हिस्ट्रीशीटर अन्य लोगों के साथ मध्यप्रदेश से नये हथियार खरीदकर भीलवाड़ा की ओर आ रहे हैं और ये किसी बड़े अपराध को अंजाम देने की फिराक में है, इस तरह की सूचना पर हमीरगढ़ थाना प्रभारी गुर्जर और प्रशिक्षु आईपीएस जतिन जैन के नेतृत्व में टीम नाकाबंदी कर वाहनों की जांच में जुटी। सूचना के मुताबिक सामने से आई एक कार को पुलिस ने रोकना चाहा तो कार में सवार कच्ची बस्ती निवासी और कोतवाली थाने के हिस्ट्रीशीटर सिकंदर उर्फ लॉटरी पुत्र मोहम्मद रंगरेज ने फायरिंग शुरु कर दी। उसने पुलिस पर तीन राउंड फायरिंग की। एक गोली हमीरगढ़ थाने के सरकारी वाहन में आरपार निकल गई। इसके चलते हमीरगढ़ थाना प्रभारी गुर्जर ने जवाबी कार्रवाई करते हुये दो राउंड फायर किये। इनमें से एक गोली सिकंदर के बायें पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने सिकंदर को तुरंत ही हमीरगढ़ अस्पताल भिजवा दिया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एमजी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। फायरिंग को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव भी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण कर अधिकारियों से मामले की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके बाद एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और सबूत एकत्रित करते हुए अग्रिम जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से दो पिस्टल, 15 जिंदा कारतूस व नई किया कार को कब्जे में लिया है।

# टोंक में 354 अपराधियों को किया गिरफ्तार

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में धरपकड़ अभियान चलाया



जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया।

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये गये वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं एरिया डॉमिनेन्स के संबंध एक दिवसीय विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक बृजेन्द्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम के नेतृत्व में विभिन्न थानों की संयुक्त कार्यवाही के दौरान थानों की 92 विशेष टीमों ने 24 घंटे में जिले में वांछित अपराधियों के धरपकड़ अभियान में लॉकल एवं स्पेशल एक्ट में 19 प्रकरण दर्ज कर 18 व्यक्ति गिरफ्तार किये तथ 65 वांछित अपराधी गिरफ्तार, वही बीएनएसएस एक्ट में 279 व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है।

एक दिवसीय धरपकड़ अभियान की कार्यवाही में आर्मस एक्ट में तीन आरोपी, एमएमआरडी एक्ट में 5 प्रकरण दर्ज कर 20 टन अवैध बजरी व 04 टन अवैध पत्थर सहित 0 5 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किये गये। इसी क्रम में एक्साईज एक्ट के दर्ज 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य एक्ट में 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया हैं। इसी प्रकार लॉकल एवं स्पेशल एक्ट में 18 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया तथा अभियान के दौरान 65 वांछित अपराधियों को गिरफ्ष्तार किया गया। वही बीएनएसएस में 279 व्यक्तियों गिरफ्ष्तार किये गये, जिनमें से 273 व्यक्तियों को पाबन्द किया गया। इस प्रकार उक्त अभियान में कुल 354 व्यक्तियों को गिरफ्ष्तार किया गया।

## मारपीट के आरोपी को 5 साल की सजा

**बूंदी।** जिला न्यायाधीश अजय शुक्ला ने आज मारपीट के 9 वर्ष पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए माटूंदा निवासी शंकरलाल पुत्र कल्याण गुर्जर को 5 साल की सजा और 5 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। 24 जून 2016 को फरियादी शोभाजी का खेड़ा निवासी गोवर्धन पुत्र कल्याण सिंह ने रिपोर्ट दी थी कि मुल्जिम ने मेरे भाई शिवराज सिंह पर जान से मारने की नियत से सिर पर वार किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाद अनुसंधान सदर थाना द्वारा आरोप पत्र पेश किया।

लोक अभियोजक भूपेंद्र सक्सेना के द्वारा अभियोजन पक्ष की ओर से 9 गवाह, 12 दस्तावेज को प्रदर्शित कराया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद दोष सिद्ध होने पर धारा 323 आईपीसी में 6 माह, धारा 324 आईपीसी 2 वर्ष एवं 2 हजार रु जुर्माना ओर धारा 325 आईपीसी में 5 साल की सजा 5 हजार रु जुर्माना धारा 452 भादस में 5 साल की सजा और 5 हजार रु जुर्माना से दण्डित किया। अदम अदायगी जुर्माना अभियुक्त को 2 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई ।

# 'गर्मी में पानी समस्या आने पर तुरन्त टैंकरों से जल पहुंचाया जाये'

■ मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता जरूरी : कलेक्टर

■ कलक्टर ने शहर में संचालित विकास कार्यों का लिया जायजा

**बूंदी ।** जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को साप्ताहिक निरीक्षण के दौरान शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया, जिसमें खेल संकुल स्थित तरणताल, सड़क मरम्मत कार्य, जैतसागर नाला निर्माण और पेयजल आपूर्ति परियोजनाएं शामिल रहीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पिछले वर्ष जिन स्थानों पर पेयजल समस्या के कारण टैंकरों से जलापूर्ति की गई थी, उनकी सूची तैयार कर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से समन्वय बनाए रखने तथा पेयजल समस्या की जानकारी मिलते ही तुरंत टैंकरों से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने शहर के खेल संकुल परिसर में संचालित तरणताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तरणताल में साफ-सफाई रखने के लिए संचालनकर्ता को निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से पानी की गुणवत्ता पर ध्यान देने और उसे नियमित रूप से जांचने के लिए कहा।जिला कलेक्टर ने तरणताल में महिलाओं के लिए एक अलग लेन निर्धारित करने के निर्देश दिए । इसके अतिरिक्त, उन्होंने चेंजिंग रूम और लॉकर रूम का निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने तथा निर्धारित मानकों के अनुसार संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात, जिला कलेक्टर ने चित्तौड रोड क्षेत्र में चल रहे सीवरेज कनेक्शन और सड़क मरम्मत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और किसी भी प्रकार की खानापूर्ति से बचने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य टिकाऊ होने चाहिए ताकि आमजन को असुविधा न हो। जिला कलक्टर ने बाईपास रोड़ पर भी सड़क मरम्मत के कार्य का निरीक्षण किया और कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क पर मलबा न छोड़ने तथा उसे अच्छी तरह से साफ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों की सफाई प्राथमिकता से होनी चाहिए। साप्ताहिक निरीक्षण के तहत, जिला कलक्टर ने मीरांगेट, महावीर कॉलोनी, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, पुलिस लाइन और नैनवां रोड क्षेत्र में जैतसागर नाला निर्माण की प्रगति का भी जायजा लिया। मीरा गेट क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान उन्होंने आरयूआईडीपी के अधिकारियों को नाले की शटरिंग का कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता देने और टीमों की संख्या बढ़ाने के लिए भी कहा।

जिला कलक्टर ने नाला निर्माण के लिए खोदी गई जगहों से मलबा तुरंत हटाने और काम शुरू करने के निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। जिला कलक्टर ने शहर में संचालित पेयजल आपूर्ति संबंधी कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने उच्च जलाशयों से पेयजल की मुख्य लाइन को जोड़ने के कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि इन कार्यों में कोई परेशानी आती है तो तुरंत सूचित किया जाए। जिला कलक्टर ने परीक्षण संबंधी कार्यों को इस सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि टेस्टिंग के दौरान पेयजल आपूर्ति का शटडाउन लेने से पहले संबंधित क्षेत्र के निवासियों को इसकी जानकारी अवश्य दी जाए। उन्होंने आवश्यकतानुसार ट्यूबवेल लगाने के प्रस्ताव शीघ्र बनाने और स्वीकृत ट्यूबवेल को जल्द से जल्द स्थापित करने के निर्देश दिए।

## बारहवीं की छात्रा से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**श्रीमाधोपुर ।** 12वीं की एक छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है । छात्रा अपने ननिहाल में रहती है ।पीड़िता के नाना ने श्रीमाधोपुर पुलिस थाने में शिकायत दी है।

दर्ज रिपोर्ट के अनुसार छह माह पहले नावलाई निवासी रविकुमार सैनी से उसकी दोहिती की मुलाकात हुई थी। आरोपी ने उसे फैंसी मार्केट के एक कैफे में बुलाया। वहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया। फिर दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया।

वीडियो के जरिए आरोपी ने छात्रा को ब्लैकमेल करना शुरू किया। उसने सीकर बाजार व फैंसी मार्केट के कैफे में कई बार दुष्कर्म किया। आरोपी फाइनेंस का काम करता है। छात्रा एक माह से स्कूल नहीं जा रही थी। नाना ने कारण पूछा तो वह रो पड़ी और पूरी बात बताई। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पाक पिता की बेटी भारत में ही रहेगी मां के पास

■ श्रीगंगानगर में ही रहेगी, सरकार ने दी इजाजत

**श्रीगंगानगर ।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच डेढ़ साल की पाकिस्तानी बच्ची को उसकी भारतीय मां के साथ भारत में ही रहने की अनुमति दे दी गई है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने भारत में शॉर्ट टर्म वीजा पर आए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने के निर्देश दिए थे।

इस आदेश के चलते देशभर में पाक नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जा रहा था, इसमें श्रीगंगानगर जिले के जैतसर की डेढ़ साल की बच्ची भी शामिल है, जो अपनी मां के साथ यहां रह रही थी। भारत सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए डेढ़ साल की पाकिस्तानी बच्ची को उसकी भारतीय मां के साथ भारत में ही रहने की अनुमति दे दी है। जैतसर थाना प्रभारी इमरान खान ने बताया कि गांव 3 एलसी-ए की रहने वाली भौर रश्मि की शादी करीब तीन साल पहले पाकिस्तान के कराची (उमरकोट) निवासी डॉक्टर धनपत सोडा से हुई थी। शादी के बाद रश्मि पाकिस्तान में ही रह रही थी, जहां उनकी बेटी का जन्म हुआ। रश्मि तीन अप्रैल को अपनी डेढ़ साल की बेटी के साथ भारत स्थित अपने पीहर आई थी। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद सरकार द्वारा जारी निर्देशों के तहत शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत आए पाक नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने को कहा गया। जैतसर पुलिस ने बच्ची के मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। जैसे ही मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा, तो उन्होंने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए निणर्य लिया कि चूंकि बच्ची की मां भारतीय नागरिक है और बच्ची की देखरेख के लिए उसका भारत में रहना आवश्यक है, ऐसे में उसे भारत में ही मां के साथ रहने दिया जाएगा।

## युवक की मौत

**उदयपुर ।** बैकरिया थाना क्षैत्र में जीप ने राह चलते युवक को चपेट में ले लिया। जिसकी उपचार के दौरान मैत हो गई। मंगलवार सायं बैकरिया थाना क्षेत्र खाम से तलाई जाते समय बीच रास्ते में जीप ने पिछे से आकर तलोई मेरपुर बैकरिया निवासी नाना पुत्र हिराराम को चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के देवला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से रैफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई।

# जानलेवा हमले करने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार

**टोंक ।** टोंक सदर थाना क्षेत्र में वृत्ताधिकारी राजेश विद्यार्थी एवं अनुसंधान अधिकारी सत्यप्रकाश व एससी, एसटी सेल टोंक की टीम ने नगर परिषद टोंक के अधिकारीयों व कर्मचारियों पर जानलेवा हमले करने वाले अब तक पॉच आरोपियों गिरफ्तार किया तथा शेष की तलाश जारी। थाना सदर क्षेत्र में सईदाबाद में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के सीमाज्ञान के लिए पहुंचें नगर परिषद कर्मचारियों की टीम पर जानलेवा हमला कर राजकार्य में बाधा पहुँचाने एवं सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ के मामले में आरोपी लालाराम पुत्र रतनलाल जाति माली उम्र 40 साल निवासी सईदाबाद थाना सदर टोंक को गिरफ्ष्तार कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है, जिसे आज न्यायालय में पेश किया जायेगा। इस प्रकरण में पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में नगर परिषद कर्मचारियों के दल पर हुए हमले की घटना की सूचना मिलने पर एडीएम टोंक एवं उपखण्ड अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम का जायजा लिया गया।

## दम तोड़ा

**उदयपुर ।** शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में चौकीदार की बीमारी से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनों सूरजपोल थाना क्षेत्र होटल अक्षय निवासी गोपजी का खेड़ा आमेट निवासी दलपत सिंह पुत्र सज्जनसिंह की एमबी चिकित्सालय में मौत हो गई। दलपत सिंह 6 माह से होटल अक्षय में रहते हुए चौकीदारी के अलावा सभी काम करता था। जिसकी 26 अप्रैल को अचानक तबीयत खराब होने पर चिकित्सालय में भर्ती करवाया । जहां उसकी मौत हो गई।

# सरपंच सहित ग्राम विकास अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी निलंबित

■ मंत्री मदन दिलावर ने किया दुर्गापुर ग्राम पंचायत का निरीक्षण

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्रा मदन दिलावर ने बुधवार को दुर्गापुरा ग्राम पंचायत सरपंच लीला बाई, ग्राम विकास अधिकारी महफूज खान व स्वच्छता प्रभारी चंद्रवीर को निलंबित कर दिया है।

खंड विकास अधिकारी महेश कुमार को 16-सी सी का नोटिस दिया है। जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता सत्यनारायण गुप्ता की दिवंगत पुत्री को श्रद्धांजलि देने झालावाड़ पहुंचे शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कोटा लौटते समय अचानक झालरापाटन पंचायत समिति की दुर्गापुरा ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। दिलावर के साथ जिला परिषद झालावाड़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंभू दयाल मीणा, खंड विकास अधिकारी महेश कुमार भी मौजूद थे। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को गांव की सड़कों पर घूमता देखा ग्रामीण इकट्ठे हो गए और मंत्री को सरपंच के खिलाफ शिकायत करने लगे।

मंत्री दिलावर ने इस पर ग्राम विकास अधिकारी महफूज खान को मौके पर बुलाया और ग्रामीणों की शिकायत के बारे में सवाल किया। ग्राम विकास अधिकारी ने कहा की रोज सफाई करवा रहा हूं। इस पर मंत्री दिलावर नाराज हो गए बोला मैं खुद मौके पर हूं और अपनी आंखों से ही गंदगी देख रहा हूं और तुम मुझसे ही झूठ बोल रहे हो। ग्रामीणों ने बताया कि कोई भी सफाई करने पंचायत की तरफ से नहीं आता है। इस पर पंचायती राज मंत्री दिलावर ने मौके पर ही उपस्थित जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंभू दयाल मीणा को दुर्गापुरा ग्राम पंचायत की सरपंच लीलाबाई ग्राम, विकास अधिकारी महफूज खान तथा स्वच्छता प्रभारी चंद्रवीर को तुरंत निलंबित करने के आदेश दिए। तथा खंड विकास अधिकारी महेश कुमार को 16-सी सी का नोटिस देने के आदेश दिए। इसके बाद मंत्री का काफिला सलोतिया ग्राम पंचायत पहुंचा जहां झरनिया गांव का निरीक्षण किया। नालिया जाम और रस्ते पर कचरे का ढेर देख कर मंत्री नाराज हुए।

# अवैध बजरी खनन व परिवहन सहित अन्य मामलों में 17 गिरफ्तार

## अभियान में पुलिस दल ने दो ट्रैक्टर ट्रॉली व एक डम्पर जब्त किए



निवाई सदर पुलिस थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व अन्य माकलों में सत्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने डोमिनेशन अभियान के तहत अवैध बजरी खनन व परिवहन सहित अन्य मामलों के 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपियों से 2 ट्रैक्टर ट्रॉली व एक डम्पर को जब्त किया है।

सदर पुलिस थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशों के तहत अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी व पुलिस वृत्ताधिकारी मृत्युंजय मिश्रा के पर्यवेक्षण में गठित 5 टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 24 स्थानों पर दबिश देकर 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है एवं 2 ट्रैक्टर ट्रॉली व 1 डम्पर को जब्त किया है।


उन्होंने बताया कि सदर थाने के नेतृत्व में 20 सदस्यों की गठित 5 टीमों ने कार्यवाही करते हुए बुधवार को अभियान के तहत गिरफ्तारी वारण्टों के आरोपी छीतर बैरवा निवासी राहोली, सयानी सांसी निवासी सांसी बस्ती कैथुनिया, अशोक उर्फ कालु सांसी निवासी अहमदपुरा उर्फ कैथुनिया व केदार मीना निवासी सुनारा शिवाजी कॉलानी को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार 170 बीएनएसएस मामले में आरोपी छोटुलाल गुर्जर निवासी चुराडा, चेतन मीणा निवासी हिंगोटिया, मदनलाल मीणा निवासी बाढ छौरिया, गणेश जाट निवासी चतुर्भुजपुरा, हेमराज यादव निवासी गोपालपुरा, बाबूलाल गुर्जर निवासी काली का बाग, दयाराम बैरवा निवासी खण्डवा, जितेन्द्र यादव निवासी झिलाय, सुरजमल जाट निवासी लुहारा, दिलखुश मीणा निवासी देवरी, मुकेश यादव निवासी वनस्थली व कालुराम मीणा निवासी ढाणी जुगलपुरा को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार वांछित प्रकरण में आरोपी हेमराज मीणा निवासी इनायतंगंज रानोली थाना झिराणा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन के मामले में बजरी के 2 ट्रैक्टर ट्रॉली व 1 डम्पर को जब्त किया है।

## शराबी पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया वार

■ सिर और जबड़े में गंभीर चोट, बीकानेर पीबीएम अस्पताल में इलाज जारी, आरोपी फरार

**अनूपगढ़ ।** एक शराबी पति द्वारा अपनी पत्ना पर कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना 26 अप्रैल 2025 को वार्ड नंबर एक में चूना फाटक के पास हुई। आरोपी तुलसाराम ने अपनी पत्नी सरोज के सिर, हाथ की कलाई और चेहरे पर कुल्हाड़ी से वार किए। पीड़िता के भाई मनीराम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी बहन का विवाह तुलसाराम से 20 वर्ष पहले हुआ था। दंपति के एक बेटा और एक बेटी है। शादी के बाद से ही तुलसाराम शराब पीकर पत्नी से मारपीट और गाली-गलौज करता था। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल सरोज को पहले अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। पिछले चार दिनों से उनका वहां इलाज चल रहा है। जबड़ा टूटने के कारण वह पुलिस को बयान भी नहीं दे पाई हैं। एसआई सरदार सिंह मीणा के अनुसार, आरोपी तुलसाराम घटना के बाद से फरार है। पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश देकर उसकी तलाश कर रही है। पीडिता के परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है।

# पिकअप की टक्कर से दो भाईयों की मौत



पिकअप के असंतुलित होने पर बाइक से टकराने पर हुआ हादसा।

**टोंक ।** सोप थाना क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से दो चचेरे भाईयों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनके परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। सोप थानाधिकारी ने बताया कि बूंदी जिले के श्रीपुरा निवासी मेघ सिंह बंजारा के दो भतीजों की आज शादी है, जिसके लिए दोनो चचेरे भाई बदलू सिंह व मेघसिंह मंगलवार को बाइक से इन्द्रगढ़ कस्बे में सब्जी लेने जा रहे थे, रास्ते में सामने से आ रही पिकअप का टायर खुल गया और पिकअप असंतुलित होकर बाइक से टकरा गई, टक्कर तेज गति से होने से बाइक सवार दोनों चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल ले गई, जहां उनका पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## पिछोला झील किनारे फिर दिखा लेपर्ड

**उदयपुर ।** शहर की पिछोला झील किनारे एक बार फिर लेपर्ड दिखाई दिया। कार सवार लोगों ने इसका वीडियो बनाया। ये लेपर्ड आर्मी कैंट के पास बुधवार तडके घूम रहा था।

इसी इलाके में सुबह-सुबह लोग मॉर्निंग वॉक करने आते है। यहां दूधतलाई, जलबुर्ज होकर आगे सीसारमा जाने वाले रास्ते पर सुबह बडी संख्या में लोग घूमने आते है। वैसे लोगों ने यहां पर कई बार लेपर्ड का मूवमेंट देखा है। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार लेपर्ड दूधतलाई से सीसारमा जाने वाले रास्ते पर जलबुर्ज पर दिखाई दिया । लेपर्ड वहां से निकलते हुए सडक पर आया और वापस सडक से कच्चे रास्ते की तरफ गया।जहां लेपर्ड का विचरण देखा गया वहां आस-पास जंगल और पानी है। ये माछला मगरा वन खंड और बांकी वन खंड का इलाका है। यहां वैसे अक्सर लेपर्ड का विचरण रहता है। लेपर्ड यहां माछला मगरा से नीचे उतर कर जलबुर्ज होकर पिछोला में प्यास बुझाने जाता है।

# दिनेश कूकना को रिलीव करने के बजाय जलदाय विभाग के दोनों एक्सईन को ठंडे बस्ते में लगाया

## राज्य सरकार के तबादला आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे जेडीए के अफसर, जलदाय विभाग भी मौन

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर आए पीएचई के एक्सईएन ट्रांसफर होने के चार महीने बाद भी जेडीए से जाना ही नहीं चाह रहे। सिविल सेवा प्राधिकरण (रेट) से ट्रांसफर के खिलाफ दायर याचिका के खारिज होने के बाद भी वे जेडीए से जाना ही नहीं चाह रहे है। रुतबा इतना कि उनकी जगह जेडीए में प्रतिनियुक्ति पर आए जलदाय विभाग के एक्सईएन चार महीने तक जेडीए में पदभार नहीं संभाल पाए।

- **चार महीने के बाद जेडीए ने अब जाकर दिनेश कुमार लांबा को पीएचई प्रथम में नियुक्ति दी है जबकि नीरज पिपलोदा को द्रव्यवती नदी प्रोजेक्ट में नियुक्ति दी है।**

### मूल विभाग गए ही नहीं

जेडीए में जलदाय विभाग से प्रतिनियुक्ति पर एक्सईएन दिनेश कुमार कूकना की नियुक्ति हुई थी। इनके पास जेडीए के दो-दो जोन का पदभार था। जनवरी में विभाग ने दिनेश कुमार को ट्रांसफर कर उनकी जगह दो एक्सईएन नीरज पिपलोदा और दिलीप लाम्बा की नियुक्ति कर दी थी। उसके बाद पहले तो दिनेश कुमार को जेडीए ने मूल विभाग में भेजा ही नहीं।

कूकना का तबादला 15 जनवरी को जयपुर विकास प्राधिकरण से अधिशासी अभियंता कार्यालय मुख्य अभियंता शहरी एवं एनआरडब्लू जयपुर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में हुआ था।

### विभाग के पत्र भी दरकिनार किए

एक्सईएन दिनेश कुकना जेडीए को छोड़ना नहीं चाह रहे हैं। इसमें जेडीए प्रशासन भी उनका पूरा सहयोग कर रहा है। जलदाय विभाग ने उन्हें वापस भेजने के लिए कई पत्र जेडीए को लिखे लेकिन जेडीए हर बार कोई ना कोई बहाना बना कर टालता रहा। इस बीच जेडीए में जलदाय विभाग से प्रतिनियुक्ति पर आए दो एक्सईएन को वे चार्ज सौंपने को किसी तरह तैयार नहीं हुए।

### रोकने के लिए नए नए तरीके

जेडीए में प्रतिनियुक्ति पर आने के बाद आज तक किसी भी इंजीनियर के खिलाफ किसी भी तरह की विभागीय जांच लंबित होने के लिए किसी तरह की कोई पूछताछ मूल विभाग से नहीं की जाती। यहां जेडीए प्रशासन ने जलदाय विभाग, नगरीय विकास विभाग और कार्मिक विभाग से पूछ लिया लेकिन विभागों ने उन्हें बताया कि उनके यहां प्रतिनियुक्ति पर गए दोनों एक्सईएन के खिलाफ कोई मामला विचाराधीन नहीं है और उन्हें गत सात साल में किसी तरह से दंडित नहीं किया है। इसके बाद भी जेडीए प्रशासन उन्हें वापस भेजने के लिए तैयार नहीं हो रहा है। जेडीए सचिव और जेडीए की अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन डा. प्रिया बलराम शर्मा बार बार नगरीय विकास विभाग और मंत्री स्तर से मार्गदर्शन मांग रही है पर उन्हें काम नहीं सौंप रही।

### ठाले बैठे चार महीने की तन्खा दी

जेडीए में जलदाय विभाग से प्रतिनियुक्ति पर आए दोनों इंजीनियर नीरज पिपलोदा और दिलीप लाम्बा को जेडीए में प्रतिनियुक्ति पर आए चार महीने हो चुके हैं लेकिन उन्हें पदभार संभालने नहीं दिया।

जेडीए चार महीने से इन दोनों इंजीनियर को घर बैठे चार महीने की तन्खाह दे चुका है लेकिन उन्हें कोई काम नहीं दिया। दूसरी ओर दिनेश कूकना काम के बोझ के मारे है लेकिन वापस जाने को तैयार नहीं है।

### स्टे खारिज होने के बाद भी वापस नहीं

जेडीए से ट्रांसफर हो चुके एक्सईएन पीएचई दिनेश कूकना ने अपना ट्रांसफर रुकवाने के लिए राजस्थान सिविल सेवा प्राधिकरण रैट से स्टे ले लिया था। इसके बाद अभी दो दिन पहले रैट ने उनका स्टे भी खारिज कर दिया।

साथ ही अपने आदेश में यह कहा कि एक ही जगह लगातार नियुक्ति के बाद सरकार दूसरी जगह पर उनका तबादला कर सकती है ऐसे में दिया गया स्थगन आदेश निरस्त किया जाता है।

### जेडीए ने जलदाय विभाग के आदेश दरकिनार किए

जलदाय विभाग ने पीएचई के एक्सईएन दिनेश कुमार कूकना को रोकने के लिए कई पत्र लिखे। जलदाय विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देश के बाद जलदाय विभाग के मुख्य अभियंता ने जब जेडीए को पत्र लिखे तो आखिर में जेडीए ने अब जाकर दिनेश कुमार लांबा को पीएचई प्रथम में नियुक्ति दी है जबकि नीरज पिपलोदा को द्रव्यवती नदी प्रोजेक्ट में नियुक्ति दी है।

### हाऊसिंग बोर्ड में भी जमे हैं रामनिवास सिंघल समेत 3 इंजीनियर

जलदाय विभाग के 2-3 अधिशाषी अभियंता राजस्थान हाउसिंग बोर्ड में भी ट्रांसफर के बावजूद टिके हुए है। प्रतिनियुक्ति पर लगे इन अफसरो का हाउसिंग बोर्ड की कुर्सी से इतना मोह है कि इन्होंने जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी और अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत के आदेशों को भी दरकिनार करते हुए ट्रिब्यूनल कोर्ट जाकर स्टे लेने की कोशिश की। इनमें अधिशासी अभियंता रामनिवास सिंघल और लखन सिंह मीणा और गीताराम मीणा शामिल है।

अधिशासी अभियंता रामनिवास सिंघल ने "राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण में स्टे लेने के लिए दलील दी थी कि, वह राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं और जलदाय विभाग ने उनका तबादला आरयूआईडीपी में करने से पूर्व उनसे सहमति प्राप्त नहीं की, जो की गलत है। इस पर ट्रिब्यूनल अध्यक्ष विकास सीतारामजी भाले ने जनवरी माह के आदेश पर स्टे दे दिया, परन्तु उन्होंने साथ में यह भी कहा कि जलदाय विभाग नियमानुसार नए सिरे से स्थानांतरण करने के लिए स्वतंत्र हैं, जिसमे यह स्थगन आदेश बाधक नहीं होगा।

### जलदाय विभाग के अफसर भी इन इंजीनियर्स पर मेहरबान

रामनिवास सिंघल को हाउसिंग बोर्ड से हटाने के लिए जब ट्रिब्यूनल कोर्ट ने जलदाय विभाग को अलग से स्वतंत्र आदेश निकालकर निर्णय लेने की छूट दे दी, इसके बावजूद भी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के संयुक्त शासन सचिव (प्रथम) प्रवीण कुमार लेखरा ने इन अफसर को हटाने की जरूरत नहीं उठाई। जब उनसे बात की गई तो उन्होंने इस प्रकरण की जानकारी होने से भी मना कर दिया। उनका कहना था कि जनवरी माह में हुए ट्रांसफर आदेश की उन्हें अब कोई जानकारी नहीं है। जबकि जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने भी जनवरी माह में जारी हुए तबादला आदेशों की पालना नहीं करने वाले अफसर की पूरी सूची मांगी थी। इसके बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत ने भी सर्कुलर जारी करके पालना रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए थे।

# आतंकवाद उन्मूलन संकल्प के साथ मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

## आतंकवाद मुर्दावाद पाकिस्तान मुर्दावाद के नारों के साथ गूंजा बिड़ला ऑडिटोरियम



अक्षय तृतीया पर शहर के बिड़ला ऑडिटोरियम में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**जयपुर।** अक्षय तृतीया पर शहर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आतंकवाद उन्मूलन संकल्प के साथ ब्राह्मण समाज और सर्व समाज के लोगो ने मनाया भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव एवं पहलगाम में मृतक देश के सपूतों को श्रद्धांजलि के बाद पूजन कार्यक्रम शुरू हुआ। पूजन समिति के अध्यक्ष और विप्र महासभा के संस्थापक सुनील उदेईया ने स्वागत भाषण में कहा कि भगवान परशुराम जी ने आतंक और अन्याय को समाप्त किया था और आज हम सब देश वासी मिल कर देश के प्रधानमंत्री को ताक़त दे कि आतंक पर ज़ोरदार प्रहार करे साथ ही उपस्थित हज़ारो लोगो ने सभागार में आतंकवाद मुर्दावाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा कर आक्रोश व्यक्त किया।

पूजन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता थे और आज युवाओ को उनके मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। विधायक बालमुकुंद महाराज ने कहा कि आतंकवाद को जड़ से ख़त्म करने के लिए हम सब को एकजुट होना है और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे पर जिन लोगो के पेट में दर्द हुआ है उनको सारी जनता देख रही है। समारोह में धन्यवाद अनिल चतुर्वेदी अध्यक्ष परशुराम सेना ने दिया और प्रदेश में पंचायत चुनाव में वर्ग को सीट आरक्षित करने की बात रखी ।प्रदेश स्तरीय पूजन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी व विशिष्ट अतिथि विधायक बालमुकुंद शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कालीचरण सर्राफ़, आदर्श नगर प्रत्याशी रवि नैयर, जयपुर शहर की मेयर डॉ सौम्या गुर्जर के साथ ही ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के अध्यक्षसर्व ब्राह्मण महासभा के पंडित सुरेश मिश्रा, देवस्थान बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और राजस्थान ब्राह्मण महासभा के संरक्षक एसडी शर्मा, हरियाणा ब्राह्मण सभा के बिरदी चंद शर्मा , गौड़ सनाढय फाउंडेशन के अनुराग शर्मा, सोबर के अध्यक्ष डॉ शिवगौतम, विप्र महासभा के संरक्षक नटवर लाल शर्मा , विप्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सर्वेश शरण जोशी , विप्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र भारद्वाज ख़ांडल सभा के अनिल ख़ांडल, गौड़ ब्राह्मण महासभा के विजय हारीतवाल , अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के एलडी शर्मा, अंतरराष्ट्रीय महासंघ के पंकज थोई, यूथ विंग के जितेश शर्मा, और समाज के कई प्रशासनिक, पुलिस, चिकित्सा अधिकारियों सहित गणमान्य जन मौजूद रहे साथ ही अन्य राजपूत समाज, अग्रवाल समाज, कायस्थ समाज, सहित अन्य समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे ।

# आवासन मण्डल की विभिन्न आवासीय योजनाएं जल्द उतरेंगी धरातल पर

**जयपुर।** आवासन मंडल द्वारा बने फ्लैट और भूखंड खरीदने का इंतजार कर रहे लोगों के लिए सुखद खबर है। मंडल द्वारा जयपुर के प्रताप नगर योजना, सेक्टर-28 में 3 व 4 के 84 पलैट्स जल्द ही बनाए जाएँगे। मंडल जल्द ही इनकी आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर देगा।

यह निर्णय बुधवार को नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया की अध्यक्षता में आयोजित परियोजना समिति की 173वीं बैठक में लिया गया। राजस्थान आवासन मण्डल मुख्यालय में हुई इस बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। वैभव गालरिया ने बताया कि बैठक में आधा दर्जन से ज्यादा प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उच्च अधिकारियों द्वारा 7 फरवरी को हुई 172वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति के बारे में भी जानकारी दी गई।गालरिया ने बताया की जयपुर के प्रताप नगर योजना के सेक्टर-28 में ग्रीनवुड आईकोनिक टॉवर उच्च आय वर्ग के लिए 84 फ्लैट्स, ग्राम गोपालपुरा तहसील व जिला बांरा में 497 भूखण्ड का अनुमोदन तथा पानेरियों की मादडी, उदयपुर आवासीय योजना में व फ्लैट्स की योजना का आंशिक संशोधन के साथ अनुमोदन किया गया। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि ग्राम गोपालपुरा तहसील व जिला बांरा की प्रस्तावित आवासीय योजना (क्षेत्रफल 14.68 हैक्टेयर) के मानचित्र अनुमोदन, तथा पानेरियों की मादडी, उदयपुर आवासीय योजना में मध्यम आय वर्ग- व मध्यम आय वर्ग- के फ्लैट्स के नियोजन के संबंध में निर्णय लिया गया।

परियोजना समिति के सदस्य सचिव मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर ने मानचित्रों के माध्यम से सभी योजनाओं के बारे में अधिकारियों को विस्तार से बताया व संबंधित जानकारियां दी। बैठक में मुख्य नगर नियोजक राजस्थान विनय कुमार दलेला, मुख्य अभियन्ता अमित अग्रवाल, टी. एस. मीणा, प्रतीक श्रीवास्तव, वरिष्ठ नगर नियोजक पोद्दार प्रकाश शार्दूल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### हाथी, घोडे, पालकी में निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**जयपुर।** ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से परशुराम जयन्ती राज्यभर में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से जयपुर में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें हाथी, घोडे और पालकी में भगवान परशुराम विराजे हुए थे। यह शोभायात्रा चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर शंकर कॉलोनी से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए ब्राह्मण समाज राजस्थान के सीकर रोड स्थित गौडो की ढाणी प्रधान कार्यालय पर जाकर समाप्त हुई। इसमें प्रदेशभर से आए ब्राह्मण समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा के बाद सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसको ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि परशुराम ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे सूर वीरों युद्ध की नीतियां सिखाई है और परशुराम अमर हैं। वह कलयुग में भगवान कल्कि को भी युद्ध की नीतियां सिखाएंगें, जो भगवान विष्णु के अवतार होगें। परशुराम की तेज बुद्धि और निष्ठा से प्रसन्न होकर ऋषि जमदग्नि ने उन्हें समस्त शास्त्रों और शस्त्रों का ज्ञाता होने का आशीर्वाद दिया था। भगवान परशुराम को न्याय और धर्म के प्रतीक के तौर पर पूजा जाता है। उनका जीवन सच्चाई, साहस और तपस्या का संदेश देता है। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के 101 वरिष्ठ लोगों का सम्मान भी किया गया। वहीं कार्यक्रम की खास बात रही कि शोभायात्रा लेकर अन्य सभी कार्यक्रमों की जिम्मेदारी मातृशक्ति ने संभाली।

# महाराव शेखाजी के निर्वाण दिवस को सर्वधर्म सम्भाव के रूप में मनाया

**जयपुर।** महाराव शेखा संस्थान के सचिव सम्पत सिंह धमोरा ने बताया कि शेखावाटी के संस्थापक, इतिहास पुरूष, नारी सम्मान के रक्षार्थ प्राणोत्सर्ग कर स्वर्गारोहण करने वाले, धार्मिक सहिष्णुता के प्रतीक पूज्य महाराव शेखाजी का 537वाँ निर्वाण दिवस समारोह अक्षय तृतीया बुधवार को प्रात: 8 से 9.15 बजे तक श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय (छात्र), पंजवन राय हॉल, सीकर रोड, जयपुर पर मनाया गया।



महाराव शेखाजी का 537वाँ निर्वाण दिवस समारोह बुधवार को श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय पर मनाया गया।

प्रदेश में धार्मिक सहिष्णुता का वातावरण बनाए रखने के लिए हरवर्ष की तरह सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सभी धर्म के धर्मगुरू पण्डित शिवशंकर शर्मा, मौलवी हाफिज मंजूर अली, फादर विजयपाल एवं जैन धर्माचार्य डॉ. शरद कुमार जैन ने अपने-अपने धर्म का उपदेश राष्ट्रिनर्माण एवं धार्मिक साम्प्रदायिक सद्भाव के संदर्भ में दिया। पण्डितजी 'सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे भवन्तु निरामया' का उपदेश देते हुए समग्र विश्व के सुख एवं मानव मात्र के कल्याण की कामना करते हुए सनातन धर्म की व्याख्या प्रस्तुत की। मौलवी जी ने आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। इस्लाम में आतंक के लिए कोई जगह नहीं है। महाराव शेखाजी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सभी जाति, सम्प्रदाय को साथ लेकर चलने के सिद्धान्तों का अनुसरण करने की शिक्षा दी। फादर विजयपाल ने बाईबिल में ईश्वर का सभी से प्रेम एवं भाईचारे का सन्देश दिया। जैन धर्माचार्य ने अहिंसा परमोधर्म का संदेश जीव मात्र की रक्षा करने एवं अहिंसा का पालन जीवन में आत्मसात करने के लिए दिया। समारोह में जयपुर शहर के गणमान्य नागरिक राजपूत सभा अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई, प्रताप फाउण्डेशन से महावीर सिंह सरवड़ी, श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के अध्यक्ष नगेन्द्रसिंह बगड़, उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह जैसलाण, सचिव सुदर्शनसिंह सुरपुरा, संयुक्त सचिव जालिम सिंह हुड़िल, कोषाध्यक्ष श्याम सिंह मण्ढा, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सिंह छापोली, गुलाब सिंह मेड़तिया, महाराव शेखा संस्थान से गोवर्धनसिंह दिवराला, राजेन्द्र सिंह जेरठी, हेमसिंह आभावास, संस्था प्रधान, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों आदि शेखावाटी के संस्थापक पूज्य महाराव शेखाजी को श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु उपस्थित हुए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शेखावाटी के भूभाग पर घाटवा के युद्ध में महाराव शेखाजी ने अपने दो सपुतों दुर्गाजी एवं पूरणजी के साथ नारी के सम्मान को कायम रखने के लिए अपने निकटत्तम संबंधियों से युद्ध कर बलिदान दिया तथा शेखाजी विश्व के इतिहास में धार्मिक सहिष्णुता के अनुकरणीय उदाहरण है। जिस वंश परम्परा को शेखावाटी के सपूतों ने न केवल आगे बढ़ाया बल्कि आज भी शेखावाटी को गर्व है कि भारतीय सेना में शेखावाटी के नौजवानों का जो प्रतिनिधित्व है, उसको देश भूला नहीं सकता। युद्ध कौशल के धनी देश और धर्म के लिए मर मिटने वाले भारतीय सेना के सर्वोच्च सम्मान परम वीर चक्र विजेता हवलदार पीरू सिंह शेखावत तथा महावीर चक्र, वीर चक्र, शौर्य चक्र और सेना मैडल प्राप्त करने वाले योद्धाओं की बहुत लम्बी सूची शेखावाटी को गौरवान्वित करती है।

भारतीय सेना में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कमिश्नड आफीसर के रूप में बढ़ाने के लिए महाराव शेखाजी की निर्वाण स्थली रलावता जिला सीकर पर महाराव शेखाजी सशस्त्र बल प्रशिक्षण अकादमी का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने की ओर है, जहाँ पर भारतीय सेना में आफीसर रैंक में प्रवेश के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है, जो प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है।

### बंधन बैंक का कारोबार 11 फीसदी बढ़कर 2.88 लाख करोड़ रुपए हुआ

**मुंबई।** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। इस दौरान बैंक का कुल कारोबार 11 फीसदी की वृद्धि के साथ 2.88 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक में जमा में रिटेल की हिस्सेदारी अब लगभग 69 फीसदी है। बैंक के विस्तारित वितरण नेटवर्क, बेहतर संचालन क्षमता और अनुकूल व्यावसायिक माहौल के कारण पिछली तिमाही में वृद्धि दर्ज की गई थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 2,745 करोड़ रुपए रहा है। बैंक अब भारत के 36 में से 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 6,300 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से 3.15 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहा है।

बंधन बैंक में कार्यरत कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 75,000 है। बंधन बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ, पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने बैंक के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, बंधन बैंक का प्रदर्शन हमारी संतुलित रणनीति, सुदृढ़ गवर्नेंस और ग्राहकों के विश्वास का परिणाम है।

'बंधन बैंक 2.0' की ओर बढ़ते हुए, हमारा ध्यान डिजिटलीकरण, वितरण विस्तार, परिसंपत्ति विविधीकरण और ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर करने पर केंद्रित है, ताकि दीर्घकालिक मूल्य और सतत वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

## सार-समाचार

### ज्ञानपीठ में विराजे चिरंजीवी भगवान परशुराम




**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन की ओर से नव निर्मित श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ में आज चिरंजीवी भगवान परशुराम विराजमान हो गए। राज्यसभा के उप सभापति एवं सांसद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी सहित समाज की कई प्रमुख हस्तियों ने मूर्ति का महाभिषेक कर प्राण प्रतिष्ठा की। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने बताया कि लोकार्पण से पूर्व भवन में गणपति के साथ भगवान परशुराम जी की साढ़े चार फीट मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। इस भवन का विधिवत लोकार्पण जून में होगा। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक ने बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में आज यजमान के रूप में विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम गुरुजी, हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज,राष्ट्रीय महामंत्री के के शर्मा उदयपुर, बिड़ला ग्रुप से जुड़े विजय बासोतिया, युवा व्यवसाई हेमंत सत्यनारायण श्रीमाली,जयपुर जोन अध्यक्ष राजेश कर्नल, युवा के प्रदेशाध्यक्ष मुकेश काका एवं अखिलेश शर्मा बिसाऊ बैठे, जबकि राज्यसभा के उप सभापति घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, विधायक डूंगरगढ़ ताराचंद सारस्वत, केकड़ी विधायक शत्रुघ्न शर्मा,महिला आयोग की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता शर्मा, जयपुर ग्रेटर के महापौर सौम्या गुर्जर, देवस्थान बोर्ड के अध्यक्ष एस डी शर्मा, पूर्व आईएएस गजानंद शर्मा , श्याम सुंदर बिस्सा व मनोज शर्मा, भाजपा के प्रदेश मंत्री अशोक सैनी , पूर्व विधायक शंकर शर्मा एवं अशोक लाहोटी, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष अर्चना शर्मा , आरएएस पंकज ओझा, आरपी शर्मा, पारीक महासभा के बाबूलाल पारीक दिल्ली, विप्र फाउंडेशन के संरक्षक बनवारी लाल सोती एवं राधेश्याम रंगा,सालासर पुजारी मांगीलाल जी, प्रकांड विद्वान पंडित पुरुषोत्तम गौड, खोले के हनुमान जी से बीएम शर्मा, पूर्व अतिरिक्त निदेशक सूचना गोविंद पारीक, अरुण जोशी , हरियाणा ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरदीचंद शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश बसवाला, गौड़ ब्राह्मण के विजय हरितवाल, ब्राह्मण समाज नेता नटवर लालजी, उद्योगपति जगन्नाथ शर्मा व एस डी शर्मा, विद्यासागर सीए कोचिंग के निदेशक आर सी शर्मा,पूर्व आईपीएस गिरधारी लाल शर्मा, आरपीएस शिवनकुमार भारद्वाज ,के के अवस्थी, शिक्षाविद एच एस शर्मा, डॉक्टर के सी शर्मा, इस्पेक चेयरपर्सन हर्षा त्रिवेदी और प्रभारी प्यारे लाल, धर्मराज बोथरा, अमित पारीक, उद्योगपति महावीर बिहानी सहित विप्र समाज की अनेक जानी मानी हस्तियां मौजूद थीं। इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर से भी संगठन के पदाधिकारी पहुंचे। इनमें मुंबई से महावीर प्रसाद शर्मा, छत्तीसगढ़ से प्रद्युम्न शर्मा, सूरत से कामना खंडेलवाल , कोटा से भुवनेश्वर शर्मा, परमेश्वर शर्मा, मुकेश रामपुरा, भरतपुर से इंदुशेखर, धौलपुर से संजय एवं संजीव शर्मा, दौसा से कैलाश तिवाड़ी, सीकर से जयप्रकाश शर्मा आदि शामिल है।

### जनसम्पर्क आयुक्त सुनील शर्मा सेवानिवृत्त हुए



**जयपुर।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग के आयुक्त सुनील शर्मा बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। शर्मा ने अपने उत्कृष्ट सेवा काल में जन संपर्क व्यवस्था को प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डीआईपीआर मुख्यालय में आयोजित विदाई कार्यक्रम में सुनील शर्मा ने अपने राजकीय कार्य के अनुभवों को साझा करते हुए सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कानून की व्याख्या सरलतम तरीके से कर पात्रों को समय पर लाभान्वित करना, बिना पक्षपात कार्य कर सभी का विश्वास जीतना ही अच्छे प्रशासक की निशानी है। उन्होंने इन पलों को यादगार बनाने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यदक्षता की प्रशंसा करते हुए उनका धन्यवाद दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक अरविंद सारस्वत ने कहा कि शर्मा ने विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। ऐसी शख्सियत के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में मौजूद रहना हम सभी को गौरवान्वित करता है। उन्होंने कहा कि शर्मा ब्यूरोक्रसी के लाइट हाउस हैं जिससे विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रेरित और मार्गदर्शित होते है।

### कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन




**जयपुर।** राज्य सरकार के कौशल, रोजगार एवं उद्यिमता विभाग की वार्षिक कार्य-योजना वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन के तहत सभी वर्गों के आशार्थियों के लाभार्थी उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा बुधवार को प्रात: 10 बजे से कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर के कार्यालय परिसर में किया गया। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर की उप निदेशक नवरेखा ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में लगभग 407 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया एवं निजी संस्थानों ने अपनी रिक्तियों के अनुसार 196 आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया तथा 35 आशार्थियों का प्रशिक्षण हेतु चयन कर कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में कुल 231 आशार्थियों को लाभान्वित किया गया। कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं करियर काउंसलिंग में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के 07 संस्थानों ने भाग लिया। जिला कौशल समन्वयक गिरिराज सर्वैया, सीजीसी के उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अतुल कुमार सोनू, आईटीआई के सहायक निदेशक अनूप धारवाल, महिला रोजगार कार्यालय जयपुर के सहायक निदेशक हनुमान सहाय मीना आदि ने इस अवसर पर उपस्थित युवा आशार्थियों को रोजगार मार्गदर्शन एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। शिविर में अविनाश कासलीवाल, चन्द्रभान चारण, रजनी गोयल एवं रजनीश खलवा आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### पुलिस भूमाफिया के साथ मिलकर मेरे पिता को बर्बाद करने पर तुली : मीनल

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने बिल्डर सत्यनारायण गुप्ता की अचानक हिस्ट्रीशीट खोलकर जो खेल किया, उसमें बिल्डर की बेटी ने मीडिया के सामने पिता का पक्ष रखा। सत्यनारायण गुप्ता की बेटी मीनल ने बताया कि उनके पिता पर दबाव बनाने के लिए एफआईआर पर एफआईआर दर्ज की जा रहीं हैं। अधिकतर मामले झूठे थे, जिनमें या तो एफआर लगी या कोर्ट में खत्म हो गए। उसका कहना है कि पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कुंवर राष्ट्रदीप, (अतिरिक्त पुलिस आयुक्त) की तरफ से मेरे पिता पर दबाव बनाया जा रहा है, कि वे अपने पार्टनर्स के खिलाफ नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, जयपुर बेंच में दायर कंपनी याचिका और अवमानना याचिका को वापस ले लें।




## World Password Day: A Reminder to Lock It Right


Observed on the first Thursday of May, World Password Day serves as a crucial reminder of the role strong passwords play in protecting our digital lives. In an era of rising cyber threats, using complex, unique passwords for each account, and enabling two-factor authentication, is no longer optional. Whether it's safeguarding bank details, personal chats, or work data, a secure password is your first line of defense. Today, take a moment to update your credentials, ditch '123456,' and embrace smarter security habits. Because in the digital world, a strong password is your strongest shield.

#LABOUR DAY

# Saluting the Hands That Build the Nation

In India, Labour Day was first observed in Chennai (then Madras) on May 1, 1923, spearheaded by the Labour Kisan Party of Hindustan. Since then, the day has carried deep significance, especially in a country where over 90% of the workforce is in the unorganised sector.





Every year on May 1st, the world pauses to honour the tireless efforts of workers who form the backbone of every economy. International Workers' Day, popularly known as Labour Day or May Day, is not just a date on the calendar, it is a tribute to the grit, sweat, and perseverance of the global workforce.

The origins of Labour Day trace back to the labour union movement in the 19th century, particularly the eight-hour day movement in the United States, where workers demanded 'eight hours for work, eight hours for rest, and eight hours for what we will.' What began as a fierce struggle for basic rights has now evolved into a global reminder of workers' rights, dignity, and socio-economic contributions.

In India, Labour Day was first observed in Chennai (then Madras) on May 1, 1923, spearheaded by the Labour Kisan Party of Hindustan. Since then, the day has carried deep significance, especially in a country where over 90% of the workforce is in the unorganised sector, construction workers, domestic helpers, farmers, street vendors, and artisans who contribute immensely but often remain unseen and underpaid.

This year's theme, 'Ensuring Safety and Social Protection for All Workers,' resonates deeply in the wake of growing concerns about job security, fair wages, and workplace safety. The pandemic years highlighted the vulnerabilities of workers across industries, especially daily wage earners and migrant labourers, many of whom had to walk hundreds of kilometres home amid lockdowns.

Beyond numbers and policies, Labour Day is also about recognition and respect. The delivery executive braving the summer sun, the sanitation worker keeping our surroundings clean, the nurse working round-the-clock, these are the real heroes who keep society functioning seamlessly.

Yet, challenges remain. Wage disparity, lack of benefits, unsafe working conditions, and gender inequality continue to plague various sectors. While government schemes like MGNREGA and labour codes are steps in the right direction, implementation gaps still leave many workers in limbo.

But hope shines through grassroots movements, nonprofits, and worker cooperatives empowering labourers with skills, rights awareness, and collective bargaining. Stories of transformation, like that of a woman construction worker becoming a site supervisor or a migrant worker starting his own trade business, are redefining the narrative around blue-collar jobs.

On this Labour Day, as flags are hoisted and speeches made, let's remember that real celebration lies in action: by supporting fair trade, encouraging ethical hiring, and acknowledging the people behind the products and services we consume daily.

Labour is not just an economic term, it's a story of human effort, pride, and progress. And this May 1st, let us all pledge to not just thank the hands that build, cook, clean, care, transport, and serve, but also uplift and stand beside them.



#THE ARTS

PART:1

# Mughal Art We Can't See

Babur's languages were Turki, in which he wrote his memoirs, and Persian, the language of culture across Iran and Central Asia. His reign lasted only four years, but during that time, he constructed new buildings and laid out gardens in the geometric Iranian style. None have survived. At his death in 1530, his kingdom incorporated the major cities of Kabul, Lahore, Agra and Delhi, but his control remained fragile. Babur was succeeded by his son, Humayun, who lacked his father's determination and military brilliance.




Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*




Babur receives Uzbek and Rajput envoys, Baburnama, 1590.

The great age of Mughal art lasted from about 1580 to 1650 and spanned the reigns of three emperors: Akbar, Jahangir and Shah Jahan. Hindu and Muslim artists and craftsmen from the northern regions of the Indian subcontinent worked with Iranian masters in the masculine environment of the royal workshops. Their very different traditions were combined to produce a radically new, and rapidly evolving style of art for the court.

The Mughal dynasty was founded in 1526 when Babur, a Central Asian Muslim prince, followed the example of his ancestor Timur (d.1405) and invaded the land he knew as Hindustan (the Indian subcontinent). He seized the Delhi Sultanate from its ruler, Ibrahim Lodi, and laid the foundations of what would become one of the world's great empires. Through his mother's line, Babur was also descended from the Mongol ruler Genghis Khan (about 1162-1227), and the dynasty would become known by the Persian word for Mongol.

This exhibition will last till May 05, 2025 in Kensington Victoria and Albert museum, London.



Bracker red sandstone.

## The Baburnama


By the late 16th century, few at court were able to understand Turki, the language in which Babur had written. The Persian translation, the *Baburnama* (Book of Babur), introduced to a wide Mughal audience the account of his turbulent life before and after invading Hindustan. He gave detailed descriptions of the unfamiliar flora and fauna he came across, and recorded in forthright terms how much he disliked many aspects of the land, notably its climate and architecture. He also described many of the new gardens he laid out in the Iranian manner, and the plants he introduced from Central Asia. The translation of Babur's memoirs from Turki to Persian was supervised by one of the great intellectuals of the age, Akbar's friend, Abd al-Rahim, who also held the highest office in the empire. The translation was finished in 1589, and several illustrated copies were made. One manuscript dating to about 1590 reached the Western art market in the early 20th century, and its paintings were sold off separately in 1913: 20 folios were bought that year by the V&A, and at least 50 others are known in collections across the world.



The murder of Hamza's son while he sleeps.

## About the Mughals


Babur's languages were Turki, in which he wrote his memoirs, and Persian, the language of culture across Iran and Central Asia. His reign lasted only four years, but during that time, he constructed new buildings and laid out gardens in the geometric Iranian style. None have survived. At his death in 1530, his kingdom incorporated the major cities of Kabul, Lahore, Agra and Delhi, but his control remained fragile. Babur was succeeded by his son, Humayun, who lacked his father's determination and military brilliance.



Hindu ascetics at a shrine.

Within ten years, Humayun was forced out of Hindustan by the Afghan Sher Shah Suri, who took over Mughal territory and ruled from Delhi. His kingdom was short-lived, but he instituted an extremely effective administrative system that was his lasting legacy. Humayun fled with a small band of followers to take refuge in Iran at the court of Shah Tahmasp. With the Shah's help, he was able to return to Kabul, from where he eventually launched a successful attack on Delhi. Humayun regained his former territories after nearly 17 years, but died only months later after falling down the stone steps of his library at night. He was succeeded in 1556 by his remarkable 13-year-old son, Akbar.

The giant Zamrud Shah falls into a well and is beaten by gardeners, Hamzanama, 1562-77.



"As new kingdoms were conquered, artists and craftsmen from many different regions entered the royal workshops. They brought their own distinctive styles to the monuments, paintings and artefacts being created for Akbar. The population of the empire was predominantly Hindu, with a significant Muslim minority.



Krishna kills demon Nikumbha, Harivamsa, 1590.

## Akbar

Under the guidance of one of Humayun's close confidants, the aristocratic Iranian Bayram Khan, the young ruler began to expand his territories. Some independent kingdoms were conquered; other rulers signed treaties and entered imperial service. Over the next 49 years, Akbar extended Mughal rule over most of the north of the subcontinent, stretching from Gujarat in the west to Bengal in the east, and from Kabul and Kashmir in the north to the borders of the independent Deccan sultanates in the south. As new kingdoms were conquered, artists and craftsmen from many different regions entered the royal workshops. They brought their own distinctive styles to the monuments, paintings and artefacts being created for Akbar. The population of the empire was predominantly Hindu, with a significant Muslim minority, and Hindus reached the highest levels of the administrative hierarchy. Akbar married some of the daughters of Hindu Rajput rulers. In the royal House of Books (Ketab khana), which housed the library as well as being the place where manuscripts were created, Hindustani artists were directed by two Iranian masters, formerly in the service of his father, to produce a new style of book painting. Many of the calligraphers, bookbinders and illuminators, who worked with them, were also Iranian.




Hamza kills a tiger, Hamzanama, 1562-77.



Baburnama, by Deji Gujrati, 1590.

Hamza's spy, Basu, beheads an enemy and gains entry to the Castle of Acre, Hamzanama, 15262-77.






Mughal Map.

## The Hamzanama

Their first major undertaking was the creation of the multiple, illustrated volumes of the Hamzanama, or 'Book of Hamza.'

These popular tales of the Muslim hero Hamza and his band of followers fighting against unbelievers, witches and demons, and supernatural or magical forces, were traditionally performed, rather than written down and read. However, Akbar ordered one of the court's most accomplished prose writers, another Iranian from the large city of Qazvin, to produce a written version that was then copied by calligraphers for this imperial volume.




Akbar receives the Iranian Ambassador Sayyid Beg in 1562.



Babur supervising the laying out of the garden of fidelity in Kabul, by Ramdas, 1590.

Some were rescued from the windows of the shop, where they had been used to block out the winter frosts of the previous season. Their condition, inevitably, is poor: some have been damaged by fire or rain, and the colours on all the pages have faded.



Slightly contradictory contemporary sources record that the tales filled 12 or 14 bound volumes, each with 100 paintings, and that the work took 15 years to complete. The exact years are not specified, but most authorities now agree that they fell between about 1562 and 1577. Fewer than 200 of these paintings have survived, all of them separated from their bindings which have long disappeared. The largest group of 60 folios is now in the MAK (Museum für angewandte Kunst) in Vienna. The second largest group, comprising 28 complete folios and two fragments, is in the V&A.

Each of the large folios of the Hamzanama is made up of multiple layers. The text was written on paper, burnished and lightly flecked with gold and backed with cotton; and the painting was done on cotton which was backed with paper. The layers were then glued together, and originally had borders, of which small remnants now remain. Most of the paintings now in the V&A were acquired in the winter of 1880-81 when Caspar Purdon Clarke was sent to India on a purchasing trip to make acquisitions for what was then the South Kensington Museum (now the V&A). The main purpose of the architect, who was the first Keeper of the Indian Section and would go on to become Director of the V&A, was to buy contemporary objects of a kind not represented in the museum.

When in Kashmir, he wandered into a curiosity shop in the capital city of Srinagar, and noticed some large paintings which he immediately bought. Some were rescued from the windows of the shop, where they had been used to block out the winter frosts of the previous season. Their condition, inevitably, is poor: some have been damaged by fire or rain, and the colours on all the pages have faded significantly. In addition, at some stage in their history, probably in the 19th century, zealots have rubbed out the faces of all the living beings depicted. The paintings now in the MAK are considerably better preserved, and give a better idea of the vibrancy of the original colours.

The Hamzanama paintings demonstrate the beginning of a distinctively Mughal style that would become more refined as Akbar's reign progressed. Parallel trends simultaneously took place in architecture, and in the production of artefacts for the court.

The vertical format of the Hamzanama paintings, high-viewpoint and meticulous details of the surface ornamentation of some weapons and textiles, all derive from Iranian conventions, but are combined with a naturalism in the depiction of animals and birds that belong to Hindustani traditions.

Though never realistic, the paintings nevertheless occasionally provide glimpses of contemporary life in even the most fantastic settings, a feature that would endure in Mughal painting.

Many of the buildings depicted appear to be of red sandstone, the material used in the construction of Akbar's monuments in the royal cities of Delhi and Agra, and in his new city, Fatehpur Sikri.

The nascent Mughal style continued to evolve over the next decades as the artists were exposed to new influences, or new recruits joined them. Iranian artists sought employment at Akbar's court, bringing with them an enhanced attention to detail and sophisticated use of colour. They were vastly outnumbered by the calligraphers, craftsmen, architects, poets and scholars who also came from Iran, able to move easily into this Persian-speaking milieu.

In 1578, Persian, already the language of the cultivated elite, was officially adopted as the administrative language of the empire. This allowed reports to be collected in the central Record Office of the court from every province, each of which had many local languages.


A few years earlier, in 1574, a Translation Bureau (Maktab khana) had been established as one of the major court institutions. It produced Persian translations of key texts, the most important of which were then illustrated. The memoirs of Akbar's grandfather, Babur, was one of these.

Akbar receives the Iranian Ambassador Sayyid Beg in 1562.




"Akbar's reign was shaped by his curiosity regarding religions other than his own Muslim faith on the one hand, and his desire for religious tolerance on the other. Acutely aware of tensions between his Hindu and Muslim subjects, he wanted the major Sanskrit texts to be translated into Persian so that they could be widely read by non-Hindus.





Timur handing the crown to Babur in the presence of Humayun, by Govardhan, 1628.



## The Harivamsa

Akbar's reign was shaped by his curiosity regarding religions other than his own Muslim faith on the one hand, and his desire for religious tolerance on the other. Acutely aware of tensions between his Hindu and Muslim subjects, he wanted the major Sanskrit texts to be translated into Persian so that they could be widely read by non-Hindus. In doing so, it was hoped that 'those who display hostility may refrain from doing so and may seek after the truth.' The Translation Bureau was therefore given the task of producing Persian versions of fundamental texts such as the Ramayana (Razmnama, or Book of War) and the Harivamsa, considered to be an appendix to the Mahabharata, detailing the life of Krishna.

The translation of the Sanskrit text of the Harivamsa into Persian was finished by about 1590 and paintings were added. One imperial copy had its paintings removed in the early 1920s when stray pages appeared on the Western art market. The six folios in the V&A were part of this group, but were not acquired until 1970 when they were bequeathed by Dame Ada Macnaghten.

**To be continued...**


*rajeshsharma1049@gmail.com*


## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## कोटा-बूंदी में बारदाने की नहीं होगी किल्लत

**कोटा** (निस)। कोटा-बूंदी क्षेत्र के गेहूं खरीद केंद्रों पर बारदाने की कमी से किसानों को उपज बेचने में आ रही दिक्कतों के समाधान को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के चेयरमैन को तत्काल निदान के निर्देश दिए हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में किसान प्रतिनिधिमंडल ने स्पीकर

- **एफसीआई चेयरमैन को स्पीकर बिरला ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश**
- **बारदाने की कमी के कारण तुलाई में समय अधिक लग रहा था**

बिरला को अवगत कराया कि खरीद केन्द्रों पर बारदाने की कमी के कारण तुलाई में समय अधिक लग रहा है, इसके चलते किसान अपनी फसल को कम दाम पर ही बेचने को मजबूर हो जाते हैं। स्पीकर बिरला के निर्देश के बाद एफसीआई ने अगले कुछ दिनों में कोटा-बून्दी के लिए 20 लाख जूट के बारदानों की व्यवस्था करने का निर्णय लिया। इसके अतिरिक्त, त्वरित राहत के रूप में कोटपुतली, कोलकाता और कानपुर से प्लास्टिक के बारदाने (बोरी) कोटा-बूंदी भेजे जाएंगे।

एफसीआई राजस्थान के महाप्रबंधक सौरभ चौरसिया ने जानकारी दी कि अगले कुछ दिनों में क्षेत्र को रोजाना 400 वेल्स (2 लाख बोरियों) की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे खरीद कार्य प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने बताया कि अब तक कोटा में 1.18 लाख मैट्रिक टन तथा बूंदी में 1.20 लाख मैट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है और यह प्रक्रिया सतत जारी है। खरीद केंद्रों पर बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता के चलते अब किसानों को घंटों प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी और फसल का उठाव बाधित नहीं होगा।

# गत्ता फैक्ट्री में भीषण आग लगी

## इलाके में अफरा-तफरी मच गई, 50 से अधिक दमकल ने पाया आग पर काबू



अजमेर पालरा स्थित रीको इंडस्ट्रियल एरिया में आग लगने से अफरा तफरी का मौहाल हो गया।

**अजमेर,** (कासं)। पालरा स्थित रीको इंडस्ट्रियल एरिया में बीती देर रात एक बड़ी आग आग लग गई। यह आग अग्रोदिया प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड की फैक्ट्री में लगी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री में कागज का गत्ता तैयार किया जाता है, जिसकी वजह से आग तेजी से फैल गई।

आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं. दमकल की करीब 50 गाड़ियां मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया गया। आग की भीषणता को देखते हुए आसपास के इलाकों से भी दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया है।

- **अग्निकांड में करोड़ों रुपए के नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है क्योंकि फैक्ट्री में तैयार माल और कच्चा माल बड़ी मात्रा में मौजूद था।**
- **फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में केमिकल भी मौजूद था जिसे समय रहते निकाल लिया गया नहीं तो यह हादसा और भीषण हो सकता था।**

अग्निकांड में करोड़ों रुपए के नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है क्योंकि फैक्ट्री में तैयार माल और कच्चा माल बड़ी मात्रा में मौजूद था। आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में केमिकल भी मौजूद था जिसे समय रहते निकाल लिया गया नहीं तो यह हादसा और भीषण हो सकता था। चीफ फायर ऑफिसर जगदीश प्रसाद और पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन की प्राथमिकता आग को फैलने से रोकना और जल्द से जल्द इस पर काबू पाना है।

इस घटना में सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी मजदूर फैक्ट्री से बाहर निकल गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

## विभिन्न परीक्षाओं में संशोधन का अवसर

**अजमेर ,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जुलाई माह में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं में 1 से 7 मई 2025 तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन किए जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा तकनीकी सहायक भू-भौतिकी (भू-जल विभाग) परीक्षा, 2024 तथा बायोकेमिस्ट (चिकित्सा शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2024 का आयोजन 7 जुलाई 2025, कनिष्ठ रसायनज्ञ (भू-जल विभाग) परीक्षा, 2024 एवं सहायक परीक्षण अधिकारी (सार्वजनिक निर्माण विभाग) परीक्षा, 2024 का आयोजन 8 जुलाई 2025, सहायक निदेशक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग) परीक्षा, 2024 का आयोजन 9 जुलाई 2025 एवं अनुसंधान सहायक (मूल्यांकन विभाग) परीक्षा, 2024 का आयोजन 10 जुलाई 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षाओं के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों अनुसार ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों को दिया गया है। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगें।

## वीरेंद्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता ने आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरेंद्र सिंह राठौर के करनाल स्थित निवास स्थान पर पहुंचकर उनके पिता हरियाणा पंजाब बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौर के आकस्मिक निधन पर पुष्पांजलि अर्पित की । इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं राहुल गांधी के निजी सहायक कनिष्क सिंह ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

# बाल सम्प्रेषण व किशोर गृह में भोजन की सुविधा देखी

## सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किशोर गृह का किया निरीक्षण



विशाल भार्गव ( अपर जिला न्यायाधीश ) सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बाल सम्प्रेषण गृह व किशोर गृह में दी जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया।

**भीलवाड़ा** । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार आज विशाल भार्गव (अपर जिला न्यायाधीश) सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाडा ने बाल सम्प्रेषण गृह, सुरक्षीत स्थान, किशोर गृह एवं शिशु गृह पालडी भीलवाडा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया भार्गव , सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाडा द्वारा उपस्थित अधिकारी धर्मराज पत्रिहार से राजकीय संप्रेषण एवं बाल गृह पालडी से किशोरो के स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली ।

# आरोपी की प्रोडक्शन वारंट पर होगी गिरफ्तारी

## सुरक्षा की दृष्टि से आरोपी को अलग बैरिक में रखा

**भीलवाड़ा।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में गत दिनों हुई चौकीदार की हत्या और जांच के लिए बापूनगर पहुंची पुलिस को मिली हत्यारे के दो दोस्तों की लाश के मामले में गिरफ्तार आरोपी दीपक को प्रोडक्शन वारंट के तहत प्रताप नगर थाना पुलिस गुरुवार को गिरफ्तार कर मामले की गहनता से जांच शुरू करेगी।

थाना प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि अय्यपा मंदिर के चौकीदार के साथ ही अपने दो दोस्तों की निर्मम हत्या कर उनके प्राइवेट पार्ट काट देने के आरोपित दीपक नायर को मंगलवार सुभाषनगर पुलिस ने रिमांड खत्म होने पर अदालत में पेश किया, जहां से उसे आदेश के बाद जेल भिजवा दिया। सुरक्षा की दृष्टि से आरोपित को अलग बैरिक में अकेले ही रखा है। गत दिनों दीपक ने रमा विहार कॉलोनी में स्थित अय्यपा मंदिर के चौकीदार मलाण निवासी लालसिंह रावणा राजपूत की रात्रि के समय निर्मम हत्या कर उसका प्राईवेट पार्ट काट दिया था। इस मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। इस दौरान मौका तस्दीक करने जब सुभाषनगर पुलिस आरोपित के बापूनगर स्थित घर पहुंची तो वहां आरोपित दीपक के ही दो दोस्तों संदीप और मोनू के क्षत-विक्षत शव अधजली हालत में मिले थे। इस संबंध में प्रताप नगर पुलिस ने अलग से केस दर्ज किया था। इस बीच, मंगलवार को आरोपित दीपक को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भिजवा दिया। जेल अधीक्षक भैंरूसिंह राठौड़ ने बताया कि ट्रिपल मर्डर के आरोपित दीपक को जेल के एक अलग बैरिक में अकेले रखा गया है। जेल स्टॉफ चौकसी बरते हुये है। सिंह ने बताया कि जिस बैरिक में दीपक को रखा गया, उसमें अमूमन 40 बंदियों को रखा जाता है, लेकिन खुंखार प्रवृत्ति के दीपक को इस बैरिक में सुरक्ष की दृष्टि से अकेले रखा गया है। वहीं दूसरी डबल मर्डर के आरोप में दीपक को संभवतया प्रताप नगर पुलिस प्रोडक्शन वारंट के तहत गुरुवार को गिरफ्तार करेंगी।

# आमने सामने दो बाइक की भिड़ंत में तीन श्रमिकों की मौत

## दो श्रमिक घायल जिनका अस्पताल में उपचार किया

**उदयपुर** । उदयपुर झाड़ोल मार्ग पर आमने सामने दो बाइक की भिडंत हो गई। हादसे में तीन श्रमिकों की मौत हो गई तथा दो श्रमिक घायल हो गए।

मंगलवार रात में उदयपुर झाड़ोल मार्ग नाई थाना क्षैत्र उन्दरी रोड़ पर आमने सामने दो बाईक की भिडंत हो गई। हादसे में लक्ष्मण पुत्र भगवानलाल निवासी कुॅम्हारिया खेड़ा, प्रेम पुत्र लालू मीणा निवासी कुम्हारिया खेड़ा राजवास, सुनिल पुत्र अमरा निवासी माकड़ा देव की मौत हो गई तथा मावा पुत्र प्रभू निवासी कुम्हारिया खेड़ा तथा माकड़ा देव निवासी पिन्टू पुत्र बाबुलाल घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। लक्ष्मण मावा व प्रेम मजदूरी कर बाइक पर उदयपुर से कुम्हारिया खेड़ा की तरफ जा रहे थे एवं पिन्टू सुनिल बाइक पर माकडा देव से उदयपुर जा रहे थे। जहां बीच रास्ते दोनों की आमने सामने भिडंत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर नाई

- **उदयपुर झाड़ोल मार्ग पर आमने सामने दो बाइक की भिड़ंत होने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई तथा दो श्रमिक घायल हो गए।**
- **पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की**

थानाधिकारी लीलाराम मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर सभी को मौके से एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां लक्ष्मण, प्रेम व सुनिल की मौत हो गई तथा साथी घायल हो गए इधर घटना के दूसरे दिन एएसआई अमीन लाल ने मृतकों को पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## फर्जी रजिस्ट्री कराने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** । कुराबड़ थाना पुलिस ने जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने के मामले में मुख्य आरोपी शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित रामसिंह पुत्र भूरसिंह निवासी तलामगरी आन्लापा साकरोदा प्रतापगर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें पीडित ने बताया कि 6 मार्च 25 को तहसील से सूचना मिली की मेरे पिता भूरसिंह बन कर जमीन की कोई रजिस्ट्री करा रहा है। इस पर परिजनों सहित मौके पर पहुंचा तो तलामगरी साकरोदा पर स्थित हमारी पुस्तेनी जमीन को मेरे पिताजी का फर्जी फोटों व आधार कार्ड लगा कर अन्य व्यक्ति के नाम पर रजिस्ट्री करवाई जा रही थी। जो पड़ोसी शंभूसिंह पुत्र भानसिंह व अन्य द्वारा कराई जा रही थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में कुराबड़ थानाधिकारी प्रभुलाल के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाहीं की।

# सड़क किनारे खड़े 4 दोस्तों को कैंपर ने कुचला

**नोखा** । दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। करनेतपुरा श्री बालाजी निवासी जवाहरलाल नायक ने नोखा थाने में मामला दर्ज करवाया है। उसने बताया कि 27 अप्रैल की शाम को उसके छोटे भाई का लड़का दिनेश (22) व चचेरा भाई महावीर (24) दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर नोखा से श्रीबालाजी की ओर जा रहे थे। जब वे नेशनल हाईवे 62 पर नोखा में महादेव होटल से कुछ दूर आगे पहुंचे।

वहां पर सड़क किनारे बाइक खड़ी कर कुछ लोगों से बात कर रहे थे, इसी दौरान नागौर की तरफ से आ रही कैंपर गाड़ी के चालक ने रोड किनारे खड़े दिनेश, महावीर, पीराराम और हरीश को टक्कर मार दी। इससे चारों जने घायल हो गये। भगवानाराम व अन्य व्यक्ति उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। जहां से उन्हें बीकानेर रेफर कर दिया। जहां रात को दिनेश और महावीर की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं दूसरी दुर्घटना भाम्मटसर के पास हुई जिसकी रिपोर्ट

- **नागौर की तरफ से आ रही कैंपर गाड़ी के चालक ने रोड किनारे खड़े दिनेश, महावीर, पीराराम और हरीश को टक्कर मारी**

बाड़मेर के धोलाराम जाट ने नोखा थाने में दर्ज करवाई है। उसने बताया कि 27 अप्रैल उसका भतीजा अमराराम जाट निवासी खारी जिला बाड़मेर भाम्मटसर से नोखा की तरफ बाइक पर जा रहा था। उतने में एक गाड़ी गलत साइड से आई और उसके भतीजे को टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया।

उसे लाइज के लिए बीकानेर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने दोनों मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रेलवे ट्रेक पर काम करते समय दो रेल कर्मचारी आए सवारी गाड़ी की चेपट में

**गंगापुर सिटी** । पटना-कोटा ट्रेन की चपेट में आने से दो रेल कर्मचारियों की दर्दनाक मौत हो गई। कर्मचारी रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे थे। हादसा दिल्ली-मुंबई रेल लाइन पर छोटी उदई स्टेशन के पास सुबह साढ़े 10 बजे हुआ। रेलवे के सहायक असिस्टेंट सिग्नल अजहरुद्दीन ने बताया कि कांकर रेती गांव निवासी तकनीशियन गोवर्धन सैनी (28) और खोहरा गांव निवासी हेल्पर दिनेश मीणा (35) ट्रेक पर काम कर रहे थे। इसी दौरान गंगापुर से दिल्ली की ओर मालगाडी गुजर रही थी। जिसके कारण दोनों कर्मचारी दूसरी लाइन पर गए। इसी दौरान कोटा-पटना ट्रेन (13237) आ गई। दोनों कर्मचारी पटरी पर ही थे। ट्रेन इतनी तेजी से आई कि दोनों को संभलने का मौका नहीं

- **दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनो को सौपा**
- **हादसा दिल्ली-मुंबई रेल लाइन पर छोटी उदई स्टेशन के पास सुबह साढ़े 10 बजे हुआ।**

मिला। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों के शरीर के चीथडे उड गए। मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनो को सौप दिया। सहायक असिस्टेंट सिग्नल अजहरुद्दीन ने बंविल पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों के शरीर के अंगों को एकत्र कर मिनी ट्रक से गंगापुर अस्पताल लाया गया। शवों को मॉर्चुरी में रखवाया गया। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे। दोनों मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन गंगापुर अस्पताल पहुंचे।

**रेल कर्मचारियों में भारी आक्रोश :** सहायक असिस्टेंट सिग्नल अजहरुद्दीन ने बताया कि मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद रेल कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि स्टाफ की कमी के कारण काम का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसी वजह से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

# मैरी कॉम ने अजमेर दरगाह में चढ़ाई मखमली चादर



विश्व प्रसिद्ध बॉक्सर और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम ने बुधवार को अजमेर स्थित हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ में हाजिरी लगाई।

**अजमेर,** (कासं)। विश्व प्रसिद्ध बॉक्सर और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम ने बुधवार को अजमेर स्थित हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ में हाजिरी लगाई।

इस दौरान उन्होंने दरगाह में मखमली चादर और अकीदत के फूल पेश किए। मैरी कॉम ने ख्वाजा साहब की दरगाह में देश में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। दरगाह के खादिम ने उन्हें जियारत कराई और

- **देश के लिए मांगी अमन की दुआ**

दरगाह शरीफ का तबर्रुक भेंट किया।मैरी कॉम ने उन्होंने हाल ही में पहलगाम में हुई दुखद घटना पर गहरा दुख जताया। जियारत के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, 'पहलगाम की घटना ने मुझे बहुत दुखी किया है। मैंने ख्वाजा साहब की दरगाह में देश के लिए अमन और भाईचारे की दुआ मांगी। हमारा देश एकता और शांति का प्रतीक है, और हमें इसे बनाए रखना होगा।'मैरी कॉम ने दरगाह में करीब एक घंटे तक समय बिताया। इस दौरान उन्होंने ख्वाजा साहब की शिक्षाओं और उनके मानवता के संदेश को याद किया। खादिम ने उन्हें दरगाह के इतिहास और ख्वाजा साहब के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। मैरी कॉम ने दरगाह की सादगी और आध्यात्मिक शांति की प्रशंसा की।

## मालगाडी की चेपट में आने से रिटायर्ड रेल कर्मचारी की मौत

**गंगापुर सिटी** । दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर स्थित गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर बुधवार सुबह एक सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी की मालगाड़ी से टकराने से मौत हो गई। घटनास्थल से मिले मोबाइल फोन से मृतक की

- **घटनास्थल से मिले मोबाइल फोन से मृतक की पहचान हुई।**

पहचान हुई। मृतक की पहचान कोलीपाडा मोहल्ला नसिया कॉलोनी निवासी बाबूलाल कोली (61) के रूप में हुई है। वह सुबह करीब 5:30 बजे टहलने के लिए घर से निकला था। बाबूलाल जब रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तब ए केबिन और प्लेटफॉर्म 2 के बीच मालगाडी की चपेट में आ गया। घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को ट्रैक से हटाकर प्लेटफॉर्म पर रखवाया। घटनास्थल से मिले मोबाइल फोन से मृतक की पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने शव को गंगापुर सिटी सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में पहुंचाया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम कराया गया। शाम को शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# बकाया एरियर भुगतान, समय पर मानदेय देने की मांग उठाई

## चिकित्सालय में कार्यरत संविदा, निविदा कर्मचारी संघ ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन दिया

**बून्दी।** चिकित्सालय में कार्यरत संविदा, निविदा कर्मचारी संघ ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन देकर प्लेसमेंट कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष अमित गौतम ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा श्रम विभाग कि दरे बढ़ाई गई थी। जनवरी 2023 से राजस्थान सरकार द्वारा संविदा प्लेसमेंट

- **जनवरी 2023 से संविदा प्लेसमेंट कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन, बकाया एरियर दिया गया था जो कि अभी तक भी संविदा प्लेसमेंट कर्मचारियों को नहीं दिया गया है।**

कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन, बकाया एरियर दिया गया था जो कि अभी तक भी चिकित्सा विभाग के संविदा प्लेसमेंट कर्मचारियों को नहीं दिया गया है।



चिकित्सालय में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को अपनी समस्याएं बताई।

एनआरएचएम कर्मचारियों का कहना है कि वें फिक्स वेतन पर कार्य कर रहे हैं इसमें से भी 18 प्रतिशत जीएसटी 3 प्रतिशत टीडीएस, 1 प्रतिशत सर्विस टैक्स काटा जा रहा है जिससे कि इन कर्मचारियों को बहुत ही अल्प वेतन मिलता है। इतने अल्प वेतन में इन कर्मचारियों का परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है। एनआरएचएम कर्मचारियों का जीएसटी नहीं काटा जाए एवं जो जीएसटी काटा गया है वह वापस रिफंड किया जाए। इस दौरान चिकित्सा विभाग के लैब टेक्नीशियन, ऑक्सीजन प्लांट ऑपरेटर, गार्ड सफाई कर्मचारी हेल्पर, वॉशरमैन इलेक्ट्रीशियन शामिल रहे।

## संक्षिप्त

### महर्षि दधिची महाराज की मूर्ति स्थापना करवाई

**फुलेरा ।** राजस्थान विप्र महासभा शाखा फुलेरा के तत्वावधान में बुधवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर नरैना रोड़ स्थित खाण्डल भवन परिसर से प्रातः 7:30 बजे भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकली गई। जो कि क्षेत्र के परशुराम सर्किल होते हुए मुख्य बाजार से जोबनेर रोड़ स्थित श्री परशुराम भवन विप्र वाटिका पहुंची। इसी बीच झांकी का धर्मप्रेमियों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए विप्र महासभा के अध्यक्ष राजू दाधिच ने बताया कि भव्य शोभायात्रा बैण्ड बाजें के साथ भगवान परशुराम व महर्षि दधिची महाराज की जीवन्त झांकी शामिल रही। यात्रा के समापन पर महाआरती और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही टी सीरीज गायक कलाकार कमलेश शर्मा ने कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर उपस्थित महिला पुरुष नाचने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में महर्षि दधिची महाराज की मूर्ति की स्थापना करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या महिला पुरुष मौजूद रहे।

### विद्यार्थीयों का सम्मान-समारोह आयोजित

**फुलेरा ।** कस्बे के शिवाजी नगर बालाजी रोड़ स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर परिसर में बुधवार को विद्यार्थीयों का सम्मान-समारोह के साथ वार्षिक परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विद्या मन्दिर के पूर्व छात्र व अधिशासी अधिकारी शिवराज कृष्ण चौधरी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष दिनेश चन्द शर्मा, उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल कुमावत, व्यवस्थापक बाबूलाल शर्मा, सदस्य बाबूलाल बड़ीवाल, अभिभावक नीरज देवी रही। तत्पश्चात वहीं वार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय में भैया-बहनों को शिक्षा के साथ-साथ दिए जाने वाले संस्कारों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुमावत ने भैया-बहनों का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि शिक्षा की जड़े कड़वी होती है, लेकिन फल मीठा होता है। कार्यक्रम में मंच का संचालन आचार्य गणेश लाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आचार्य अर्जुन लाल, मुन्नी देवी, सुगनी देवी, किरण देवी, तारा देवी, प्रियंका देवी, कान्ता देवी सहित अन्य कई अभिभावक उपस्थित रहे।

### नगर मे बीज बैंक का उदघाटन

**मालपुरा।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के नगर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्वीकृत वानस्पतिक बीज बैंक का बुधवार को उदघाटन किया गया। पदम श्री लक्ष्मण सिंह ,पंचायत प्रशासक किस्मत कंवर राजू सिंह, ग्राम विकास नवयुवक मंडल लापोडिया संस्थान के सीईओ ओमप्रकाश सांखला, नगर ग्राम विकास अधिकारी रामनिवासी बाना, कनिष्ठ लिपिक चेतन सैनी,बीज गुणी नृसिंह राठोड सहित प्रबुद्धजनो ने बीज बैंक का उदघाटन करते हुये मौजूद ग्रामीणो से जागरूक रहकर योजना का लाभ लेने की अपील की।

### परशुराम जन्मोत्सव पर लगाई शीतल जल की प्याऊ

**नारायणपुर।** नारायण सेवा समिति ने बुधवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव और अक्षया तृतीया के उपलक्ष्य पर शम्भु आश्रम के सामने मीठे और शीतल जल की प्याऊ लगाई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने आने-जाने वाले लोगों को तरबूज वितरण कर उन्हें गर्मी से राहत प्रदान की। समिति के सदस्यों ने इस सेवा कार्य को नर सेवा ही नारायण सेवा का प्रतीक बताते हुए दिनभर अपनी सेवाएं दीं। समिति के इस पहल को देखकर स्थानीय लोगों ने उनकी सराहना की।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# अधिकारी तत्परता से कार्य कर समयबद्ध निस्तारण कराएं : कलेक्टर

■ फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उपखंड अधिकारीयों को सम्मानित किया

**अलवर ।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय कलक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद आम रास्तों को खुलवाने तथा लम्बित वादों को प्राथमिकता से निस्तारित करने एवं पीएम सूर्यघर योजना में लोगों को प्रोत्साहित करने आदि को लेकर निर्देश दिए वहीं फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में उत्कृष्ट कार्य करने पर अधिकारी को सम्मानित किया।



कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय कलक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी तत्परता से कार्य करते हुए बकाया राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। मई माह से प्रारम्भ हो रहे रास्ता खोलो अभियान की रूपरेखा की विस्तृत समीक्षा करते हुए उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभियान के दौरान कदेमी आम रास्तों को चिन्हित कर 15 जून तक खुलवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु नियमित जनसुनवाई के साथ त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित गुणवत्ता के साथ निराकरण करें। उन्होंने ई-फाइल प्रणाली पर जोर देते हुए निर्देश दिये कि ई-फाइलिंग को उपखंड अधिकारी कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में शत प्रतिशत लागू करने एवं ई-फाइलों त्वरित गति से निस्तारित करें। ऑनलाइन सीमाज्ञान एवं म्यूटेशन की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों को परिवादों की सघन मॉनिटरिंग करने सहित इनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय एवं राजस्व मंत्री व उपनिवेशन विभाग से प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए कार्रवाई रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिये।

उन्होंने चारागाह भूमि एवं राजकीय भूमि पर अतिक्रमण के मामलों की समीक्षा करते हुए स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण के विरूद्ध नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपखण्डवार राजस्व वाद निस्तारण, पत्थरगढी के शेष प्रकरणों, विभागीय जांच के बकाया प्रकरण, रिवेन्यू लैंड कंवर्जन प्रकरण, बजट घोषणा एवं नॉन बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन की स्थिति, भूमि संपरिवर्तन प्रकरण, ई-विद्या कार्यक्रम की समीक्षा कर संबंधित उपखण्ड अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत आगामी तीन माह में कार्य योजना बनाकर शिविरों के माध्यम से आमजन को योजना में रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु प्रोत्साहित करें। साथ ही अब तक जिले में करीब 9 हजार रजिस्ट्रेशन करवा चुके उपभोक्ताओं की सौलर पैनल स्थापना के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करवाकर पैनल लगवाना सुनिश्चित करें।

उपखण्ड स्तर पर हरियालो राजस्थान के तहत बैठक कर विभागवार पौधारोपण के लक्ष्य एवं मानसून के दौरान पौधारोपण के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि मिशन सक्षम आंगनबाडी के तहत दिए गए लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर उन्हें आदर्श आंगनबाडी केंद्र तैयार करवाएं तथा जुलाई माह तक जिले में 50 आंगनबाडी केंद्रों को आदर्श आंगनबाडी केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु ब्लॉकवार 5-5 आंगनबाडी केंद्रों को और अडोप्ट कर उनको आदर्श आंगनबाडी केंद्र के रूप में विकसित करवाना सुनिश्चित करने के सामाजिक संस्थाओं, भामाशाहों एवं आमजन का भी सहयोग लेवे।

### प्रतिमा का अनावरण

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती कल्याणपुरा ग्राम पंचायत के झाड़ली रोड़ स्थित स्मारक पर शहीद सूबेदार प्रभुसिंह की प्रतिमा का समारोहपूर्वक अनावरण किया गया।राज्य सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर ,खण्डेला विधायक सुभाष मील व यूडीएच मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह खर्रा ने शहीद के परिजनों के साथ शहीद की प्रतिमा का अनावरण किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाजौर ने कहा कि जैसे भगवान मानव रुप में जन्म लेकर समाज और राष्ट्र की रक्षा करते हैं वैसे ही शहीद जवान भी भगवान के समान होते हैं। हमें शहीदों की पूजा -अर्चना करनी चाहिए तथा उनका वन्दना करना चाहिए।

मांगलिक अवसरों पर शहीद स्मारकों पर पुष्पचढ़ाने चाहिए।इस मौके पर खण्डेला विधायक सुभाष मील ने शहीदों को समाप्त के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि जो राष्ट्र के लिए अपनी जान न्यौछावर करते हैं उनका नाम सदियों -सदियो तक लिया जाता है और वो हमेशा -हमेशा के लिए अजर-अमर हो जाते हैं। उन्होंने युवाओं को शहीदों से प्रेरणा लेने का आव्हान भी किया।

# ‘पानी, पेड़ व प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है’

**कोटपूतली।** पानी पेड़ प्रकृति बचाओ (जहर मुक्ति आंदोलन) नंगे पांव गांव-गांव पदयात्रा एनआईआईटी यूनिवर्सिटी नीमराना के जल महोत्सव समारोह में भागीदार बनने पहुंची। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी में आयोजित भव्य जल महोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीपसिंह शेखावत रहे तथा अध्यक्षता रिटायर्ड मेजर जनरल एवं डीनएनआईआईटी यूनिवर्सिटी नीमराना एके सिंह ने की।



पानी पेड़ प्रकृति बचाओ नंगे पांव गांव-गांव पदयात्रा का शिक्षकों ने सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि दीपसिंह शेखावत में जल महोत्सव में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पानी पेड़ प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है। आज के मानव ने इन पांच महाभूतों का शोषण करके जीवन को बर्बाद करने का काम किया है। हम सभी विद्यार्थियों को पानी और पेड़ को पढ़ाई के साथ भाईचारे का व्यवहार स्थापित करने पर ही खुशहाली एवं शांति की स्थापना हो सकती है। यूनिवर्सिटी के डीन जनरल ए के सिंह ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक एवं पर्यावरण के बारे में समझाया। पर्यावरण प्रदूषण के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन का संकट, गहराता जल संकट अर्थव्यवस्था एवं जीवन असाध्य बीमारियों से त्रस्त है।

समाजसेवी कैलाश ताखर ने विद्यार्थियों को समझाया कि आज का युवा लाचार बेकार बीमार है। छोटे-छोटे प्रयासों से ही पानी और पर्यावरण का संरक्षण संभव है। विशिष्ठ अतिथि पूर्व सरपंच प्रागपुरा एलन स्वामी ने कहा कि भूगर्भ के जल का अत्याधुनिक तकनीक के द्वारा अंधाधुंध दोहन करना भावी पीढ़ी को अकाल एवं अंधकार में धकेल रहा है। हम सबको वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण करके प्रकृति एवं जीवन जीविका की खुशहाली को कायम रखना सीखना समझना चाहिए। पानी पेड़ प्रकृति बचाओ नंगे पांव गांव-गांव पदयात्रा के डेलिगेशन का यूनिवर्सिटी के शिक्षकों ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया।

### एडवाइजरी जारी की

**टोंक।** आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने आकाशीय बिजली एवं आंधी- बारिश के प्रभाव को न्यूनतम करने एवं रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिला प्रशासन ने आमजन को क्या करें और क्या ना करें के बारे में बताया है कि आमजन तीव्र गर्जन सुनने पर सुरक्षित स्थान पर आश्रय लें। बिजली गर्जन के समय पेड़ों, टिनध्धातु की छतों के नीचे व पास में शरण न ले। समुचित दूरी रखे और भीड़ में खड़े होने से बचे। गड़गड़ाहट के अंतिम गर्जन के बाद कम से कम 30 मिनट के लिए गतिविधियों को स्थगित करें।

स्थानीय मीड़िया द्वारा जारी सूचना, चेतावनी एवं निर्देषों का पालन करें, बच्चों, बुजुर्गो, गर्भवती महिलाओं और जानवरों के लिए भी सुरक्षित स्थान सुनिश्चित करें। सभी विद्युत उपकरणों को बंद करें और धातु के पाइप में विद्युत, कॉर्डेड टेलीफोन उपकरणों, उपयोगिता लाइनों, तारों और बहते पानी के सम्पर्क से बचे। कंकरीट के फर्ष पर न लेटे व दिवार के साथ सट कर न खड़े हो। इसके स्थान पर पैरों के मध्य सिर को रखकर अपने आप को छोटा बनाकर पंजो के बल बैठे।

## सार-समाचार

### विद्यालय विकास के लिए 91 हजार रुपये सौंपे

**कोटपूतली।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर ढ़ाणी गूंदका वाली सरूण्ड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक अनुकरणीय सामाजिक पहल देखने को मिली। परशुराम स्वयंसेवी संगठन ने जन सहयोग से एकत्रित 91 हजार रुपये की राशि विद्यालय के विकास हेतु भेंट की, जो शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सहभागिता की प्रेरक मिसाल बन गई है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगठन के वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण शर्मा, गोपाल शरण गौतम, श्याम सुंदर शर्मा, राजेश ढ़ोढ़ू, सीताराम मुदगल, प्रवीण शर्मा, सोनू शर्मा ने यह राशि विद्यालय प्रधानाध्यापक जितेंद्र शर्मा को सौंपते हुये शिक्षा को मजबूत आधार देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम संयोजक भास्कर शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही समाज की असली पूंजी है। यदि हम बच्चों को बेहतर वातावरण देंगे तो वे आने वाले समय में सशक्त भारत की नींव बनेंगे। यह पहल एक छोटी शुरुआत है जो भविष्य में बड़ा रूप लेगी। प्रधानाध्यापक जितेंद्र शर्मा ने संगठन की इस पहल की सराहना करते हुये भामाशाहों का आभार जताते हुये कहा कि यह सहयोग भावी पीढ़ी के लिये प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। शिक्षा और सामाजिक उत्थान की दिशा में यह प्रयास सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद जगाता है। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जंक्शन पर जल सेवा का शुभारंभ

**फुलेरा ।** फुलेरा जंक्शन पर रेल प्रशासन की अनुमति के पश्चात बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर दोपहर 12:15 बजे दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत फुलेरा एवं जन सहयोग द्वारा जल सेवा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान भैराणा धाम के महन्त गोवर्धन दास महाराज तथा बेलूबाई आश्रम के महन्त सत्यनारायण महाराज, परमार्थ भूषण, आइपीएफ सुरेश कुमार मीणा, जेड आर यू सी सी सदस्य भारत भूषण शर्मा, दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष अशोक वासदेव, शिक्षाविद् शक्ति सिंह ने सर्वप्रथम यात्रियों को जल पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इसके साथ ही दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष अशोक वासदेव जानकारी देते हुए बताया कि यह जल सेवा आज से लेकर आगामी 22 जून तक निरन्तर जारी रहेगी। साथ ही आगे बताया कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक यात्री तक शुद्ध शीतल जल पहुंचाना है। इसके अलावा यह भी बताया कि जल सेवा के दौरान प्रतिदिन सभी यात्रियों को आर ओ का शुद्ध एवं मीठा पानी पिलाया जायेगा। इस अवसर पर कृष्णकांत शर्मा, दुर्गा सिंह नरूका, मुरली मनोहर, प्रेम चन्द कुमावत, सीनियर प्रेम चन्द कुमावत, ललित सोनी, जितेन्द्र जादौन, जगदीश गुप्ता, रेलवे पेंशनर समाज के चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, रमेश कुमावत, राकेश वासदेव, कालूराम पोरवाल, मंगल सिंह पपटवान, महिला शक्ति में विद्या शर्मा, दिव्यांशी शर्मा, ऋतु शर्मा, सोनम, परिधि जोया, स्काउट के हर्षित सिंह जितेन्द्र सिंह, तेजस, मानव, तनिष्क सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने बांधे परिंडे

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में गर्मी का मौसम को लेकर बेजुबान पक्षियों के लिए प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन द्वारा परिंडा अभियान शुरू किया गया। जिसमें पेड़ों सहित अन्य जगहों पर परिंडो को बांधकर उनमें पानी डाला गया। कन्या महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिय़ा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण करके हम आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान कर सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक सीएल मीणा ने पौधारोपण का संदेश देते हुए पौधों का पर्यावरण में महत्व को समझाया। एनएसएस प्रभारी रूपा चौधरी ने स्वयं सेवकों को समय-समय पर परिंडो में पानी भरने के साथ उनके उचित रखरखाव व साफ- सफाई का ध्यान रखने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल, डॉ प्रभा गुप्ता, प्रीति जैन, राजेश कुमार मीणा व स्वयंसेवक सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# मालपुरा व टोडारायसिंह पुलिस ने 72 जनो को किया गिरफ्तार

**मालपुरा।** जिला पुलिस अधिक्षक के आदेशानुसार चलाये जा रहै एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत मालपुरा व टोडारायसिंह वृत्त क्षेत्र के थानो की पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कुल 72 गैर सायलान को अलग-अलग स्थानो से गिरफ्तार किया । थाना पुलिस से मिली जानकारी मे बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये मालपुरा पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते एक ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त कर चालक को भी किया गिरफ्तार। आर्म्स एक्ट के तहत की गई कार्यवाही मे धारदार चाकू जप्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार। थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि एक दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान मे पूर्व चालानशुदा अपराधी, स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी व उदघोषित प्रकरणो मे वांछित अपराधियो की धरपकड एवं लोकल व



विशेष अभियान के तहत कुल 72 गैर सायलान को अलग-अलग स्थानो से किया गिरफ्तार।

माईनर एक्ट की कार्यवाही हेतु थान मालपुरा पर कुल 6 टीम बनाई गई। जिन्होने ताबडतोड कार्यवाही कर 35 गैर सायलान को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार सभी गैर सायलान को उपखण्ड मजिस्ट्रेट मालपुरा के समक्ष पेश किया गया। वही पचेवर थाना पुलिस ने अभियान के तहत 1० जनो को गिरफ्तार किया। डिग्गी पुलिस ने 11 जनो को, टोडारायसिंह थाना पुलिस ने 16 जनो को गिरफ्तार किया। इतनी बडी संख्या मे सभी गिरफ्तार लोगो को बुधवार को उपखण्ड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

# गणेश पूजन के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन शुरू

**मालपुरा।** डिग्गी मे स्थित जाट धर्मशाला में बुधवार को गणेश पूजन व झण्डाराहेण के साथ जाट समाज का 22वां सामूहिक विवाह सम्मेलन शुरू हुआ। बुधवार को समिति अध्यक्ष उम्मेदसिंह दगोलिया के नेतृत्व में व सभी पदाधिकारियो व समाजबंधुओं की मौजुदगी में विद्वान पण्डितो के दल ने पूर्ण विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी का पूजन हुआ। इस दौरान समिति अध्यक्ष के अलावा महामंत्री रामकरण बुगालिया, प्रवक्ता मुकेश खादवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रो.कुम्भाराम चौधरी, गिरिराज निठारवाल, छीतरलाल ताखर, प्रहलाद दगोलिया, बजरंगलाल कुंडरवाल, सुखलाल ताखर, सत्यनारायण सरूडिया, हीरालाल बुगालिया, बद्रीलाल दगोलिया, रामनारायण सरूडिया, पवन जाखड, गोपाल शेषप्रिया हिण्डोली, गोविन्द ठीकरिया, सहित अन्य समिति पदाधिकारी व भारी संख्या में समाजबंधु मौजुद रहे। समिति प्रवक्ता मुकेश खादवाल ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रमो की कडी में गुरूवार को सुबह निकासी, तोरण, वरमाला व पाणिग्रहण संस्कार के बाद आर्शिवाद व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जलदाय मंत्री एवं मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी होगें। वहीं समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में आईएएस आरूषि मलिक, आदर्श जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष भैंरूराम डागर, समाजसेवी व भामाशाह घासीलाल चौधरी, अनिता जाट, पूर्व जिला प्रमुख रामबिलास चौधरी, सत्यनारायण चौधरी, कमलेश , कैलाशचन्द, मदनलाल, भंवरलाल , रमेशचन्द धातरवाल, प्रधान मालपुरा सकराम चौपड, प्रधान देवली गणेश चौधरी, जगदीश चौधरी, शिवा टाईल्स फागी के प्रोपराइटर व हाडीगांव के सरपंच भोलूराम मौजुद रहेगें।

### शोभायात्रा निकाली

**फुलेरा ।** राजस्थान विप्र महासभा शाखा फुलेरा के तत्वावधान में बुधवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर नरैना रोड़ स्थित खाण्डल भवन परिसर से प्रातः 7:30 बजे भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकली गई।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 17 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

■ विवाह सम्मेलन में समाज के लोग व प्रतिभाएं, संत, विधायक समाज की हस्तियों ने की शिरकत

**शाहपुरा ।** धार्मिक तीर्थ स्थल त्रिवेणी धाम में स्थित सैनी धर्मशाला में अक्षय तृतीया के अवसर पर जय फूले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा जयपुर के तत्वावधान में चतुर्थ आदर्श माली (सैनी) सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 17 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे और एक दुसरे के हम सफर बने। विवाह स्थल पर अखिल भारतीय गायत्री परिवार के थानाराम ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पाणिग्रहण संस्कार संपन्न करवाया। विवाह सम्मेलन में बैंड बाजों के साथ बारात निकाली गई। सभी दूल्हों को घोड़ी पर बिठाकर त्रिवेणी धाम में स्थित सैनी धर्मशाला में आयोजित विवाह स्थल पर लाया गया। विवाह स्थल परंपरागत तोरण और वरमाला की रस्में

निभाई गई। कार्यक्रम समिति के



सैनी सामूहिक विवाह का सम्मेलन आयोजित किया।

अध्यक्ष गुरुजी साधुराम सैनी के नेतृत्व में आयोजित किये गये।

समारोह में मुख्य अतिथि भवानी शंकर माली संगठन मंत्री राजस्थान प्रदेश माली महासभा, ताराचंद गहलोत प्रदेश महामंत्री ने कहा कि समाज में फिजूल खर्ची रोकने के लिए ऐसी पहल जरूरी है। फूल सिंह सैनी तिजारा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बद्री प्रसाद सैनी शाहपुरा व नगर परिषद शाहपुरा सभापति बंशीधर सैनी ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से गरीब परिवारों को राहत मिलती है और कुप्रथाओं पर अंकुश लगता है। समिति के अध्यक्ष गुरुजी साधु राम सैनी व सचिव एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में अनावश्यक फिजूल खर्ची को रोकना तथा महिलाओं व बालिकाओं को शिक्षित करना है। समारोह में नव नियुक्त आईएएस प्रज्ञा सैनी शाहपुरा, परमानंद मंदिर खोरी धाम के मंहत श्री हरिओम दास जी महाराज, शाहपुरा विधायक मनीष यादव, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ व समाज के प्रबुद्धजनों ने शिरकत कर नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी।

**उद्घोषणा ( इश्तिहार न्यायालय ( राज. )**
D.N. 267/29.4.25
व्यवहार विविद (मुसफरिक) वाद सं. 67/25
**विषय:** उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोवेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र। प्रार्थी नाम रुद्रप्रताप सिंह पुत्र स्व. रतन सिंह जाति राजपूत नाबालिंग जरिथि प्राकृतिक संरक्षिका माता श्रीमती पूनम बाई- विवाद स्थान प्लॉट न.-7 गणेश नगर चतुर्थ-मुरलीपुरा जयपुर मृतक स्वं श्री मेहनद कंवर की सम्पति के विषय में।
पेशी दिनांक 14/5/2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैकि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस क्रय का प्रर्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व श्री मेहमद कंवर पुत्र स्व. महेन्द्र सिंह जाति राजपूत निवासी प्लाटं नं.7 गणेश नगर चतुर्थ मुरलीपुरा जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकर कर उसके पक्ष में उत्तराधिका प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिशन, प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यादि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 14 माह 5 सन् 2025 को नयायालय में उपस्थित होकर अपनी जानकरी प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 29 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन
न्यायालय, जयपुर

**कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज**
(पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, हवामहल के पीछे, बड़ी चौपड़ के पास, जयपुर)
क्रमांक एफ( )उपायुक्त लैण्ड/नगनि.(हैरिटेज)/2025/79 दिनांक 28.04.2025
सार्वजनिक सूचना श्रीमती रेहाना बानो पत्नि मोहम्मद हारून खान द्वारा आवेदन पेश कर भूखण्ड संख्या 34 नाहरी का नाका (पूर्व) जयपुर। जिसका पट्टा श्रीमती कमला देवी पत्नि श्री विजेन्द्र सिंह क्षेत्रफल 125 वर्गगज का जारी किया गया था। यह भूखण्ड श्रीमती रेहाना बानो जरिये विक्रय पत्र क्रय किया गया है। इस हेतु शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग) विक्रय पत्र आदि की प्रतियाँ पेश कर नामहस्तान्तरण चाहा गया है। इस नामहस्तान्तरण किये जाने बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म/कम्पनी को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज के कार्यालय में अपनी आपत्ति पेश करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जायेगी।
(हस्ता/ौ)
उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज

**खोया-पाया**
मेरे मकान नं. 47 भुनेश्वरी वाटिका विस्तार 2nd कनकपुरा श्री महावीर ग्रह निर्माण सहकारी समिति लि. की रसीद गुम/खो गई है यदि किसी को दस्तावेज मिलते है तो संपर्क करे भोजराज सिंह 9680852480
मेरे भूखंड सं. सी-429 निजी खातेदारी की योजना गोवर्धन विहार सी-ब्लाक टोंक रोड जयपुर का मूल जेडीए पट्टा, साईट प्लान एवं संलग्न स्टाम्प पेपर और मूल पंजीकृत विक्रय पत्र कहीं गुम हो गये है सूचित करे शैली जुनेजा मो. 7973112234
मेरे प्लाट नं. B-107 रोहिणी नगर ।। का मूल आवंटन पुत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें। मो. 7838416237

**नाम परिवर्तन**
मेरा नाम कुछ दस्तावेजों में शशि मेहरा लिखा गया है जबकि मेरा वास्तविक और सही नाम शशि है, भविष्य में मुझे शशि के नाम से ही जाना जाये प्लाट नंबर E 161 ग्राउंड फ्लोर रमेश मार्ग सी स्कीम जयपुर राजस्थान
मैं अजय गुप्ता निवासी बी-110, जनता कॉलोनी जयपुर-302004 अपने पुत्र जश्न (Jashan) का नाम बदलकर अयांश गुप्ता (Ayaansh Gupta) रख लिया है भविष्य में उसे अयांश गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जावे।
मैं राजेश ओझा, निवासी 7-झ-13, जवाहर नगर, जयपुर, पिन-302004, मेधाविनी ओझा का पिता हूं। मेरी पुत्र का नाम पासपोर्ट में गलती से मेधाविनी राजेश ओझा अंकित हो गया है। सही नाम 10th कक्षा की अंकतालिका, नगरनिगम, जयपुर के जन्म प्रमाण पत्र व आधारकार्ड के अनुसार मेधाविनी ओझा (Medhavini Ojha) है।
I, HARIA KANWAR CHAUHAN SPOUSE OF RAJENDRA SINGH SISODIA RESIDENT OF 8, HARI NAGAR, OPP. PADMINI HERITAGE, NEAR KHIRANI PHATAK, JHOTWARA, JAIPUR (RAJASTHAN)- 302012 HAVE CHANGED MY NAME FROM HARIA KANWAR CHAUHAN TO HARIAV KANWAR SISODIA VIDE AFFIDAVIT DATED 29.04.2025 AT JAIPUR

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 52/2024
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम अनिता नेहरा पुत्री स्व. श्री प्यारेलाल नेहरा जाति....
विवाद स्थान मानसरोवर जयपुर
मृतक स्व. श्री प्यारेलाल नेहरा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 07.05.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्री प्यारेलाल नेहरा पुत्र मुकन्दाराम नेहरा जाति.... निवासी 119/443 मानसरोवर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 7 माह 5 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 12 माह 3 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैंशन न्यायालय संख्या 10 जयपुर महानगर-प्रथम न्यायालय सांगानेर
मोहर अदालत

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**
क्रमांक : न.पा.फु/2024-25/51 दिनांक : 07.04.25
**आपत्ति सूचना**
एतद् द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने फोति नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.सं. | प्रार्थी का नाम | स्थान | पट्टाधारक का नाम | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सरोज बाला पत्नि श्री मालाराम | आवासीय भूखंड वाके ढाणी गोरधनपुरा फुलेरा | श्री भैरू पुत्र केशरा | 11947 | नामांतरण |

किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अंदर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

## संक्षिप्त

### परशुराम जन्मोत्सव पर महाआरती की

**श्रीमाधोपुर।** अजीतगढ़ बुर्जा की ढ़ाणी ग्राम पंचायत के गांव हरिपुरा के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में मंगलवार के दिन भगवान श्री हरि विष्णु के छठे अवतार चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव महाआरती, पूजा -अर्चना एवं प्रसाद वितरण के साथ सादे समारोह में मनाया गया। उपस्थित भक्तगणों-श्रद्धालुगणों ने पहलगाम में हुए हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या पर दुःख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा तथा अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके लिए श्रद्धांजलि के साथ भगवान श्री परशुराम से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई। सबने मिलकर विश्व-कल्याण का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर ब्रह्मसमाज, पुजारी परिवार एवं ग्रामवासियों ने भगवान परशुराम की पूजा -अर्चना की जिसमें पण्डित दुर्गा दत्त शर्मा पुजारी, पण्डित विमल कुमार शर्मा, पण्डित राकेश कुमार शर्मा, पण्डित सुरजभान शर्मा, पण्डित सिद्धार्थ, पण्डित कृष्णकांत शर्मा , आयुर्वेद विभाग के चिकित्सक कैलाश चन्द्र शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंदिरा शर्मा सहित गांव की अनेकानेक महिला -पुरुषों ने भाग लिया। सबने मिलकर "वसुदेव कुटुम्बकम"एवं "सर्वे भवन्तु सुखिन -सर्वे संतु निरामया " की ईश्वर से प्रार्थना की।

### पहलगाम में हुई घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**निवाई।** सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में सनाढ्य ब्राह्मण समाज की धर्मशाला के परशुराम सभा भवन में बुधवार को भगवान परशुराम जयंती को लेकर अध्यक्ष हेमराज शर्मा की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें भगवान परशुरामजी की पूजा-अर्चना करके प्रसादी वितरित की गई। अध्यक्ष हेमराज शर्मा ने कहा कि भगवान परशुरामजी आदर्शो पर चलकर उनके जीवन से प्रेरणा लेवें। महामंत्री जितेन्द्र जीवली व मीडिया प्रभारी डॉ. शिवराज शर्मा ने बताया कि बैठक में भगवान परशुराम की महाआरती करके कई मुदुदों पर चर्चा की एवं पहलगाम में हुई घटना के मृतकों को भी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर रामफूल शर्मा, गजानन शर्मा, पवन शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, कुंदन शर्मा, घनश्याम शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, रामबाबू शर्मा, रामरक्षपाल शर्मा व रामप्रसाद शर्मा सहित कई समाज बंधु मौजूद थे।

### मेला और भण्डारा दो मई को

**नारायणपुर ।** ग्राम पंचायत अजबपुरा के न्यू कॉलोनी में स्थित बाबा पहाड़ सिंह महाराज का मेला और भण्डारा 2 मई को आयोजित होगा। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु बाबा पहाड़ सिंह महाराज के आशीर्वाद लेने के लिए बड़ी संख्या में जुटेंगे। मेले की शुरुआत सुबह 7.15 बजे कलश यात्रा से होगी, इसके बाद सुबह 8.15 बजे हवन पूजा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु एकजुट होकर पूजा अर्चना करेंगे। सुबह 10.15 बजे भण्डारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के ग्रामीण पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा सभी को एकता और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। इसके बाद सुबह 11.15 बजे स्थानीय कलाकार जगराम एण्ड पार्टी द्वारा पारंपरिक नेहडा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### परामर्श शिविर का होगा आयोजन

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा में क्षेत्र के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि रहे स्व. मास्टर श्रीराम यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर शुक्रवार 02 मई को निरूशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विरेन्द्र यादव एवं उनकी टीम द्वारा अपनी सेवायें दी जायेगी। शिविर में अलवर के पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, मुण्डावर विधायक ललित यादव, शाहपुरा विधायक मनीष यादव आदि जनप्रतिनिधिगण शिरकत करेंगें।

### 11 जोडों का हुआ पंजीयन

**निवाई।** बैरवा समाज के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर पदाधिकारियों ने चिंताहरण गणेशजी के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करके गणेशजी को निमंत्रण दिया। नला रोड पर स्थित बैरवा छात्रावास में 8 मई को निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा।

# केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध : मंत्री संजय शर्मा

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने राजकीय राजऋषि महाविद्यालय में विकास कार्यों का लोकार्पण किया एवं महाविद्यालय के विकास में योगदान देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया और महाविद्यालय में प्रकृति संरक्षण के कार्य कराने वाले भामाशाहों व महाविद्यालय स्टाफ को साधुवाद दिया।

लोकार्पण व भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंत्री शर्मा ने कहा राजऋषि महाविद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में गौरवशाली इतिहास रहा है। केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। नई शिक्षा नीति आधुनिक शिक्षा की मांग के अनुरूप होने के साथ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढाने वाली है। उन्होंने कहा अलवर शहर में पटरी पार क्षेत्र में बेटियों के लिए महाविद्यालय खुलवाने की मांग इस बजट में पूरी होने, बेटियों के लिए सैनिक स्कूल, राजगढ में केंद्रीय विद्यालय, पॉलोटेक्निकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सीट क्षमता में वृद्धि 15 करोड रूपये की राशि से अलवर में डिजिटल प्लेनेटेरियम जैसे कार्य किए जा रहे हैं।



महाविद्यालय कार्यक्रम में भामाशाहों का सम्मान करते वन मंत्री संजय शर्मा।

- राजकीय राजऋषि महाविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, महाविद्यालय के विकास में सहयोग करने पर भामाशाहों का हुआ सम्मान

इस मौके पर मंत्री ने महाविद्यालय में विधायक निधि कोष से बोरिंग कराने, बेटियों के लिए पिंक टॉयलेट बनवाने व एक कॉमन टॉयलेट बनवाने के साथ महाविद्यालय में विभिन्न संकायों को जोडने वाली डामर सडकें बनवाने की घोषणा करने के साथ महाविद्यालय में अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के सहयोग से ई-लाइब्रेरी बनवाने का विश्वास दिलाया। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए निरन्तर सहयोग करेंगे। मंत्री शर्मा ने 44.85 लाख रूपये की लागत से कराए गए स्मार्ट लैब, गर्ल्स कॉमन रूम, आईक्यूएसी कक्ष व रिसर्च लैब के नव निर्माण कार्य, 20 लाख रूपये की लागत से निर्मित वनस्पति शास्त्र उपकरण प्रयोगशाला व 4 लाख रूपये की लागत राशि से निर्मित रूसा योजनान्तर्गत राजऋषि महाविद्यालय परिसर में योगा केंद्र, राजऋषि महाविद्यालय विकास समिति द्वारा 34.50 लाख रूपये की लागत से निर्मित सोलर प्लांट एवं वनस्पति उद्यान, 2.5 लाख रूपये की लागत से निर्मित रसायन विज्ञान उद्यान का लोकार्पण किया। वहीं 9.65 लाख रूपये की लागत से महाविद्यालय में बनने वाले प्राणीशास्त्र प्रयोगशाला का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री शर्मा ने राजऋषि महाविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों में सहयोग करने पर डॉ. अनिता गुप्ता, डॉ. अशोक नागर, डॉ. ममता तिवाडी, डॉ. ऋतु माथुर, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ. राजेश मीना, डॉ. अर्चना वशिष्ठ, सूर्यकान्त भारद्वाज को दुपट्टा ओढाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया।

## एक दिवसीय निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर आयोजित

**मानपुरा माचेडी ।** स्वस्थ समाज के निर्माण में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और ग्रामीण अंचलों तक इनकी पहुंच बनाना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को लेकर डॉ. विकास जैफ फाउंडेशन द्वारा बुधवार को नांगल मोड़ कुंडा-आमेर स्थित सनफ्लॉवर एकेडमी स्कूल एवं राजस्थान आईटीआई कॉलेज परिसर में बुधवार को एक दिवसीय निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 525 मरीजों की जांच और उपचार किया गया। इस शिविर का आयोजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विकास जैफ के निर्देशन में किया गया, जिसका मूल उद्देश्य शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दन्त चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना रहा। शिविर में जयपुर डेंटल कॉलेज से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में मरीजों को दांतों की सफाई (स्केलिंग), दांतों की भराई (फिलिंग), दांत निकालना (एक्सट्रैक्शन) जैसी प्रमुख सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। इसके अलावा, फिजियोथेरेपी और आक्यूपेशनल थैरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा पद्धितयों की सुविधाएं भी निःशुल्क दी गईं, जिससे लोगों को समग्र स्वास्थ्य लाभ मिला। फाउंडेशन की टीम ने प्रत्येक मरीज की समस्याओं को गंभीरता से समझा और उन्हें निःशुल्क उपचार, परामर्श और आवश्यक दवाइयां प्रदान कीं। कॉलेज निदेशक अशोक डोई ने बताया कि शिविर को लेकर अत्यंत उत्साह दिखाया और कहा कि शहर व गांव के समीप इस तरह की स्वास्थ्य सुविधा मिलना अत्यंत राहत देने वाला अनुभव है।

## जमवाय माता के मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में उपमुख्यमंत्री ने की शिरकत

**चौंमू / कालाडेरा ।** चौंमू उपखण्ड के ग्राम पंचायत सिंगोदकलाँ में आयोजित माँ जमवाय माता जी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में राजस्थान सरकार में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कि शिरकत। साथ ही कार्यक्रम में सहभागिता की। विधानसभा क्षेत्र चौंमू में पधारने पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर जमवाय माता जी के दर्शन व पूजा-अर्चना कर सभी के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर त्रिवेणी धाम खोजीपीठाधीश्वर द्वारकाचार्य जी श्री श्री 1008 श्री ओंकार दास जी महाराज, ट्रस्ट अध्यक्ष हरि सिंह शेखावत, अर्जुन सिंह शेखावत, मुख्य आयोजक दुर्गा सिंह शेखावत, धीरेन्द्र सिंह शेखावत,



उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का स्वागत और अभिनंदन किया।

देवायुष सिंह शाहपुरा, हनुवंत सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जी, सरपंच कुसुमलता सुरेश सैनी, जमवाय सेवा ट्रस्ट के सदस्य, ग्रामवासी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सूने मकान से करीब 13 लाख के आभूषण व नगदी चोरी

**किशनगढ़ बास।** बीती रात्रि को आदर्श कॉलोनी में व्यापारी ताराचंद गर्ग के मकान से अज्ञात चोर छत के दरवाजे से निचे उतर कर करीब 4.70 लाख रुपए नगद व 6 से 7 तोला सोने व ढाई से तीन किलो चांदी के जैवर चोरी कर ले गए। व्यापारी का पूरा परिवार करीब डेढ़ घंटे पहले ही अपने मकान से किशनगढ़ बास में खैरथल रोड पर शादी में शामिल होने के लिए गया था।

व्यापारी ताराचंद गर्ग के पुत्र संतोष गर्ग ने बताया कि मंगलवार बीती रात्रि को करीब 9:30 बजे व अपने मकान से तैयार होकर खैरथल रोड पर शादी में गया। इससे पहले पूरा परिवार शादी में जा चुका था। करीब 11:00 छोटा भाई घर की महिलाओं को लेकर शादी से घर पहुंचा तो घर के अंदर सामान फैला हुआ मिला। सूचना मिलने पर मैं और मेरे पिताजी भी शादी से घर पहुंचे। सूचना देने पर पुलिस भी घर पर पहुंच गई।

संतोष गर्ग ने बताया कि चोर छत के दरवाजे से मकान में निचे तक पहुंचे। ऊपर की मंजिल पर संतोष रहता है

- रात्रि 9.30 से 11 बजे के अंतराल में हुई चोरी, 4.70 लाख नगद व 8 लाख से ज्यादा के सोने चांदी के जैवर हुए चोरी
- व्यापारी का पूरा परिवार करीब डेढ़ घंटे पहले ही अपने मकान से किशनगढ़ बास में खैरथल रोड पर शादी में शामिल होने के लिए गया था

और नीचे पिताजी रहते हैं। 9:30 से 11:00 बजे के बीच अंतराल में चोर मकान में घुसे और चोरी कर निकल गए। अज्ञात चोर ऊपर और नीचे के कमरों से करीब 4.70 लाख रुपए व 8 लाख से ज्यादा के सोने व चांदी के जेवर चुरा ले गए।

## अजमेर डीजीएमएस के महानिदेशक से मिले ग्रामीण

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर में रात्रि में खनन कार्य की रोक के लिये अजमेर डीजीएमएस के महानिदेशक द्वारा दिये गये आदेशों की पालना नहीं होने पर ग्रामीणों ने बुधवार को अजमेर डीजीएमएस के महानिदेशक सरजीत कटेवा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुये कार्यवाही की मांग की। ग्रामीणों की समस्याओं को वाजिब मानते हुये उन्होंने ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया। राधेश्याम शुक्लावास व ग्यारसीलाल आर्य ने महानिदेशक को बताया कि स्कूल, कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय छात्रावास व एससी मोहल्ले सहित सघन आबादी में खनन संचालकों द्वारा रात्रि में रूक-रूक कर खनन कार्य किये जाने से ग्रामीणों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। दिन भर प्रशासन, माइनिंग, पुलिस विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ब्लास्टिंग व हैवी मशीनरी से दिन रात धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र सुनवाई नहीं होती है तो जिला कलक्टर के समक्ष गुहार लगाई जायेगी।

## विवाह सम्मेलन में कलाकारो ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां

**चौरु/उनियारा।** उनियारा में माली सैनी समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आरसीए पूर्व अध्यक्ष वैभव गहलोत पहुंचे सम्मेलन समिति द्वारा कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि पूर्व आरसीए वैभव गहलोत कार्यक्रम के आयोजन से पहले सर्व प्रथम वैभव द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। उस दौरान समिति के पदाधिकारियो द्वारा मुख्य अतिथि वैभव गहलोत का साफा माला महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्रीबाई फुले जी का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वैभव गहलोत पूर्व आरसीए अध्यक्ष ने कहा कि समाज के इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए इससे समाज में कई प्रकार की बुराइयों का अंत होगा समाज में भेदभाव,गरीबी मिटेगी हमारे समाज में गरीब परिवार के बच्चे भी सामाजिक सम्मेलन में विवाह कर उनको कई प्रकार की आर्थिक समस्याओं से निजात मिलेगी इसलिए इस तरीके कार्यक्रम हर साल होते रहना चाहिए। जब मुझे इस तरह के आयोजन की जानकारी व निमंत्रण सम्मेलन समिति द्वारा दिया गया था तब ही मैंने समिति के पदाधिकारियो को बोला था कि मैं इस तरह के आयोजन में जरूर शामिल होउंगा। और मुझे इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्यं मिला आपने मान सम्मान प्यार सम्मान दिया सम्मेलन की जो व्यवस्थाएं समिति द्वारा कार्यक्रम के आयोजन की गतिविधियां यहां की व्यवस्थाएं बहुत ही शानदार है। जब भी आप मुझे आगामी कार्यक्रमों में टोंक जिला माली समाज द्वारा बुलाया जाएगा तो मैं जरूर ऐसे कार्यक्रमों में भाग लूंगा।

महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माली समाज शिक्षण संस्थान उनियारा में छात्रावास परिसर के अंदर महात्मा ज्योतिबा फुले जी की मूर्ति का अनावरण किया गया 103 दूल्हा दुल्हन की निकाली विशाल निकासी श्री जी की बगीची खतौली गेट में हाथी पर बैठने वाले घोड़ी बग्गी पर बैठने वाले और घोड़ी पर झंडा लेकर बैठने वाले तुलसा जी को बाजी पर बैठने वालों की बोली लगाई गई उसके बाद विशाल भव्य जुलूस निकाल गया।

## परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण महासभा पावटा के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा निकाली

**पावटा।** उपखंड पावटा सहित आस पास के क्षेत्रों में श्रद्धाभक्ति व बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर उपखंड पावटा मे ब्राह्मण महासभा पावटा के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को महंत मोहनदास महाराज, पंचखंड पिठाधिश्वर सोमेंद्र महाराज, सोहनलाल महाराज द्वारा दीप प्रज्वलित व आरती कर पावटा आदर्श रामलीला मैदान से रवाना किया गया।

शोभायात्रा में विधायक कुलदीप धनकड, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, वीरेंद्र राठी, दिलीप हुसडा, जगदीश मीणा, गोपाल अग्रवाल, ब्राह्मण महासभा पावटा तहसील अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, नगर अध्यक्ष अमरनाथ पटेल, उपाध्यक्ष गजानंद बोहरा, पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गौड, पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री दीपक पटेल, पूर्व महामंत्री विष्णु पटेल, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष विकास पुजारी, संगठन मंत्री गिरिराज बोहरा, प्रचार प्रसार मंत्री हितेंद्र पटेल, संरक्षक सुरेश शर्मा, दिनेश शर्मा, मुकेश



भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया।

गंगावत, मिंटू शर्मा, मुकेश शर्मा, विकास पुजारी, जगदीश पटेल, ओमप्रकाश गौड, राजेंद्र शर्मा, जगदीश शर्मा, दुर्गादत्त भारद्वाज गुरुजी, पूर्व विधायक सुभाष शर्मा, गोपाल अग्रवाल, गजानंद टीलावत, विमल शर्मा, पं. सोहनलाल शर्मा, परमानंद शर्मा, ओमप्रकाश गौड, साहिल टीलावत, हिमांशु शर्मा, रामशरण बोहरा, योगेश शर्मा, संजय गौड, राजू पटेल, नितेश शर्मा, प्रिंस मिश्रा, सुरेश शास्त्री, दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, कुलदीप पटेल, सांवरमल बोहरा, नितेश शर्मा, हिमांशु शर्मा, हिमांशु पटेल, परमानंद शर्मा, हीरालाल शर्मा, किशन शर्मा, राहुल शर्मा, हर्षवर्धन शर्मा, यशवर्धन शर्मा सहित विप्र समाज व सर्व समाज के लोग धर्म ध्वजा के साथ उत्साह से निकले। उनके पीछे बैंड व ढोल की धुन पर लोग मस्त होकर नाच रहे थे व जय जय परशुराम, जय ब्राह्मण समाज के नारे लगाकर व आतिशबाजी करते हुए चल रहे थे।

शोभायात्रा में जगह-जगह परशुराम भगवान की आरती उतारी गई, इस दौरान ब्राह्मण एकता जिंदाबाद के नारे लगाये गये। इस दौरान नगर व तहसील के विप्र बंधुओ सहित लोग भारी संख्या में मौजूद रहे। इस भव्य शोभायात्रा में शामिल विप्र बंधुओं का जगह-जगह समाज सेवी संगठनों द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया और ठंडे पेयजल की व्यवस्थाएं भी की गई। वही राहुल शर्मा द्वारा ब्राह्मण महासभा पावटा कार्यकारिणी व विप्र बंधुओं का स्वागत सम्मान किया गया। आगंतुक अतिथियो का ब्राह्मण महासभा पावटा द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। जुलूस में भगवान परशुराम व अघोरी नृत्य नें सब का मन मोह लिया।

शोभायात्रा में बग्गी मे भगवान परशुराम की संजीव झांकी व सुंदर प्रतिमा रथ रूपी ट्रैक्टर में विराजमान भगवान परशुराम की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। विविध वेश भूषा में बच्चे शोभायात्रा में शामिल हुए। वहीं इस मौके पर भव्य महाआरती भक्तों द्वारा की गई और इसके बाद जय जय परशुराम के जयघोष के साथ जैसे ही शोभायात्रा आगे बढ़ी समूचा मार्ग भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। वही अंत में शोभायात्रा पावटा आदर्श रामलीला मैदान पहुंची, जहां पर समापन हुआ। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व मे प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम के साथ भारी पुलिस बल भी यात्रा में तैनात रहा।

## बुजुर्ग पर बंदरों के झुंड ने किया हमला

**पावटा।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में आवारा कुत्ते, बेसहारा पशु, बंदरों के उत्पात व हमलों ने लोगों का जीना दुश्वार कर रखा है। वही पालिका क्षेत्र में लगातार बढ़ते आवारा कुत्ते, बेसहारा पशु, बंदरों के हमलों से लोगों में दहशत का माहौल है।

वही मंगलवार की शाम विशम्बर दयाल टांक उपजिला अस्पताल के पास स्थित अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान आपस में लड़ते हुए बंदरो के झुण्ड ने विशम्बर दयाल टांक पर हमला बोल दिया।

जिससे बंदर के हमले से बचाव करते हुए असंतुलित होकर वह गिर गए । जिससे उनके हाथों में गंभीर चोट आने से बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद घायल अवस्था में उन्हें को उपचार के लिए पावटा उप जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे आवश्यक प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई हैं।

उधर स्थानीय लोगों ने वन विभाग व पालिका से पालिका क्षेत्र में लगातार बढ़ते आवारा कुत्ते, बेसहारा पशु, उत्पाती हमलावर बंदरो को पकड़ने के लिए सकारात्मक कदम उठाते हुए लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सार-समाचार

### दो दिवसीय उर्स मेला तीन से

**मनोहरपुर ।** चंदवाजी पुलिस थाने के सामने पूरब दिशा में डूंगरी पर विराजमान हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत कुतुब शाह बाबा रहमतुल्लाह आलेह का दो दिवसीय वार्षिक उर्स मेला 3 मई शनिवार को मिलाद शरीफ से शुरू होगा जो कि 4 तारीख रविवार की शाम 7 बजे कूल की रस्म के साथ में विधिवत संपन्न होगा हजरत कुतुब शाह बाबा मेला कमेटी चंदवाजी के निजामुद्दीन शाह,उस्मान शाह असगर अली व इस्लामुद्दीन ने बताया की बाबा के 3 मई शनिवार की शाम को झंडा फहराने के साथ में जायरिनों का आना शुरू हो जाएगा रंग-बिरंगे परिधानों में सज संवर कर विभिन्न वाहनों में सवार होकर बाबा के गीत गाते हुए आएंगे इसके बाद में रात्रि 9 बजे बाद में मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा मिलाद शरीफ होगी जिसमें ख़ुदा के हुकुम मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही जाएगी रात्रि 12 बजे बाद सलाम पढ़ी जाएगी ! टेलर असलम शाह ने बताया कि इसी प्रकार 4 मई रविवार को सुबह 7 बजे कुरान ख्वानी होगी इसके बाद दोपहर 2 बजे बाद चंदवाजी की मस्जिद से बैंड बाजा के साथ में चद्दर का जुलूस निकलेगा जो की चंदवाजी कस्बे के प्रमुख मार्ग होता हुआ दरगाह प्रांगण तक आएगा जहां पर खादिमो के द्वारा बाबा की चद्दर को पेश किया जाएगा उसके बाद में प्रसाद वितरण होगा

### ट्री प्लांटेशन ड्राईव का आयोजन

**कोटपूतली।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बुधवार को सामाजिक संगठन युवा रेवॉल्युशन द्वारा ट्री प्लांटेशन ड्राईव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बानसूर रोड़ गोकुल सरोवर स्थित पार्क में तेजस दास महाराज के सानिध्य में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश मित्तल ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और हमें उनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिये निरंतर प्रयास करना चाहिये। उन्होंने युवा रेवॉल्यूशन की इस पहल की सराहना करते हुये कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पार्क में विभिन्न किस्म के 51 पेड़ लगाये गये एवं उनकी देखभाल की जिम्मेदारी युवा रेवॉल्युशन द्वारा ली गई। युवा रेवॉल्युशन के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने बताया कि यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है। तेजस दास महाराज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने युवा रेवॉल्युशन की इस पहल को समर्थन देने की घोषणा करते हुये कहा कि वह इस तरह के आयोजनों में हमेशा साथ देंगे। जेपी कोटिया ने आयोजन की सराहना करते हुये कहा कि युवा रेवॉल्युशन की यह पहल निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इस दौरान गौरव शर्मा, राजवीर गुर्जर, मनोज शेखावत, अजीत यादव, दीपक स्वामी, ज्ञानी सिंह, पूरण सैन, आलोक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### शादियों की मची धूम

**निवाई।** ग्रामीण क्षेत्र में अक्षय तृतीया के सावों पर विवाहों की धूम मची रही। इन दिनों आखातीज के अबूझ सावे पर अपने बच्चों का विवाह रचाने के लिए किसानों में होड़ मची हुई है। जिसके चलते बाजारों में लोगों ने जमकर खरीदारों की। रबी की फसल बम्पर होने के चलते किसान आर्थिक रूप से सुदृढ हो गया है। आखातीज पर शादी विवाहों के मुहुर्त होने के कारण बाजारों में कपडों, आभूषणों, किराने की दुकानों, पतल-दोने की दुकानों, ईलेक्ट्रोनिक सामान की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीददारों की। चांदी व सोने के भाव आसमान छू जाने के बावजूद भी किसान शादियों में दुल्हनों को पहनाने के लिए महंगे आभूषण बनवाए। अबूझ सावे पर शादी समारोहों की धूम का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बैण्ड बाजा, घोडी, हलवाई, टेन्ट एवं वाहन का टोटा रहा। जिससे लोगों को चौगुने दाम देकर व्यवस्थाएं करनी पड़ी। शादी समारोह के चलते वाहनों की रेलमपेल रही जिससे चारों ओर जाम की स्थिति बनी रही। गांव रजवास में तो करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा। जिससे बारातें समय पर नहीं पहुंच पाई। किशनलाल जाट ने बताया कि जाम लगने से ग्रामीणों वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**श्रीमाधोपुर।** पंचायत समिति की सिहोड़ी पंचायत से हटाकर नवसृजित पंचायत त्रिलोकपुरा में गोमावाली को जोड़ने पर ग्रामीणों ने विरोध जताया और एसडीएम अनिल कुमार को यथावत रखने की मांग का ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि गोमावाली को जबरन नवगठित त्रिलोकपुरा पंचायत में जोड़ा जा रहा है, जबकि यह पंचायत गांव से लगभग 6 किलोमीटर दूर है और गोमावाली की कोई भौगोलिक सीमा त्रिलोकपुरा से नहीं मिलती। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि गोमावाली को पूर्ववत सिहोड़ी पंचायत में ही शामिल रखा जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सिहोड़ी पंचायत से उनकी सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक जुड़ाव पहले से रहा है और वहां से उनका प्रशासनिक कार्य भी सुचारू रूप से होता आ रहा है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि स्थानीय जनभावनाओं का सम्मान करते हुए गोमावाली गांव को यथावत सिहोड़ी पंचायत में ही रखा जाए।इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

### परिसीमन के विरोध में दिया ज्ञापन

**शाहपुरा।** तहसील शाहपुरा के ग्राम पंचायत गोविंदपुरा धाबाई के राजस्व ग्राम नानूवाला को नवसृजित ग्राम पं. आसपुरा में जोड़े जाने के विरोध में उपखण्ड अधिकारी संजीव खेदड़ को ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर आपत्ति जताई एवं ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता इंद्राज भड़ाना ने बताया कि राजस्वग्राम नानुवाला से गा0 प0 मुख्यालय गोविन्दपुरा धाबाई की दुरी लगभग 1580 मीटर है तथा राजस्वग्राम - नानुवाला राजस्व ग्राम - आसपुरा के लगभग दुरी 6 किमी. है एवं राजस्व ग्राम नीझर के ग्रा.प. पचायत गोविन्दपुरा धाबाई की दुरी 500 मीटर है। राजस्व ग्राम नानुवाला में सम्मिलित ढाणीयो के नाम सनवाला की ढाणी- नानुवाला की ढाणी- लीलोकी ढाणी, डोई की ढाणी- तंवरो की ढाणी है राजस्व ग्राम नानुवाला को ग्रामपंचायत गोविन्दपुरा धाबाई में ही रखा जावे। रामकरण बागड़ी, बंशीधर भड़ाना, कैलाशचंद, रामकरण कोली, बाबूलाल जाट, रामस्वरूप जाट, रोहिताश जाट, तेजपाल भड़ाना शिवपाल चेची, महादेव लील,ग्रामीणों ने अपना रोष व्यक्त करते हुए बताया कि अगर हमारी मांग नहीं मानी गई तो न्यायपालिका का सहारा लेंगे और आगामी पंचायतराज चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे।

### घर-घर पहुंचने लगा कचरा संग्रहण वाहन

**निवाई।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रजवास में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण वाहन की शुरुआत की है। ग्राम विकास अधिकारी विनोद परिडवाल ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह हर घर के दरवाजे पर कचरा संग्रहण गाड़ी पहुंचेगी। गांव को स्वच्छ रखने के लिए कचरा उठाने वाले वाहन की शुरुआत भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र से की। ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू अंतर्गत रजवास पंचायत में कचरा निस्तारण केंद्र लगभग बनकर तैयार हो गया है। कचरा निस्तारण केंद्र तक सुखा व गीला कचरा ढोने के लिए ई-रिक्शा की शुरूआत की गई। ई-रिक्शा के माध्यम से गांव में सार्वजनिक स्थान, घरों के बाहर रखे डस्टबिन से गीला और सूखा को अलग-अलग कर ई रिक्शा के माध्यम से आरआरसी प्लांट पर लाया जाएगा। आरआरसी प्लांट पर कचरे को निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि सुबह जाने वाली गाड़ी में ही कूड़ा डालें या घर के बाहर एक स्थान पर एकत्रित करें और गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक कानाराम जाट, कनिष्ठ सहायक नन्दकिशोर बैरवा, पटवारी आशुतोष जांगिड़, ई मित्र संचालक किशन चौधरी, सलमान खान, परमसुख जैन व बजरंगलाल प्रजापत सहित कई ग्रामीणा मौजूद थे।

### सक्षम परिवार खाद्य सुरक्षा योजना में स्वेच्छा से अपना नाम हटवाएं

**टोंक।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से गीव अप अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटाये जाने है। जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा ने बताया कि गीव अप अभियान के तहत बुधवार को जिला रसद विभाग की ओर से शहर की उचित मूल्य दुकानदारों पर जाकर अभियान के तहत आवेदन प्राप्त कर अपात्र लोगो को स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए कहा गया। मीणा ने बताया कि अभियान के तहत 2045 आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके है।



जाहिर है मुझे लगता है कि पूरी दुनिया ने उस रात उनका प्रदर्शन देखा। इतने कम उम्र के बच्चे की गुणवत्ता, यह इस टूर्नामेंट की खूबसूरती है, सभी खिलाड़ियों का मैदान पर उतरना और किसी भी मौके को दोनों हाथों से भुनाना। – ट्रेंट बोल्ट

मुंबई इंडियंस खिलाड़ी, वैभव की पारी को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — रियान पराग



**मुझे** वैभव कि उम्र दोहराना पसंद नहीं है। हम वैभव को लगभग दो महीने से देख रहे हैं। हम साथ–साथ खेल रहे हैं। जब भी वह पहले हाफ में खेलता था, अब वह दूसरे हाफ में खेल रहा है, अब वह तीसरे हाफ में खेल रहा है। चाहे वह रन बनाए या न बनाए, उसे यह संदेश दिया गया है कि उसे अपने खेल पर भरोसा करना चाहिए। उसने इस पर भरोसा किया और यहाँ आया। इसलिए हम नहीं चाहते कि वह कुछ अलग करे। मुझे नहीं लगता कि वह इस तरह का लड़का है जो इस बारे में सोचता है कि कौन उसके लिए गेंदबाजी कर रहा है या कौन उसके खिलाफ खेल रहा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस को 15.5 ओवर में 212 रन बनाकर हराते हुए इतिहास रच दिया। वैभव सूर्यवंशी ने 35 गेंदों में शतक और यशस्वी जायसवाल ने 40 गेंदों में 70 रन की शानदार पारी खेली।

# पंजाब किंग्स ने चेन्नई को 4 विकेट से हराया



चेन्नई, 30 अप्रैल। युजवेंद्र चहल (चार विकेट), अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन (दो–दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद श्रेयस अय्यर (72) और प्रभसिमरन सिंह (54) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 49वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को उसी के घर में चार विकेट से पटखनी दी। 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स के लिए प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े। पांचवें ओवर में खलील अहमद ने प्रियांश आर्य 15 गेंदों में 23 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान श्रेयस अय्यर ने प्रभसिमरन सिंह के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े।

13वें ओवर में नूर अहमद ने प्रभसिमरन सिंह को आउट कर इस साझेदारी को अंत किया। प्रभसिमरन सिंह ने 36 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (54) रन बनाये। इसके बाद नेहाल वढेरा (पांच) रन बनाकर आउट हुये। चौथे विकेट के रूप में शशांक सिंह 12 गेंदों में (23) रन बनाकर आउट हुये। 19वें ओवर में मतीशा पतिराना ने श्रेयस अय्यर को बोल्ड कर चेन्नई को पांचवी सफलता दिलाई। श्रेयस अय्यर ने 41 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए (72) रनों की पारी खेली। सूर्यांश शेडगे (एक) रन बनाकर आउट हुये। पंजाब किंग्स ने 19.4 ओवर में छह विकेट पर 194 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए रवींद्र जडेजा, नूहर अहमद ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया। मतीशा पतिराना और खलील अहमद को दो– दो विकेट मिले।

इससे पहले आज यहां पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया है। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। शेख रशीद (11) और आयुष म्हात्र (सात) रन बनाकर आउट हुये। चेन्नई सुपर किंग्स का तीसरा विकेट रवींद्र जडेजा (17) के रूप में गिरा। डेवाल्ड ब्रेविस 26 गेंदों में 36 रन को ओमरजई ने 15वें ओवर की पहली गेंद पर बोल्ड आउट किया। 172 के स्कोर पर मार्को यानसन ने सैम करन को जॉश इंग्लिस के हाथों कैच आउट कराकर चेन्नई के बड़ा स्कोर खड़ा करने की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया।

सैम करण ने 47 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए (88) रनों की पारी खेली। इसके बाद यजुवेंद्र चहल ने चेन्नई के लगातार चार विकेट झटक दिये। महेन्द्र सिंह धोनी (11), दीपक हुड्डा (दो), अंशुल काम्बोज और नूर अहमद (शून्य) पर आउट हुये। 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर अर्शदीप सिंह ने शिवम दुबे (11) को आउटकर चेन्नई की पारी का 190 के स्कोर पर अंत कर दिया। पंजाब किंग्स के लिए यजुवेंद्र चहल ने चार विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन को दो–दो विकेट मिले। अजमतउल्लाह ओमरजई और हरप्रीत बराड़ ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया।

## राजस्थान रॉयल्स बनाम मुंबई इंडियस के बीच मुकाबला आज






# भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने जयपुर में मनाया जन्मदिन

जयपुर, 30 अप्रैल। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और दिग्गज ओपनर रोहित शर्मा अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह हिटमैन के नाम से भी जाने जाते हैं और रोहित शर्मा ने अपने करियर में कई रिकॉर्ड बनाए हैं। रोहित शर्मा ने विश्व क्रिकेट में भारत का नाम रोशन किया है। रोहित शर्मा जितने खतरनाक बल्लेबाज हैं, उससे कहीं ज्यादा वह चतुर–चालाक कप्तान हैं। पिछले कुछ सालों के उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने दुनिया भर में लाखों लोगों का दिल जीत लिया है।रोहित शर्मा ने साल 1999 में एक क्रिकेट कैंप जॉइन किया था। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत ऑफ स्पिनर की थी। तब वह थोड़ी बहुत बल्लेबाजी कर पाते थे। लेकिन कोच दिनेश लाड ने जल्द ही रोहित के बैटिंग टैलेंट को पहचान लिया और उनको नंबर 8 से सीधा पारी का आगाज करने भेज दिया। इस टूर्नामेंट में रोहित ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और बतौर ओपनर उन्होंने डेब्यू मुकाबले में शतक लगाया।

इंडिया की वनडे और टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित बुधवार को 38 साल के हो गए। उन्होंने जयपुर में अपना जन्मदिन मनाया। इस पर हिटमैन रोहित की खास तस्वीरें लगाई गईं। केक पर हैप्पी बर्थडे हिटमैन भी लिखा गया। रोहित ने पत्नी रितिका, बच्चों और मुंबई इंडियंस टीम के साथी प्लेयर्स की मौजूदगी में केक काटा। रितिका ने उन्हें केक खिलाया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। होटल राजपुताना शेरेटन में स्पेशल केक तैयार किया गया। रोहित को उनकी मां ने भी खास अंदाज में बर्थडे विश किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर रोहित के बचपन से जवान होने तक की 12 फोटोज का एक कोलाज शेयर किया। इनमें फैमिली की वो तस्वीरें भी शामिल हैं, जिनमें रोहित अपने भाई और परिवार के साथ दिखाई दे रहे हैं। मां ने लिखा– हैप्पी बर्थडे टू ए ग्रेट सन।

रोहित शर्मा ने साल 2007 में आयरलैंड के खिलाफ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। एक दिवसीय मैचों में रोहित शर्मा अपने दोहरे शतकों के लिए जाने जाते हैं। इसी साल सितंबर में रोहित ने अपना टी–20 डेब्यू इंग्लैंड के खिलाफ किया। हालांकि उनको टेस्ट डेब्यू के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। वहीं 6 साल बाद यानी की 2013 में वह पहली बार सफेद जर्सी पहनकर मैदान में उतरे थे।

# राजस्थान के जतिन सनी, मो. अनस व गुलाब सिंह बीसीसीआई अंडर-19 एनसीए (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) ट्रॉफी में खेलेंगे

जयपुर, 30 अप्रैल। बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजस्थान के जतिन सैनी, मो अनस व गुलाब सिंह का चयन बीसीसीआई की जूनियरचयन कमेटी ने आगामी 6 से 16 मई 2025 के दौरान बेंगलोर एनसीए के विशेष प्रशिक्षण शिविर (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस) द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग ले रही विभिन्न टीमों के लिए किया है। बीसीसीआई द्वारा आगामी घरेलुक्रिकेट सत्र की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों की प्रतिभा को ओरअधिक सुदृढ़ करने हेतु एनसीए के अंतर्गत देश के विभिन्न केंद्रों पर एनसीए सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस केन्दों के स्थापन की गयी है जिसमे चयनित खिलाडियों को बीसीसीआई द्वारा अनुभवी कोचों की निगरानी में रच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। राजस्थान के जतिन सैनी , मो अनस व गुलाब सिंह को बेंगलोर स्थित एनसीए के नए स्थापित सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस सेंटर में आगामी 6 मई से आयोजित होने वाली अंडर 19 प्रतियोगिता में भाग ले रही टीम–ई, टीम–ए व टीम–डी के लिए किया है। चयनित खिलाडी को दिनांक 5 मई को एनसीए बेंगलोर पर रिपोर्ट करना होगा।

## राजस्थान की अंडर-15 महिला खिलाड़ी धृति माथुर का एनसीए (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) प्रसिक्षण शिविर में चयन

बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 15 महिला क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान की युवा अंडर 15 महिला खिलाडी धृति माथुर का चयन बीसीसीआई महिला चयन कमेटी ने आगामी 16 मई से 9 जून 2025 के दौरान बेंगलोर के अंडर 15 एनसीए (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स) प्रशिक्षण शिविर के लिए किया है। बीसीसीआई द्वारा आगामी घरेलुक्रिकेट सत्र की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों की प्रतिभा को ओर अधिक सुदृढ़ करने हेतु एनसीए के अंतर्गत देश के विभिन्न केंद्रों पर एनसीए सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस केन्दों के स्थापन की गयी है जिसमे चयनित खिलाडियों को बीसीसीआई द्वारा अनुभवी कोचों की निगरानी में रच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है।

## यूनियन क्रिकेट क्लब ने राजीव क्रिकेट क्लब को हराया, आदित्य टांक का पंजा

जयपुर, 30 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग के पूल सी के मैच में यूनियन क्रिकेट क्लब ने राजीव क्रिकेट क्लब को 10 विकेट से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर राजीव क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रथम गांगलानी के 72 रन व अभिषेक राठौर के 10 रनों से 28 ओवर में 110 रनों पर सिमट गई। यूनियन क्रिकेट क्लब के लिए आदित्य टांक ने 36 पर 5, दीपक चौधरी ने 10 पर 3, नितेश कुमार व आरिफ खान ने एक – एक विकेट लिया। जवाबी पारी में यूनियन क्रिकेट क्लब ने स्नेहिल शर्मा के 50 रन नाबाद व नितेश कुमार के 55 रन नाबाद से 12.1 ओवर में बिना विकेट गवाए 111 बनकर 10 विकेट से मैच जीत लिया।

## जापान में एशियाई खेल 2026 में खेला जाएगा क्रिकेट

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने जापान के ऐची–नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल 2026 में क्रिकेट को बनाए रखा है। ओसीए ने कहा, खेल कार्यक्रम के बारे में फैसला 28 अप्रैल को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी बोर्ड की 41वीं बैठक में लिया गया। इसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। इस टूर्नामेंट के सभी मैच ऐची प्रीफेक्चर में खेले जाएंगे, लेकिन अभी तक मैच स्थल का चयन नहीं हुआ है। यह चौथी बार है जब क्रिकेट को एशियाई खेलों में शामिल किया गया। इससे पहले 2010 के ग्वांगझू और 2014 के इंचियोन में इन खेलों को अंतरराष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया गया था, लेकिन 2023 के एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया, तो मैचों को टी–20 प्रारूप का दर्जा दिया गया था।

# ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब ने सनराइज फुटबाल क्लब को 1-0 से शिकस्त दी

जयपुर, 30 अप्रैल। रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड, मानसरोवर जयपुर व चौगान स्टेडियम जयपुर में मैच खेले गए राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव श्री दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के दिन 4 मैच खेले गए जिसमें लीग के अभी तक 51 मैच खेले जा चुके है।

### आज रॉयल फुटबाल क्लब के मैदान में खेले गए मैच

**प्रथम मैच :–** सनराइस फुटबाल क्लब और ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच 0/1 से ब्रदर्स यूनाइटेड ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच जीत लिया। पहले हॉफ में ब्रदर्स यूनाइटेड क्लब 0/0 से बराबर रहा दूसरे हॉफ में 51 मिनट में करण सिंह ने गोल करके ब्रदर्स यूनाइटेड को विजई बनाया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

**दूसरा मैच:–** रीयल फुटबाल क्लब जयपुर ओर जेरठी फुटबाल क्लब सीकर के बीच खेला गया मैच जेरठी फुटबाल क्लब ने 1/0 से जीत लिया। फ़रस खान ने 54 मिनट में गोल किया।

**तीसरा मैच :–** ए एस एल फुटबॉल क्लब और सिटी वाल्स फुटबाल क्लब के बीच खेला पहले हॉफ में ए एस एल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 3/0 से बढ़त बनाई दूसरे हॉफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई इस प्रकार ए एस एल फुटबाल क्लब ने मैच 3/1 से मैच जीत लिया । ए एस एल के द्वारा किए गए गोल आकाश ने पहले 14 मिनट में दूसरा गोल यशराज ने ने 16 मिनट तथा युवराज ने 33 मिनट गोल किया और एकमात्र गोल सिटी वाल्स की तरफ से सुमित घोष ने 77 मिनट पर किया।

**चौथा मैच :–** जयपुर राइजिंग फुटबाल क्लब जयपुर ओर जिंक फुटबाल अकादमी के बीच खेला गया जिंक फुटबाल अकादमी ने मैच 6/0 से जीत लिया। पहला गोल सुभाष ने 5 मिनट में दूसरा राजदीप ने 34 मिनट में तीसरा गोल करण बेनीवाल 35 मिनट चौथा गोल भी करण ने 45 मिनट पांचवां गोल आशीष सरकार ने दो गोल 47 मिनट व 77 मिनट पर किए। आगामी फुटबाल लीग के मैच 3 मई को में खेले जाएंगे।

## दौसा जिला क्रिकेट संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

जयपुर/दौसा, 30अप्रैल। जिला क्रिकेट संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा और विशिष्ट अतिथि दौसा कोतवाल सुधीर उपाध्याय रहे ।जिला क्रिकेट संघ सचिव ब्रजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि 12 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर जो कि जिला क्रिकेट संघ द्वारा चल रहा है इसका समापन किया गया ।सचिव द्वारा माननीय अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और शिविर में करीब 125 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण लिया इसके अलावा शिविर में खिलाड़ियों को फिटनेस, रनिंग ,योगा का प्रशिक्षण दिया गया जिससे कि जिले की प्रतिभाओं को आगे होने वाले आरसीए के टूर्नामेंट में दोसा जिले के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सके ।सचिव ने बताया कि राजस्थान के सभी जिलों में आरसीए के टूर्नामेंट में जब उनकी टीम जाती है तो सभी जिले बाहर के खिलाड़ियों को खिलाते हैं लेकिन दोसा जिले से केवल दौसा जिले के खिलाड़ियों को खेलने का अवसर दिया जाता है ।उसके अलावा उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन में रहने का महत्व बताया मुख्य अतिथि सीईओ रवि शर्मा जी ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए और अपने खेल को सुधारने के लिए खिलाड़ियों से चर्चा की।

## आईपीएल के रोबोटिक स्वान 'चंपक' को लेकर बच्चों की पत्रिका ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। बच्चों की पत्रिका चंपक के प्रकाशक दिल्ली प्रेस पत्र प्रकाशन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दौरान पेश किए गए रोबोटिक स्वान का नाम 'चंपक' रखने को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में ट्रेडमार्क उल्लंघन का मुकदमा दायर किया है। आईपीएल की प्रचार गतिविधियों के तहत पेश किए गए एआई संचालित रोबोट स्वान को प्रशंसकों की वोटिंग के बाद 23 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर चंपक नाम दिया गया, जिसको लेकर बच्चों की पत्रिका 'चंपक' के प्रकाशक ने आपत्ति जताई और दावा किया कि यह नाम उसके पंजीकृत और व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त ट्रेडमार्क का उल्लंघन है। बुधवार को मामले की सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने बीसीसीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई को निर्धारित की। न्यायालय ने हालांकि नाम के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए एकपक्षीय अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। वादी की ओर से पेश अधिवक्ता अमित गुप्ता ने दलील दी कि चंपक पत्रिका, जो अपनी पशु–आधारित कहानियों और पात्रों के लिए जानी जाती है, सभी पीढ़ियों के बच्चों के बीच एक घरेलू नाम रही है।


कार्यालय अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद धौलपुर

SEWDSC. DHOLPUR@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक : पीएमकेएसवाई-2.0/निविदा/2025-26/250-53 दिनांक : 23.4.25

(For publication in News paper)
NOTICE INVITING BID
NIB No. YEAR 2025-26

Bids for NRM Works (ECD, Talab, renovation, MPT, PT, Sunken Poud, Recharge shaft, Bank Stablization etc. under PMKSY 2.0 Project Area in Block Basecri of Distt. Dholpur of estimated value INR 151.30 Lacs are invited from interested bidders up to 6.00 PM. 03-05-25 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.
UBN WSC2526WSOB00113, NIB WSC2526A0062

( लाखन सिंह मीना )
अधीक्षण अभियंता, एवं पदेन परियोजना प्रबंधक, वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर जिला परिषद धौलपुर

DIPR/C/5770/2025

कार्यालय नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह जिला टोंक

क्रमांक : न.पा.ला / 2025–26 / 25 दिनांक : 22.04.2025

ई–निविदा सूचना संख्या (01/2025–26)
(NIB NUMBER - DLB2526A0789)

एतद्द्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।
निविदा के कुल कार्य –02
UBN NO. – 1. DLB2526SLRC03081, DLB2526SLRC03082

राज.संवाद / सी / 25 / 1547 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगर परिषद बारां

E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां (राज0) Phone : 07453-230106

क्रमांक :– न.प.बा. / स्वास्थ्य शाखा / 2025 / 613–14 दिनांक :– 25.04.2025

निविदा सूचना संख्या : 05/2025–26

नगर परिषद बारां द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु इस कार्यालय के लिए सफाई कार्य हेतु किराये पर जे.सी.बी. मय डीजल ड्राईवर उपलब्ध करवाने के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। संवेदक निविदा से सम्बन्धित नियम / शर्ते वेब पार्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देख सकते है। निविदायें http://eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। कार्य की लागत 20 लाख रूपये है। तथा ULB NO. DLB2526GL0B02932 है।

आयुक्त
राज.संवाद / सी / 25 / 1500 नगर परिषद बारां

कार्यालय नगर पालिका अकलेरा जिला झालावाड़ (राज.)

क्रमांक : न.पा.अ. / 2025 / 109–112 दिनांक:–21.04.2025

–:: ई–निविदा सूचना ::–

नगर पालिका अकलेरा मे वित्तिय वर्ष 2025–26 में विभिन्न कार्य करवाये जाने हेतु निविदा सुचना कमांक:–न.पा.अ. / 2025 / 88 दिनांक 17.04.2025 से 4 कार्यो की 61.00 लाख रुपयें की निविदा दिनांक 21.04.2025 को समय 11:00 बजें से 01.05.2025 को समय रात्रि 12:00 बजें तक आमंत्रित की गई है इच्छुक सवेंदको द्वारा वर्णित बिड़ में भाग लिया जा सकता है। उक्त निविदा सूचना से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं विवरण वेबसाईट http//sppp.rajasthan.gov.in & http//eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
NIB Code- DLB2526A0748 UBN NO.- DLB2526WSRC02981, DLB2526SLRC02982, DLB2526SLRC02983, DLB2526SSRC02984

राज.संवाद / सी / 25 / 1540 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगर निगम, पाली (राज.)
(लालबहादुर शास्त्री टाऊन हॉल, सुरजपोल के पास, पाली, पिनकोड – 306401)
(टेली–फैक्स : 02932–221301, ई–मेल : cmcpali@yahoo.co.in,वेब–साईट: www.mcpali.com)

क्रमांक प. 12( ) / विकास / 2025–2026 / 02 दिनांक 21.04.2025

ई–निविदा सूचना संख्या 02/2025–2026

नगर निगम, पाली की ओर से स्वायत्त शासन विभाग / नगर निगम, पाली से पंजीकृत या अन्य विभागो में "ए" अथवा "एए" श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको से 15 कार्यो की (अनुमानित लागत रू 192.62 लाख) ऑनलाईन निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। संवेदक दिनांक 22.04.2025 को प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 06.05.2025 को सांय 6.00 बजे तक आर्नलाईन निविदाऐ जमा करा सकते है। निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण वेबसाई http://spp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in से तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। उक्त 15 कार्यो के यूबीएन संख्या निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| DLB2526GSOB02426 | DLB2526WSOB02412 | DLB2526WSOB02413 |
| DLB2526WSOB02414 | DLB2526WSOB02415 | DLB2526WSOB02416 |
| DLB2526WSOB02417 | DLB2526WSOB02418 | DLB2526WSRC02419 |
| DLB2526WSRC02420 | DLB2526WSRC02421 | DLB2526WSRC02422 |
| DLB2526WSRC02423 | DLB2526WSRC02424 | DLB2526WSRC02425 |

आयुक्त
राज.संवाद / सी / 24 / 1506 नगर निगम, पाली

कार्यालय अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड–मण्डरायल

क्रमांक 51 दिनांक 17.04.25

निविदा सूचना संख्या–01/2025–26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों / फर्मों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के एए ए बी सी डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। अल्पकालीन निविदाओं से संबंधित विवरण बेवसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्रसं. | कार्य का नाम | UBN No. | NIB No. |
|---|---|---|---|
| 1. | Detail survey and consultancy work for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Construction of Karanpur Ghati Road with safety walls in Karanpur Ghati on SH-123 Km. 65/500 to 68/500 with SBC Tests by Bore on site, Design and Drawing of safety walls and CC Road and Preparation of Tender documents | PWD2526W SOB00563 | PWD2526 AO180 |

DIPR/C/5523/2025 अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. खंड मण्डरायल

कार्यालय नगरपालिका टोडारायसिंह जिला टोंक (राज.)
E-Mail – nptodaraisingh@gmail.com Ph. – 01433-294303

क्रमांक : न.पा.टो. / विकास / ई निविदा / 2025–26 / 149 दिनांक :– 25.04.2025

ई–निविदा सूचना संख्या (01/2025–26)

एतद्द्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| NIB NO | DLB2526A0782 |
| UBIN NO | DLB2526WSOB03067 |
| निविदा के कुल कार्य | 01 (एक) |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि रू. 24.43 (लाखों में) |
| निविदा जारी करने की दिनांक | 25.04.2025 |
| निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | 30.04.2025 9:00 AM |
| निविदा दस्तावेजों को अपलोड करने हेतु अन्तिम दिनांक व समय | 13.05.2025 12:00 PM |
| निविदा शुल्क के डी.डी. / दस्तावेज जमा करवाने हेतु दिनांक व समय | 14.05.2025 11:00 AM |
| तकनिकी बिड खोलने की दिनांक व समय | 14.05.2025 2:00 PM |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated Latter to the technically Qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | 180 दिन |

अध्यक्ष नगरपालिका टोडारायसिंह — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका टोडारायसिंह
राज.संवाद / सी / 25 / 1534

कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला–कोटा (राज0)

क्रमांक : न.पा.रा. / 2025 / 192 दिनांक 25.04.2025

ई–निविदा सूचना 01/2025–26

नगरपालिका रामगंजमंडी द्वारा कार्यो हेतु पालिका में पंजीकृत एवं विभागों में AA,A,B, Class एवं उपयुक्त श्रेणी संवेदको से लिफाफा पद्धति / ई–निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 26.04.2025 से 12.05.2025 एवं अपलोड करने की दिनांक 26.04.2025 से 12.05.2025 सांय 6 बजे तक। ई.एम.डी. / निविदा शुल्क / प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि : 13.05.2025 समय प्रातः 11.00 बजे तक। तकनीकी बिड खोलने कि दिनांक 13.05.2025 को दोप. 2.00 बजे बाद रहेगी। वित्तीय बिड तकनीकी परीक्षण उपरांत खोली जावेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http//sppp.raj.nic.in, http//eproc.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

| S.N. | NIB | UBN |
|---|---|---|
| 1 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02940 |
| 2 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02941 |
| 3 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02943 |
| 4 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02945 |
| 5 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02947 |
| 6 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02948 |
| 7 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02950 |
| 8 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02952 |
| 9 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02954 |
| 10 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02957 |
| 11 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02959 |
| 12 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02960 |
| 13 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02962 |
| 14 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02964 |
| 15 | DLB-2526A0732 | DLB2526WSOB02965 |

राज.संवाद / सी / 25 / 1490 अधिशाषी अधिकारी

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
एकल/द्विपुत्री योग्यता पुरस्कार योजना–2024 आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना

पात्रता-बोर्ड द्वारा परीक्षा-2024 की ऐसी समस्त प्रतिभाशाली बालिकाएं जिन्होंने राज्य स्तर और जिला स्तर पर निर्धारित Cut off अंक या अधिक अंक प्राप्त किये हैं और जो अपने परिवार की एक मात्र संन्तान है या परिवार में दो सन्तानें हैं और दोनों ही पुत्रियाँ है या तीन पुत्रियाँ है जिनमें से एक पुत्री के बाद दो जुड़वां पुत्रियां हैं, पुरस्कार हेतु आवेदन की पात्र हैं। बोर्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथिः 30.05.2025

| बोर्ड परीक्षा | राज्य स्तर पर कट ऑफ अंक | पुरस्कार राशि रूपये (राज्य स्तर) | पुरस्कार राशि रूपये (जिला स्तर) | जिला स्तर पर कट ऑफ अंक |
|---|---|---|---|---|
| माध्यमिक परीक्षा-2024 | 584 | 31,000/- | 11,000/- | बोर्ड की वैवसाईट पर जिलेवार कट ऑफ अंक उपलब्ध हैं। |
| माध्यमिक - (व्यावसायिक) परीक्षा-2024 | 585 | 31,000/- | 11,000/- | |
| प्रवेशिका परीक्षा-2024 | 545 | 31,000/- | 11,000/- | |
| उच्च माध्यमिक परीक्षा -2024 | विज्ञान-491 वाणिज्य-484 कला-487 | 51,000/- | 11,000/- | |
| उच्च माध्यमिक (व्यावसायिक) परीक्षा- 2024 | विज्ञान-479 वाणिज्य-472 कला-484 | 51,000/- | 11,000/- | |
| वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा - 2024 | 472 | 51,000/- | 11,000/- | |

प्रक्रिया-आवेदन-पत्र का प्रारूप, शपथ-पत्र का प्रारूप एवं आवश्यक निर्देश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की वेबसाईट www. rajeduboard.rajasthan. gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। भुगतान-पुरस्कार राशि का भुगतान छात्राओं के स्वयं के बैंक खातों में ऑनलाईन बैंकिंग के द्वारा किया जायेगा।
आवेदन-पत्र भेजने का पता-निदेशक (शैक्षिक) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर 305001

सचिव

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड बाडी

NIB NO. : 12-14/2025-26 Date : 19.04.2025

निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लु.एफ.एण्ड.ए.आर. पार्ट–II अपेण्डिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागु एवं समय–समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रो (आज तक ) के अनुरूप विभाग में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको/सप्लायर्स एवं निविदा प्रपत्र में बांछित योग्यता रखतें हो, से इस कार्यालय की निविदा सं.12–14 के लिये मौहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा संख्या 12–14/2025–16 के निविदा प्रपत्र http//www.eproc.rajasthan.gov.in/ दिनांक 01.05.2025 को 06.00 पी.एम. तक डाउनलोड किए जा रि दिनांक 01.05.2025 को 06.00 पी.एम. तक ऑनलाइन जमा किए जाकर दिनांक 02.05.2025 को 12.00 पी.एम. पर टैक्नीकल बिड (तकनीकी बोली) जावेगी।

| NIT No. | Name of work | Estimated Cost (Rs in Lacs) | Earnest Money in Rs. 2% | Earnest Money in Rs. 0.05% | MD RISL (in Rs) | Tender Fee (in Rs) | Period for comp pletion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NIT 12/25-26 | Providing laying, Jointing & Testing of Rising DI Pipe line in Village Naksauda at Vishangiri Temple under Sub Division Bari of PHED Division Bari | 9.61 | 19228 | 4807 | 500 | 500.00 | 30 DAYS |
| NIT 13/25-26 | Providing laying, Jointing & Testing of Rising DI Pipe line in Mohalla Nakatpura in Nagarpalika Sarmathura and Village Dhanera under Sub Division Baserl of PHED Division Barl | 29.04 | 58076 | 14519 | 500 | 1000.00 | 30 DAYS |
| NIT 14/25-26 | Providing laying, Jointing & Testing of Rising HDPE Pipe line and construction PSP in Villages Pali, Karilpura, Mohari under Sub Division Baseri of PHED Division Bari | 22.56 | 45125 | 11281 | 500 | 1000.00 | 30 DAYS |
| NIB No.: | PHE2526AO587 | | | | | | |
| UBN: | PHE2526WSOB01399, PHE2526WSOB01400, PHE2526WSOB01401 | | | | | | |

Note: 1. If Holiday is declared on submission and/or opening date of tender the scheduled activity will take place on next working day/If Procuring entity is not present on the submission and opening date of tender the scheduled activity will take place on day on which procuriing entity(HOO) is present.

नोट :- निविदा से संबंधित नियम एवं शर्ते, आदि कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

(Deshraj Sing Gurjar)
Executive Engineer, PHED Division Bari

DIPR/C/5584/2025

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और एडीबी कंट्री डायरेक्टर मियो ओका की मुलाकात

## 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने में एडीबी महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को एशियन डवलपमैंट बैंक की कंट्री डायरेक्टर मियो ओका से मुलाकात की। उन्होंने एडीबी के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल के साथ प्रदेश के सड़क तंत्र के उन्नयन, बुनियादी ढांचे के विकास सहित, विभिन्न विषयों एवं संभावित निवेश पर चर्चा की।*

जयपुर, 30 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रदेश को वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने में एशियन डवलपमैंट बैंक (एडीबी) महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी, निर्वाह करेगा। उन्होंने शहरी विकास और सड़क निर्माण के अलावा, अन्य क्षेत्रों में भी एडीबी के साथ साझेदारी बढ़ाए जाने पर बल देते हुए कहा कि 2047 तक विकसित राजस्थान बनाने के लिए एडीबी का सहयोग महत्वपूर्ण रहेगा।

■ **सड़क तंत्र, बुनियादी ढांचे के विकास सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।**

मुख्यमंत्री ने बुधवार को एडीबी के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल के साथ प्रदेश के सड़क तंत्र के उन्नयन, बुनियादी ढांचे के विकास सहित, विभिन्न विषयों एवं संभावित निवेश पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकास की हमारी साझा प्राथमिकताओं में एडीबी का हमेशा से ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि एडीबी और राजस्थान द्वारा साथ मिलकर कार्य करने से रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ रोजगार के अवसरों को गति मिलेगी।

शर्मा ने कहा कि वर्तमान में राज्य के शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए आरयूआईडीपी परियोजना एवं सड़क क्षेत्र के उन्नयन के लिए राजस्थान हाईवे इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के माध्यम से एडीबी सहयोग कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल एवं सिंचाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एडीबी से इस दिशा में सहयोग की पेशकश की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) के अंतर्गत, शहरी क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के राज्य सरकार के संकल्प में भी एडीबी साझेदार रहेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए राजमार्ग विकास परियोजनाओं में भी एडीबी की भागीदारी रहेगी।

बैठक में कंट्री डायरेक्टर ओका ने देश में ग्रीन बजट लाने की राजस्थान की अभिनव पहल की प्रशंसा करते हुए, जैव विविधता, ग्रीन फाइनेंस, ग्रीन-ऑडिट, क्लीन टेक्नोलोजी के क्षेत्रों में एडीबी के सहयोग का प्रस्ताव किया। साथ ही, रोजगार, कौशल विकास, सूक्ष्म-सिंचाई, वानिकी व पर्यावरण जैसे नवीन क्षेत्रों के वित्त-पोषण हेतु एडीबी अधिकारियों ने रूचि दिखाई।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भारतीय आकाश में नहीं उड़ेंगे पाक विमान

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। भारत ने बुधवार देर रात पाकिस्तान के लिए अपना एयरबेस बंद कर दिया। यानी पाकिस्तान की किसी भी तरह की फ्लाइट 23 मई तक भारतीय एयरस्पेस में नहीं उड़ सकेंगी।

भारत ने पाकिस्तान के लिए "नोटिस टु एयरमैन" जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अगर कोई फ्लाइट इंडियन जोन में आती है, तो उस पर एक्शन लिया जाएगा। पाकिस्तान ने 23 अप्रैल को भारत के लिए अपना एयरस्पेस बंद करने का फैसला लिया था।

यह फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी की हाई लेवल मीटिंग के बाद आया। यह मीटिंग एक घंटे चली।

■ **भारत ने पाकिस्तान के विमानों के लिए 23 मई तक एयरस्पेस बंद करने की घोषणा की।**

हालांकि यह नहीं बताया गया कि एयरस्पेस बंद करने का फैसला इसी बैठक में लिया गया। एयरस्पेस बंद करने से पाकिस्तान की इकॉनोमी पर बड़ा असर पड़ेगा। पाकिस्तान को थाईलैंड, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका आदि देशों में अपने विमान भेजने के लिए काफी लंबा रूट लेना होगा। इससे वहां की हवाई यात्रा महंगी होगी।

## राष्ट्रीय सुरक्षा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए प्र.मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।

# हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत ने 288 साल की परम्परा तोड़ी, रामलला के दर्शन किए

## हनुमानगढ़ी की परम्परा है कि गद्दीनशीन महंत हनुमानगढ़ी की सीमा ( 52 बीघा) से कभी बाहर नहीं जाते हैं

अयोध्या, 30 अप्रैल। सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी मंदिर के गद्दीनशीन महंत 288 साल की परंपरा को तोड़कर अक्षय तृतीया के दिन शाही जुलूस के साथ रामलला के दर्शन के लिए निकले। सुबह 7.30 बजे घोड़ा, हाथी और बैंड बाजे के साथ हनुमानगढ़ी के निशान के साथ गद्दीनशीन सरयू घाट पहुंचे। स्नान के उपरान्त, सरयू नदी में दुग्धाभिषेक किया और 11 मीटर की चुनरी चढ़ाई। इसके बाद वहां से शोभा यात्रा राम पथ के रास्ते राम मंदिर परिसर पहुंची, जहां राम मंदिर में दर्शन-पूजन के साथ गद्दीनशीन प्रेमदास ने रामलला को छप्पन भोग का प्रसाद भी अर्पित किया।

■ **अक्षय तृतीया पर गद्दीनशीन महंत प्रेमदास शोभायात्रा के साथ रामलला के मंदिर आए और रामलला को छप्पन भोग अर्पित किया।**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन का पद बहुत महत्वपूर्ण और प्रमुख होता है। गद्दीनशीन अपने जीवन काल में कभी भी हनुमानगढ़ी के सीमा 52 बीघा के बाहर नहीं निकल सकता। हनुमान जी के प्रतिनिधि के तौर पर गद्दीनशीन को माना जाता है। हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन प्रेमदास जी की इच्छा के अनुसार पंचायत के निर्णय के बाद 288 सालों के इतिहास में पहला मौका था, जब हनुमानगढ़ी का कोई गद्दीनशीन रामलला का दर्शन करने के लिए गए। इस दौरान अयोध्या के साधु संतों में खासा उत्साह दिखा। 51 जगह पर पुष्प वर्षा के साथ शाही जुलूस का स्वागत किया गया। प्रेमदास ने रामलला के दर्शन की इच्छा जताई थी। कहा था- मेरे सपने में हनुमान जी आए थे। उन्होंने रामलला के दर्शन करने का आदेश दिया था। इसके बाद उन्होंने अखाड़े के सभी सदस्यों की 21 अप्रैल को बैठक बुलाई।

इस बैठक में परंपरा बदलने के फैसले पर मुहर लगी। तय हुआ, प्रेमदास रामलला के दर्शन करने जाएंगे। संत प्रेमदास 2016 में हनुमानगढ़ी के 22वें गद्दीनशीन महंत बने थे।

## हाई कोर्ट ने तलाकशुदा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

याचिकाकर्ता की मां की भी मौत हो गई। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता का अपने पति से तलाक हो गया था और कोर्ट से नवंबर,1979 में तलाक की डिक्री जारी होने के बाद से वह अपने माता-पिता के साथ ही रहती आ रही थी। मां के निधन के बाद याचिकाकर्ता ने साल 2019 में फैमिली पेंशन के लिए विभाग में प्रार्थना पत्र दिया, जिसे विभाग के अफसर एक दूसरे को भेजते रहे, लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। इस पर याचिकाकर्ता ने तलाकशुदा पुत्री वर्ग में फैमिली पेंशन लेने के लिए पुनः प्रार्थना पत्र दिया। याचिका में कहा गया कि बीते करीब चार साल से विभाग न तो उसके प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर रहा है और न उसे फैमिली पेंशन जारी कर रहा है। याचिका पर सुनवाई के दौरान, शिक्षा विभाग की ओर से मामले में अपना जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा गया।

इस पर अदालत ने याचिकाकर्ता को तलाकशुदा पुत्री वर्ग में फैमिली पेंशन जारी करने के आदेश दिए हैं।

## दुष्कर्म पीड़िता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नहीं रखना चाहती है। ऐसे में उसे 20 सप्ताह के भ्रूण का गर्भपात कराने की मंजूरी दी जाए। सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में एसएमएस अस्पताल की ओर से पीड़िता का परीक्षण कर मेडिकल रिपोर्ट अदालत में पेश की गई। जिसमें माना गया कि पीड़िता के 20 सप्ताह का गर्भ है। वहीं, यदि उसका गर्भपात किया गया तो उसका कोई प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि पीड़िता को खून की कमी है।

# गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुले

## इसी के साथ चार धाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है

उत्तरकाशी, 30 अप्रैल। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद अंतर्गत स्थित मां श्री गंगोत्री और श्री यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के मध्य, श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही, उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2025 का भी शुभारंभ हो गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। धामी यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। धार्मिक परंपराओं के अनुसार, बुधवार सुबह मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची, जहां विशेष पूजा-अभिषेक के साथ, पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गये। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची, जहां धार्मिक विधि- विधान के साथ पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने के अवसर पर देश, विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन किये तथा गंगा और यमुना में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। दोनों धामों के कपाटोद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने माँ गंगा एवं यमुना के मंदिरों में शीश नवाया और विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने दोनों धामों में पहुँची लोक देवताओं की डोलियों से भी आशीष प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है। उत्तराखंड के चारधाम देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं और इन धामों की यात्रा का सौभाग्य प्राप्त करने की आकांक्षा हर श्रद्धालु के मन में रहती है।

■ **उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर विशेष पूजा की, खासतौर पर पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से हुई।**

## अल्ट्रा साउण्ड ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आवेदन मांगे थे। इसमें प्रावधान किया गया कि पहले राउंड में प्रदेश की मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने वाले चिकित्सकों और सेवारत डॉक्टरों को शामिल किया जाएगा। वहीं, यदि बाद में सीटें खाली रही तो दूसरे और बाद के राउंड में प्रदेश के बाहर से एमबीबीएस करने वालों को मौका मिलेगा। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि नेशनल मेडिकल कमीशन देश में कहीं से भी एमबीबीएस करने वाले चिकित्सकों को योग्यता के आधार पर एक समान मानता है। ऐसे में कोर्स में प्रवेश के लिए प्रार्थी के साथ जगह के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। पीसीपीएनडीटी नियम, 2014 के तहत, नीट पीजी के अंकों के आधार पर इस कोर्स में प्रवेश देने का प्रावधान है। यह शर्त संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के सिद्धांत का उल्लंघन है। प्रार्थी ने गुजरात से एमबीबीएस किया है और वह नेशनल मेडिकल कमीशन से मान्य है। इसलिए उसे कोर्स की काउंसलिंग में शामिल करें। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से मामले में जवाब पेश करने के लिए समय मांगा गया। इस पर अदालत ने याचिकाकर्ता को प्रथम राउंड की काउंसलिंग में शामिल करने को कहा है।

# सेना की मदद के लिए रेल्वे ने किए महत्वपूर्ण बदलाव

## रेल्वे ने कई गाड़ियों के रुट बदल दिए, ताकि, आपात स्थिति के लिए ट्रैक को खाली रखा जाए

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पर उत्पन्न परिस्थितियों में सशस्त्र बलों को रसद आपूर्ति के लिए लाइनें खाली रखने एवं पथ उपलब्ध कराने को लेकर रेलवे में तैयारियां जोरों पर हैं।

रेल भवन में मंगलवार शाम हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में रेलवे एवं सेना के उच्चाधिकारी शामिल हुए। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार सैन्य कार्रवाई की तैयारियों के बीच सेना ने रसद आपूर्ति, सैन्य साजो सामान एवं सैनिकों के द्रुत गति से परिवहन के लिए रेलवे से लाइनों को खाली रखने एवं मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे ने प्रमुख सैन्य छावनियों एवं रक्षा उत्पादन इकाइयों से सामरिक बिन्दुओं तक के मार्ग से केवल आवश्यक गाड़ियों को चलाने, अतिरिक्त या कम महत्वपूर्ण गाड़ियों का रास्ता बदलने का निर्णय लिया है। इसी तरह से अनेक ज़ोनों में कम लोकप्रिय गाड़ियों को रद्द किया गया है और उनके रैक को आपात स्थिति के लिए सुरक्षित किया जा रहा है।

■ **सेना ने पहलगाम हमले के बाद सीमा पर उत्पन्न हालात को देखते हुए सैनिकों की आवाजाही व रसद आपूर्ति के लिए रेल्वे ट्रैक खाली रखने का आग्रह किया था रेल्वे से।**

बताया गया है कि रेलवे के दोनों समर्पित मालवहन कॉरीडोर भी सैन्य परिवहन के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा कंटेनर परिवहन के काम आने वाले मालगाड़ी रैक भी टैंकों एवं बख्तरबंद वाहनों, तोपों एवं गोला बारूद के परिवहन के लिए उपयुक्त रैक एवं कंटेनरों को भी सेना के अधिकारियों के साथ मिल कर जुटाया जा रहा है।

यह भी पता चला है कि गुजरात, राजस्थान, पंजाब एवं जम्मू कश्मीर की सीमा के अलावा बंगलादेश से लगती पश्चिम बंगाल, असम सहित पूर्वोत्तर की लाइनों को भी सैन्य परिवहन के हिसाब से तैयार रखने के निर्देश दिये गये हैं।

# पाकिस्तान ने पांचवे दिन भी सीमा पर फायरिंग की

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल। पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवें दिन मंगलवार रात को भी जम्मू- कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

सेना के प्रवक्ता ने बुधवार सुबह बताया कि इसके अलावा पाकिस्तानी सेना की चौकियों से बारामुला और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा के पार से और परगवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से भी बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई।भारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और आनुपातिक रूप से इसका उचित जवाब दिया।

■ **सेना के प्रवक्ता ने बताया कि कश्मीर में एलओसी पर पाकिस्तान की फायरिंग का भरतीय सेना ने करारा जवाब दिया।**

## मंगलवार को संघ प्रमुख...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सबक मिले, जिसे वे कभी भूल नहीं सकें।

जातिगत जनगणना की घोषणा पर, राहुल ने कहा कि वे बहुत प्रसन्न हैं कि सरकार ने इसकी घोषणा कर दी। लेकिन अपनी इस जीत पर केवल खुश होने के बजाय, उन्होंने इस जनगणना के लिये आगामी रुपरेखा भी प्रस्तुत कर दी।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना के जातिगत सर्वे के अनुरुप, सर्वे की रुपरेखा तैयार करने में कांग्रेस सरकार की मदद करने के लिये तैयार है, जिससे लोगों से सही एवं सटीक प्रश्न पूछे जायें और उनके सही एवं सटीक उत्तर मिलें, जिससे सही डेटा सामने आये, जिससे लोगों की मदद की जा सके तथा सर्वे उनके लाभ के लिये काम कर सके।

उन्होंने कहा कि सरकार को 50 प्रतिशत आरक्षण के बैरियर को भी तोड़ ही देना चाहिये। यह सीमा ओबीसी, दलितों, आदिवासियों तथा अन्य की उन्नति में बाधा बन गई है।

राहुल ने यह भी कहा है कि सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिये कि अनुच्छेद 15 (5) लागू हो गया है या नहीं। यह कानून निजी शैक्षणिक संस्थाओं में आरक्षण का प्रावधान करता है। उन्होंने कहा कि संविधान में यह आधारभूत अधिकार दिया हुआ है, लेकिन यह लागू नहीं हुआ है।

राहुल ने अपना अगला एजेंडा आगे बढ़ा दिया है। उन्होंने सरकार को चेताया है कि उसे जातिगत जनगणना की समय सीमा की घोषणा कर देनी चाहिये। उन्होंने कहा कि यह सर्वे औपचारिक मात्र बन कर न रह जाये, बल्कि पूरी ईमानदारी से तथा सुविचारित तरीके से हो। उन्होंने कहा कि यह सर्वे तेलंगाना मॉडल के अनुरुप हो, बिहार मॉडल के अनुरुप नहीं।

राहुल गांधी ने, जातिगत घोषणा के बाद का, अपना अगला एजेंडा प्रस्तुत कर दिया है तथा यह दिलचस्पी पैदा करने वाला है।

राहुल ने कहा कि उनकी इस प्रश्न में कोई रुचि नहीं है कि यह निर्णय एकाएक क्यों और कैसे लिया गया, बल्कि वे इस बात से प्रसन्न है कि यह निर्णय ले लिया गया है।

## 'अगली जनगणना "जातिगत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मजबूत होगा, देश प्रगति करेगा।

कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने पूर्व चुनाव में जातिगत जनगणना को प्रमुख मुद्दा बनाया था। राहुल गांधी ने आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने का वादा किया था।

जनगणना की कवायद अप्रैल 2020 में शुरु होनी थी, पर कोविड के कारण शुरु नहीं हो पाई थी।

वैष्णव ने कहा, वर्ष 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जातिगत जनगणना पर मंत्रिमंडल में विचार किया जाएगा। इसके लिए मंत्रियों के एक समूह का गठन भी हुआ था क्योंकि कई दलों ने जातिगत जनगणना करवाने की मांग की थी। लेकिन कांग्रेस सरकार ने सिर्फ एक सर्वेक्षण कराया, जातिगत जनगणना नहीं करवाई। उक्त सर्वे को एसईसीसी के नाम से जाना जाता है।

मंत्री ने कहा, स्पष्ट है कि कांग्रेस और उसका इंडिया गठबंधन, जातिगत जनगणना के मुद्दे को राजनैतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

वैष्णव ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना एक केन्द्रीय विषय है (संघ सूची में प्रविष्टि 69 के तहत) और केन्द्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है।

कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण किए हैं, कुछ ने यह कार्य अच्छे ढंग से किया जबकि कुछ ने केवल राजनीतिक मकसद से इसे अपारदर्शी तरीके से किया जिससे समाज में संदेह पैदा हुआ।

उन्होंने कहा, "यह दिखाता है कि हमारी सरकार समाज और देश के हितों के लिए प्रतिबद्ध है, जैसे पहले हमने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया था बिना किसी अन्य वर्ग पर बोझ डाले।"

कांग्रेस और लालू यादव की राष्ट्रीय जनता दल ने केन्द्र के इस कदम का श्रेय खुद को दिया है। बिहार में चुनाव नज़दीक हैं और वहाँ की महागठबंधन सरकार ने सबसे पहले जाति सर्वे किया था, उनका मत है कि केन्द्र का यह निर्णय उनके दबाव में लिया गया है।

राजद प्रमुख लालू यादव ने कहा, "जो हम समाजवादियों ने 30 साल पहले सोचा- आरक्षण, जाति जनगणना, समानता, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता- बाकी लोग उसे दशकों बाद अपनाते हैं।"

उन्होंने कहा, "जाति जनगणना की मांग करने पर हमें "जातिवादी" कहने वालों को करारा जवाब मिला है। अभी बहुत कुछ बाकी है।"

## अमेरिका की जीडीपी 0.3 प्रतिशत...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आएगा और जब ऐसा होगा तो यह बहुत ऊँचाई तक जाएगा।

हालांकि, शेयर बाजार राष्ट्रपति की बातों से सहमत नहीं लग रहा। प्रमुख बाजार सूचकांकों में तेज गिरावट आई है। डाओ जोंस इण्डैक्स, जो व्यापक आर्थिक क्षेत्रों का मापदंड है, 400 अंक (या एक प्रतिशत) गिर गया।

अन्य दो प्रमुख सूचकांक, एसएंडपी 500 में 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई, और तकनीकी कंपनियों वाले नैसडैक में 2.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट शेयर बाजार की समग्र गिरावट को दर्शाती है। पिछली बार इतनी व्यापक गिरावट 2007 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान देखी गई थी।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था कई मायनों में भारत जैसी है। यहां भी घरेलू उपभोग व्यय (डॉमैस्टिक कंज़म्पशन एक्स्पैन्डिचर) अर्थव्यवस्था की गति तय करता है। जी.डी.पी. आंकड़े उपभोक्ता के विश्वास की स्थिति को दर्शाते हैं। इस वर्ष की पहली तिमाही में उपभोक्ता खर्च में केवल 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इसके पहले के तीन महीनों में यह 4 प्रतिशत थी। यह दर्शाता है कि उपभोक्ता विश्वास किस हद तक आहत हुआ है और डिस्पोज़ेबल इन्कम (खर्च करने योग्य आय) में किस हद तक मंदी देखी जा रही है।

दूसरी ओर, करन्ट अकाउन्ट डैफिसिट (चालू बजट घाटा) भी बढ़ रहा है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च में अमेरिकी माल में यू.एस. ट्रेड डैफिसिट 9.6 प्रतिशत बढ़कर 162 बिलियन डॉलर हो गया, जो फरवरी में 147.8 बिलियन डॉलर था।

यानी अमेरिका अभी भी अपने निर्यात से ज्यादा आयात कर रहा है- यह उस स्थिति के बिल्कुल विपरीत है जो ट्रंप अपने टैरिफ वॉर से हासिल करना चाहते थे। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि कंपनियों ने ट्रंप टैरिफ की आशंका में कई महीनों का माल पहले ही आयात कर लिया है।

एलन मस्क के मार्गदर्शन में ट्रंप प्रशासन की सरकारी खर्च में कटौती की नीति के कारण, सरकारी खर्च और सरकारी नौकरियों मे गिरावट आई है। इसका सीधा असर अमेरिकी उपभोक्ताओं के इस वर्ग की खपत पर पड़ रहा है।

इन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, डॉनल्ड ट्रंप आत्मविश्वास से भरे नज़र आ रहे हैं और सभी दोष पूर्ववर्ती प्रशासन और उनकी नीतियों पर डाल रहे हैं। फिर भी, ट्रंप ने अमेरिकी जी.डी.पी. में गिरावट पर चर्चा और मूल्यांकन के लिए कैबिनेट बैठक बुलाई है। जाहिर है कि शुरुआती रिपोर्टों से उभरते रुझानों को लेकर प्रशासन में चिंता व्याप्त है।

## पहलगाम की घटना ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के क्रियान्वयन के कारण पर्यटन अपनी योजनाएं बदल रहे हैं।

दूसरी ओर, उत्तराखंड जहाँ मसूरी, नैनीताल और ऋषिकेश जैसे प्रमुख हिल स्टेशन है, में बुकिंग तेज़ी से बढ़ी है। अप्रैल 2024 में जहाँ ऑक्युपेंसी 70 प्रतिशत थी, वहीं अप्रैल 2025 में यह बढ़कर 85 प्रतिशत हो गई, यानी 15 प्रतिशत की वृद्धि। खासतौर पर परिवारों और वरिष्ठ नागरिकों ने अब उत्तराखंड को अपनी यात्रा के लिए के रूप में चुना है, जो उन्हें अधिक सुरक्षित और शांतिपूर्ण लग रहा है।

हिमाचल प्रदेश में भी मध्यम स्तर की वृद्धि हुई है, अप्रैल 2024 में 75 प्रतिशत ऑक्युपेंसी थी, जो इस वर्ष 80 प्रतिशत हो गई है, यानी 5 प्रतिशत की वृद्धि। हालांकि, उत्तराखंड जितनी तेजी नहीं दिखी, लेकिन हिमाचल को भी कश्मीर के विकल्प के रूप में चुना जा रहा है।

2024 में दिल्ली, पंजाब और गुजरात के पर्यटकों की कश्मीर पहली पसंद था, लेकिन इस वर्ष रुझान बदला है, महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत से उत्तराखंड और हिमाचल की ओर बढ़ता रुझान देखने को मिल रहा है।

पर्यटन उद्योग के जानकारों का कहना है कि आने वाले 10-15 दिन यह तय करने में महत्वपूर्ण होंगे कि यह केवल अस्थायी प्रतिक्रिया है या एक बड़ा बदलाव है। इस बीच, हिमाचल और उत्तराखंड के राज्य पर्यटन विभागों ने इस प्रवृत्ति का लाभ उठाने के लिए डिजिटल प्रचार-प्रसार बढ़ा दिया है। "शांतिपूर्ण समर गेटवेज़" और "सुरक्षित पारिवारिक हिल हॉलिडे" जैसे नारों के साथ प्रचार कर रहे हैं।

# सिलचर से शिलांग के बीच 166 किलोमीटर लंबा गलियारा बनेगा

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में यह फैसला किया गया

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल। केन्द्र सरकार ने असम के सिलचर से मेघालय के शिलांग के बीच 22 हजार 864 करोड़ रूपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या छह के 166.80 किलोमीटर लंबे गलियारे के हिस्से के विकास , रख रखाव और प्रबंधन के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

इसे हाइब्रिड एन्युटी मोड पर एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जायेगा।

इस परियोजना के तहत मेघालय में 144.80 किलोमीटर और असम में 22 किलोमीटर हिस्सा आयेगा। प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर गुवाहाटी से सिलचर तक जाने वाले यातायात के लिए सेवा स्तर में सुधार करेगा। इस कॉरिडोर के विकास से मुख्य भूमि और गुवाहाटी से त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर और असम के बराक घाटी क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार होगा और यात्रा की दूरी और यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। यह गलियारा असम और मेघालय के बीच संपर्क में सुधार करेगा और मेघालय में उद्योगों के विकास सहित आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा, क्योंकि यह मेघालय के सीमेंट और कोयला उत्पादन क्षेत्रों से होकर गुजरता है। यह गलियारा गुवाहाटी हवाई अड्डे, शिलांग हवाई अड्डे, सिलचर हवाई अड्डे (मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग-06 के माध्यम से) से आने वाले राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को सेवा प्रदान करेगा, जो गुवाहाटी को सिलचर से जोड़ता है।

■ **इस कॉरिडोर के विकास से मेन लैण्ड और गुवाहाटी से त्रिपुरा, मिज़ोरम, मणिपुर और असम के घाटी क्षेत्र से कनैक्टिविटी बढ़ेगी।**

यह पूर्वोत्तर में पर्यटकों के आकर्षण के सुंदर स्थानों को जोड़ेगा और पर्यटन को बढ़ावा देगा। यह महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना गुवाहाटी, शिलांग और सिलचर के बीच अंतर-शहर संपर्क में सुधार करेगी, जो री भोई, पूर्वी खासी पहाड़ियों, पश्चिम जैंतिया पहाड़ियों, मेघालय में पूर्वी जैंतिया पहाड़ियों और असम में कछार जिले से होकर गुजरती है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908